

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 बढ़ियां खेला लड़कों ने, सचिन तेंदुलकर ने भारतीय खिलाड़ियों की तारीफ की

नूंह जिले के 115 गांवों को मॉडल गांव बनाने की योजना.. 12



वर्ष : 13 | अंक : 84 | पटना, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com


# भारत-घाना ने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया: मोदी

प्रातः किरण

अक्कारा/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अक्कारा में राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा से बातचीत के बाद कहा कि भारत और घाना ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि भारत घाना के राष्ट्र निर्माण की यात्रा में सिर्फ भागीदार ही नहीं बल्कि सह-यात्री भी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद अक्कारा में जुबली हाउस में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि तीन दशकों के अंतराल के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री घाना का दौरा कर रहा है और यह उनके लिए बेहद गर्व की बात है कि उन्हें घाना आने का यह अवसर दिया गया है। उन्होंने राष्ट्रपति महामा को दिसंबर 2024 के आम चुनावों में जीत के लिए बधाई दी, जो दूसरे कार्यकाल के लिए चुने गए हैं। उन्होंने कहा कि यह जीत घाना के लोगों के उनके नेतृत्व और विजन में गहरे भरोसे को दर्शाती है। श्री मोदी ने कहा, राष्ट्रपति महामा और मैंने अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है। घाना के राष्ट्र निर्माण की यात्रा में भारत न केवल भागीदार है, बल्कि सह-यात्री भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भव्य जुबली हाउस, विदेश सेवा संस्थान, कोमेंडा शुगर फैक्ट्री, भारत-घाना कोफी अन्नान आईसीटी सेंटर और टेमा-पकाडन रेलवे लाइन द्विपक्षीय साझेदारी के प्रतीक हैं। द्विपक्षीय व्यापार तीन अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर



गया है। भारतीय कंपनियों ने लगभग 900 परियोजनाओं में लगभग दो अरब डॉलर का निवेश किया है। श्री मोदी ने कहा, आज, हमने अगले पांच वर्षों में अपने आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि फिनटेक के क्षेत्र में भारत घाना के साथ अपने यूपीआई डिजिटल भुगतान अनुभव को साझा करने के लिए तैयार है। इस बात पर जोर देते हुए कि विकास साझेदारी द्विपक्षीय संबंधों का एक आधारभूत स्तंभ है, उन्होंने आर्थिक पुनर्गठन की दिशा में राष्ट्रपति महामा के प्रयासों के लिए भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। भारत ने घाना के लिए आईटीईसी और आईसीसीआर छात्रवृत्ति को दोगुना करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, युवाओं के लिए व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, हम एक कौशल विकास केंद्र स्थापित करने के लिए काम करेंगे। हम राष्ट्रपति महामा के फीड घाना कृषि कार्यक्रम में सहयोग करके खुशी महसूस कर रहे हैं। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से, भारत-घाना के नागरिकों को सस्ती और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का प्रस्ताव करता है,श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने वैक्सीन उत्पादन में सहयोग पर भी चर्चा की। उन्होंने कि हम रक्षा और सुरक्षा में एकजुटता के माध्यम से सुरक्षा के मंत्र के साथ आगे बढ़ेंगे। सैन्य प्रशिक्षण, समुद्री सुरक्षा, रक्षा आपूर्ति और साइबर सुरक्षा में सहयोग को मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और खनन में सहयोग करेंगी। भारत और घाना पहले से ही अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन जैसे प्लेटफार्मों में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घाना के नवीकरणीय ऊर्जा प्रयासों, विशेष रूप से स्वच्छ रसोई गैस में समर्थन करने के लिए, हमने उन्हें वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

## पीएम को घाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से किया सम्मानित

अक्कारा/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घाना के सर्वोच्च सम्मान,द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति जॉन महामा ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। श्री मोदी ने बुधवार को इस सम्मान के लिए घाना के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया और इसे अत्यंत गर्व का विषय बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने घाना के राष्ट्रपति महामा से द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने रक्षा, सुरक्षा, कौशल विकास और कृषि जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ भारतीयों की ओर से पुरस्कार स्वीकार करते हुए इस सम्मान को भारत के युवाओं की आकांक्षाओं, इसकी सांस्कृतिक परंपराओं और विविधता तथा घाना और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित किया। श्री मोदी ने इस विशेष सम्मान के लिए घाना के लोगों और सरकार को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पुरस्कार दोनों देशों के बीच मित्रता को और गहरा करता है तथा द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की उन पर नई जिम्मेदारी डालता है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि घाना की उनकी ऐतिहासिक राजकीय यात्रा दोनों देशों के संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### समाज को संगठित रखने की आवश्यकता : सम्राट

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को कहा कि राज्य की मौजूदा सरकार हर समाज की समृद्धि और सहभागिता सुनिश्चित कर रही है। विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने राज्य में एक बार फिर एनडीए सरकार बनाने की अपील की।

राजधानी पटना के मंत्री एन्क्लेव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सम्राट अशोक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्राट चौधरी तथा संयोजक के रूप में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सुनील कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कैमूर जिले के भगवानपुर प्रखंड के निवासी प्रभु नारायण सिंह कुशवाहा ने दोनों मंत्रियों को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने सम्राट अशोक के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया और आज हमें भी समाज को संगठित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के समाज और देश के निर्माण में योगदान को जानना सभी के लिए जरूरी है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करना जरूरी है। उन्होंने राजद के जंगलराज और लूट के दौर को याद करते हुए कहा कि अब बिहार में सुशासन है और समाज को बिखराव से बचाकर मानव सेवा की ओर प्रेरित करना समय की मांग है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे सामाजिक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाएं और समाज को सशक्त बनाएं। यह सम्मान समारोह सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और राजनीतिक प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक बना, जिसमें कुशवाहा समाज की भागीदारी रही। आयोजन ने समाज को संगठित होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा दी।

### किसान आत्महत्या कर रहे, सरकार बेरुखी से देख रही: राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने किसानों की आत्महत्या के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा है। पिछले तीन माह में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या की है। सरकार की चुप्पी और बेरुखी पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि किसान हर दिन कर्ज में डूब रहा है पर, सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है।

राहुल गांधी ने ह्यएक्स पर पोस्ट कर कहा कि यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, 767 उजड़े घर हैं। सोचिए, सिर्फ तीन माह में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली। 767 घर उजड़ गए। ये परिवार अब कभी नहीं संभल पाएंगे। सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि वह बेरुखी से सब देख रही है। उन्होंने कहा कि किसान हर दिन कर्ज की गहराई में डूब रहे हैं। बीज और खाद महंगे हैं। डीजल महंगा है लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य की कोई गारंटी नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि जब किसान कर्ज माफी की मांग करते हैं तो उन्हें नजरअंदाज किया जाता है। सरकार उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं देती है।

## मुख्यमंत्री ने गंगा के बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा, दिए निर्देश

# बढ़ते जलस्तर को लेकर पूरी तरह अलर्ट रहें : नीतीश

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को सड़क मार्ग से पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री अटल पथ होते हुये जेपी गंगा पथ पहुंचे और गाय घाट तक गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के दीघा घाट, कृष्णा घाट एवं गांधी घाट पर रूककर गंगा नदी के आसपास के इलाकों को देखा। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गंगा नदी के किनारे वाले क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुये पूरी तरह अलर्ट रहें।



### नये 6 लेन पुल के निर्माण कार्य का लिया जायजा

मुख्यमंत्री ने दीघा घाट पर रूककर दीघा से सोनपुर तक जेपी सेतु के समानांतर बनाये जा रहे नये 6 लेन पुल के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने इस पुल के निर्माण कार्य के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुल के बन जाने से पटना से सारण प्रमंडल की तरफ जानेवाले लोगों को आसानी होगी। उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन को सुगम बनाने में यह पुल काफी उपयोगी होगा। साथ ही महात्मा गांधी सेतु और जेपी सेतु पर वाहनों का दबाव कम होगा।

### जेपी गंगा पथ के सौंदर्गीकरण कार्य का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के किनारे किये जा रहे पौधारोपण और सौंदर्गीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया और बेहतर ढंग से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।


### ये रहें मौजूद

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## बिहार में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जल संसाधन विभाग अलर्ट

# अलर्ट : अतिसंवेदनशील स्थलों पर तटबंध एम्बुलेंस की तैनाती

प्रातः किरण



पटना। बिहार में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जल संसाधन विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। विभाग का दावा है कि विभिन्न नदियों पर अवस्थित अतिसंवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर बाढ़ से पूर्व कटाव निरोधक कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं। बाढ़ अवधि के दौरान खतरनाक, अतिसंवेदनशील और संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों का भंडारण भी कर लिया गया है। राज्य के विभिन्न जिलों में चिन्हित किए गए अतिसंवेदनशील और संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी के इंतजाम किए गए हैं। बाढ़ से बचाव के लिए राज्य की विभिन्न नदियों में कटाव निरोधक कार्य पूरे हो चुके हैं। इनमें गंगा, कोसी, गंडक, बागमती, बूढ़ी गंडक, कमला बलान और महानंदा नदी बेसिन शामिल हैं। विभाग के मुताबिक, खतरनाक और अतिसंवेदनशील स्थलों पर तटबंध एम्बुलेंस की तैनाती की गई है, जिसमें एक ट्रैक्टर पर पोर्टेबल जेनरेटर, हैलोजन लाइट, ईसी बैग, नायलन क्रेट, खाली जिओ बैग एवं फिल्टर मटेरियल के साथ कम से कम दस मजदूरों को तैनात किया गया है। बाढ़ संभावित इलाके के 3,808 किलोमीटर तटबंध की निगरानी के लिए प्रत्येक एक किलोमीटर पर एक तटबंध श्रमिक की तैनाती की गई है। तटबंधों पर निगरानी एवं चौकसी के लिए पदाधिकारियों एवं श्रमिकों के अस्थायी आवासन, शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। बाढ़ के दौरान खतरनाक तटबंधों की सुरक्षा के लिए क्षेत्रीय अभियंताओं को परामर्श देने के लिए अनुभवी और सेवानिवृत्त अभियंताओं की अध्यक्षता में कुल 11 बाढ़ सुरक्षा बलों का भी गठन किया गया है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, पड़ोसी देश नेपाल में स्थित कोसी बराज एवं तटबंधों पर बाढ़ सुरक्षा के कार्य कराए जा चुके हैं। नेपाल के जल एवं मौसम विभाग से नेपाल-उत्तर बिहार के विभिन्न नदी बेसिन में होने वाले वास्तविक वषार्पात और वर्षा के पूवानुर्मान की सूचना प्राप्त की जा रही है। बिहार के जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी कहते हैं, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी का कोई और विकल्प नहीं है। ऐसा कोई भी तटबंध का हिस्सा नहीं छूटा है, जहां वरिष्ठ अधिकारी का निरीक्षण नहीं हुआ हो।

# बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी: केजरीवाल

प्रातः किरण/एजेंसी

गांधीनगर/नई दिल्ली/एजेंसी। बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी की एंट्री होने वाली है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इसका ऐलान किया है। केजरीवाल ने यह भी घोषणा की है कि राज्य में आम आदमी पार्टी बिना किसी गठबंधन के चुनाव लड़ेगी। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन से अलग होने का भी ऐलान किया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। बिहार में चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा, आम आदमी पार्टी इस बार बिहार में चुनाव लड़ रही है। इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, इंडिया अलायंस सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। अब हमारी तरफ से कोई गठबंधन नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर भी जवाब दिया और कहा, हमारा कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं है। अगर कांग्रेस के साथ हमारा गठबंधन होता तो वो लोग विसावदर (गुजरात की विधानसभा क्षेत्र) में क्यों चुनाव लड़े? वो विसावदर में हमें चुनाव हराने के लिए आए थे। बीजेपी ने विसावदर में कांग्रेस को हमें हराने के लिए भेजा था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में इस बार चुनाव जीतने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि हम गुजरात में चुनाव लड़ेंगे, चुनाव जीतेंगे और सरकार भी बनाएंगे। केजरीवाल ने कहा, गुजरात में बदलाव का भरोसा अब हर गुजराती के दिल की आवाज बन चुका है। अब गुजरात जुड़ेगा, अब गुजरात बदलेगा। आप संयोजक ने पंजाब में भी दोबारा चुनाव जीतकर सरकार बनाने का दावा किया है।

### भारत में पाकिस्तानी हस्तियों के एक्स अकाउंट पर फिर लगाया बैन

नई दिल्ली। भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान की कई नामी हस्तियों के सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्रवाई की है। भारत ने गुरुवार को सभी पाकिस्तानी एक्स हैंडल्स को फिर से ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा यूट्यूब चैनल्स पर भी प्रतिबंध जारी है। सूत्रों के अनुसार, यह कदम भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर उठाया गया है। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट्स और यूट्यूब चैनलों पर सख्ती बढ़ा दी थी। हालांकि, कुछ पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल्स और सोशल मीडिया अकाउंट्स को जुलाई की शुरूआत में कुछ समय के लिए अनब्लॉक किया गया था।

# बिहार कृषि विवि को मखाना में जैव-सक्रिय यौगिक की खोज के लिए मिला पेटेंट

प्रातः किरण

भागलपुर। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर को केंद्र सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा मखाना में एक नवीन जैव-सक्रिय यौगिक की पहचान के लिए पेटेंट प्रदान किया गया। माना जा रहा है कि यह खोज कृषि नवाचार और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मील का पत्थर है। यह बिहार के किसानों के लिए नए आर्थिक अवसरों के द्वार खोलेगी। जानकारी के अनुसार, यह शोध कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। यह सफलता अनुसंधान निदेशक डॉ. ए.के. सिंह के मार्गदर्शन में विकसित मजबूत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र के कारण संभव हो पाई। इस शोध कार्य का नेतृत्व पादप जैव प्रौद्योगिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. वी. शाजिदा बानो, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रीतम गांगुली और उद्यान विभाग के डॉ. अनिल कुमार ने किया।

यह शोध कार्य बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की एनएबीएल प्रमाणित प्रयोगशाला में किया गया। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का कहना है कि यह यौगिक एंटीमाइक्रोबियल और कैंसर रोधी गतिविधियों के लिए संभावित रूप से उपयोगी है। इसकी क्रिया विधि में हाइड्रोजन और हैलोजन बॉन्ड बनाना शामिल है, जो विभिन्न जैव-रासायनिक मार्गों को प्रभावित कर सकता है।

इस पेटेंट से जुड़े अनुसंधान का लाभ बिहार के उन किसानों को विशेष रूप से मिलेगा जो मिथिलांचल और सीमांचल क्षेत्रों में मखाना की खेती करते हैं। इससे मखाना की व्यावसायिक कीमत में वृद्धि होगी और इसके कच्चे और प्रसंस्कृत उत्पादों के लिए प्रीमियम बाजार बनेंगे तथा एग्रीप्रेन्योरशिप और स्टार्टअप्स को पोषण-आधारित उत्पादों के क्षेत्र में प्रोत्साहन मिलेगा। बिहार के जीआई-टैग प्राप्त मखाना की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान और सुदृढ़ होगी।

## इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम और मिसाइलों समेत स्वदेशी खरीद योजना को मंजूरी

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा मंत्रालय ने की एक लाख करोड़ की डील

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा अधिग्रहण के लिहाज से सबसे बड़ा फैसला करते हुए रक्षा मंत्रालय ने करीब 1.05 लाख करोड़ रुपये के सैन्य साजो-सामान, उपकरणों से लेकर हथियार की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई रक्षा खरीद परिषद ने तीनों सेनाओं के लिए रक्षा उपकरणों की खरीद के अलग-अलग कई प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। इसमें मिसाइलें, इलेक्ट्रॉनिक वॉर फेयर सिस्टम, बख्तरबंद वाहनों समेत अन्य रक्षा उपकरणों की खरीद का प्रस्ताव शामिल है। खास बात यह है कि इन रक्षा सौदों की खरीद स्वदेशी आपूर्ति स्त्रोतों से की जाएगी जिसका फायदा



देश के उभरते रक्षा उद्योग क्षेत्र को भी होगा। रक्षा खरीद सौदों को डीएसी से मंजूरी मिलने के बाद आपूर्ति की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू होती है और इसके बाद केंद्रीय कैबिनेट इस पर अंतिम मुहर लगाएगी। डीएसी की बैठक में हुए फैसले पर रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा कि स्वदेशी सोर्सिंग के माध्यम से लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये की राशि के 10 पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई है। इसमें सेनाओं के लिए बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद के लिए एओएन प्रदान किए हैं। मालूम हो कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ हुई सैन्य कार्रवाई के दौरान दुश्मन के जवाबी हमलों को नाकाम करने में स्वदेशी आकाश तथा रूस से हासिल एस-400 की मजबूत एयर डिफेंस प्रणाली ने जहां जबरदस्त भूमिका निभाई थी। वहीं सतह से हवा में और हवा से हवा में मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना के ठिकानों पर सटीक निशाना साधने में सबसे कारगर भूमिकाएं निभाई थी। रक्षा खरीद आपूर्ति के इन प्रस्तावों में मूर्ड माइंस, माइन काउंटर मेजर वेसल्स, सुपर रैपिड गन माउंट और सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल्स की खरीद के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है। इन खरीदों से नौसेना और मर्चेंट वेसल्स के लिए संभावित जोखिमों को कम करने में मदद मिलेगी। स्वदेशी डिजाइन और विकास को और बढ़ावा देने के लिए भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी के तहत ही इन खरीदों को मंजूरी मिली है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इन सैन्य खरीद के जरिए तीनों सेनाओं को अधिक गतिशीलता, प्रभावी एयर डिफेंस क्षमता, बेहतर सैन्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन सुनिश्चित की जा सकेगी। नए दौर की जंग की चुनौतियों में सेनाओं की गतिशीलता तथा ऑपरेशन तैयारियां बेहद अहम हो गई हैं। इसके मद्देनजर रक्षा खरीद आपूर्ति को पिछले कुछ समय से गति प्रदान की जा रही है और जाहिर तौर पर एक लाख करोड़ रूपए की लागत से की जाने वाली इन 10 पूंजीगत खरीद से सैन्य बलों की परिचालन तैयारियां बढ़ेंगी।

# भारत-फ्रांस ने इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और ड्रोन रोधी युद्धाभ्यास किया

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत और फ्रांस की सेनाओं ने एक बेहद महत्वपूर्ण युद्धाभ्यास शक्ति को अंजाम दिया है। खास बात यह है कि यह आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूरा किया गया। अभ्यास के दौरान भारत और फ्रांस की सेनाओं ने भविष्य के युद्धों को ध्यान में रखकर इस युद्धाभ्यास में इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली का समावेश किया। इसके अलावा, ड्रोन रोधी अभियानों जैसे विषयों पर संयुक्त प्रशिक्षण किया। यह पूरा अभ्यास फ्रांस में आयोजित किया गया। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं ने कॉम्बैट शूटिंग, अर्बन वॉरफेयर और अवरोध पार प्रशिक्षण भी किया। इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और ड्रोन रोधी क्षमता युद्धों का रुख निर्धारित करने में अहम भूमिका निभा सकती है। भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच आयोजित यह संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति का समापन हो गया। यह संयुक्त युद्धाभ्यास फ्रांस के कैंप लारजैक, ला कावालरी में आयोजित किया गया था। दोनों सेनाओं ने एक भव्य समारोह के साथ युद्धाभ्यास के समापन की घोषणा की। भारत का मानना है कि यह अभ्यास दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी तालमेल, विश्वास और सामरिक समन्वय को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा। इस अभ्यास में भारत की ओर से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के 90 सैनिकों का एक दल शामिल हुआ था। वहीं, फ्रांस की तरफ से 13वीं डेमी-ब्रिगेड डे लेजियन एत्रांजेरे के सैनिकों ने युद्धाभ्यास में हिस्सा लिया। भारतीय सेना के मुताबिक, फ्रांस में हुए इस सैन्य प्रशिक्षण का प्रमुख आकर्षण एक लगातार 96 घंटे चलने वाला फील्ड अभ्यास रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### सशस्त्र सीमा बल के महानिरीक्षक बने निशीत कुमार उज्जवल

पटना। निशीत कुमार उज्जवल भारतीय पुलिस सेवा ने दिनांक 03 जुलाई 2025 को सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, पटना में महानिरीक्षक के पद पर अपना कार्यभार संभाला कश्री निशीत कुमार उज्जवल 2001 बैच भारतीय पुलिस सेवा (मणिपुर कैडर) के अधिकारी हैं कसीमांत मुख्यालय कपूर्री ठाकुर सदन पटना के कार्यालय परिसर में उप-महानिरीक्षक एवं अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया, जहाँ उन्हें कार्यक्षेत्र में प्रचालन एवं प्रशासन सम्बंधित गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया।

### काफी मात्रा में जावा महुआ को किया विनिष्ट

मसौढ़ी !लहसुना थाने की पुलिस ने बदरोई गांव में पुलिस ने शराब माफियाओं के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के तहत की गयी कार्रवाई में दो हजार जावा महुआ विनष्ट किया गया।थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करती रहती है।इसी क्रम में बुधवार की देर रात्रि थानाध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में लागू पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने हेतु पुलिस टीम बनाकर छापेमारी की गई. बदरोई गांव के मोरहर नदी के समीप छापेमारी की गई।जिसमें शराब निर्माण करने वाले कई भट्ठियों को ध्वस्त किया गया।साथ ही साथ मौके पर करीब 2000 लीटर तैयार जावा महुआ को विनष्ट किया गया।

### वर्षों से फरार वारंटी गिरफ्तार

मसौढ़ी !लहसुना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर वर्षों से फरार चल रहे एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार एनबीडब्ल्यू वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के नियामतपुर गांव निवासी लालू पासवान के पुत्र लक्ष्मण पासवान के रूप में की गई. थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर वर्षों से फरार चल रहे दोनों वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

### शराबी पति को पत्नी ने भिजवाया जेल

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के कुम्हारटोली मुहल्ले में एक शराबी पति को पत्नी ने ही जेल भिजवा दिया।शराबी पति शराब की नशे में पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। तब पत्नी के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया।इस बाबत थाना अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि कुम्हारटोली मुहल्ले निवासी युगल किशोर सिंह के पुत्र राकेश कुमार सिंह को नशे की हालत में उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।उसकी पत्नी के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को मोबाइल के माध्यम से दी गई थी की उसका पति शराब की नशे में उसके साथ मारपीट कर रहा है।पत्नी के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस ने नशे की हालत में पत्नी के साथ मारपीट कर रहे आरोपी पति राकेश कुमार सिंह को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल दिया है।

### अज्ञात चोरों द्वारा टेंपू चोरी

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के नहवां मुसहरी से बुधवार की रात अज्ञात चोरों के द्वारा टेंपू चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है।घटना के संबंध में पीड़ित टेंपू चालक दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के शैलेन्द्र पासवान के पुत्र प्रमोद कुमार ने बताया कि मैं अपने फुफेर भाई थाना क्षेत्र के हांशडीह गांव निवासी रामानंद पासवान के पुत्र विमल कुमार का टेंपू बुधवार की रात्रि में नहवां मुसहरी में लगाया था।अज्ञात चोरों द्वारा मध्यरात्रि में टेंपू चोरी कर ली गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी टेंपू का पता कही नहीं चला तो अज्ञात लोगों के खिलाफ मसौढ़ी थाना में मुकदमा दर्ज कराया है।पीड़ित चालक के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वही आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है।

# जनप्रतिनिधि फाइलेरिया के अलावे अन्य जलजनित बीमारियों के उन्मूलन में निभाएंगे अहम भूमिका

## धनरुआ प्रखंड के बरनी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर रोगी हितधारक मंच का हुआ गठन

**● पीएसपी सदस्य आमजनों को बीमारियों के प्रति करेंगे जागरूक**

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। फाइलेरिया लाइलाज के साथ एक घातक बीमारी है। इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी अभियान की सफलता को लेकर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर रोगी हितधारक मंच सह पीएसपी का गठन किया जा रहा है। इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को धनरुआ प्रखंड के बरनी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर पीएसपी का गठन किया गया। बरनी में सामुदायिक हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) जूही सिंह के नेतृत्व और वार्ड पार्षद वीरेन कुमार व रेणु देवी की अध्यक्षता में पीएसपी का गठन किया गया।

**जन–जागरूकता से ही फाइलेरिया उन्मूलन अभियान होगा सफल**

इस मौके पर वार्ड पार्षद रेणु देवी व वीरेन कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि जन-जागरूकता से ही कोई भी अभियान को सफल बनाया जा सकता है। इसलिए फाइलेरिया बीमारी के उन्मूलन के लिए गुरुवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बरनी पर रोगी हितधारक मंच (पीएसपी) का गठन किया गया है। इससे जुड़े सभी सदस्य सजगता के साथ अपने-अपने कार्य क्षेत्रों के दौरान प्रचार-प्रसार कर फाइलेरिया बीमारी के अलावे संचारी और गैर संचारी बीमारियों के प्रति आमजनों को जागरूक करेंगे। तभी अपने गांव व पंचायत से फाइलेरिया बीमारी के साथ-साथ अन्य जल–जनित बीमारियों का उन्मूलन होगा। सीएचओ जूही सिंह ने कहा कि सभी पीएसपी सदस्य फाइलेरिया बीमारी के साथ-साथ मलेरिया,टीबी और कालाजार के प्रति आमजनों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में वार्ड सदस्यों के साथ–साथ अन्य पंचायत के जनप्रतिनिधियों की भूमिका काफी अहम होगी। वे स्थानीय स्तर पर जागरूकता फैलाने में आमजनों को मदद करेंगे। साथ ही फाइलेरिया मरीजों के अधिकारों तथा बचाव के उपायों के बारे में लोगों को बताएंगे।

**स्टेकहोल्डर प्लेटफॉर्म में सीएचओ व जनप्रतिनिधियों की भूमिका होगी अहम**

पटना जिले के धनरुआ प्रखंड के नगर परिषद स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बरनी पर गठित पीएसपी में सामुदायिक हेल्थ अधिकारी (सीएचओ) जूही सिंह के साथ–साथ वार्ड सदस्य व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका काफी अहम होगी। इस मुहिम को सफल बनाने में सीफार संस्था के द्वारा टेक्निकल सपोर्ट किया जा रहा है। इस मौके पर फाइलेरिया मरीज रिंकू देवी, उर्मिला देवी, उषा देवी, पार्वती देवी और पूनम देवी मौजूद थीं। इसके अलावे एएनएम धर्मशीला कुमारी, सुनीता कुमारी, आशा दीदी रिंकी देवी, कुमारी वीणा वर्मा, नीतू कुमारी, सरिता देवी, ज्ञांति देवी, प्रीतम कुमारी, आशा फैसिलिटेटर रेखा कुमारी और आंगनबाड़ी सेविका मंजूल रानी समेत कुल 24 लोग बैठक में मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री दिवस पर गौरैया संरक्षण जागरूकता तथा प्लास्टिक प्रदूषण पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




प्रात :किरण संवाददाता

पटना । हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वाधान में मेरिडियन इंटरनेशनल स्कूल, आर. के. पुरम में अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक फ्री बैग दिवस के अवसर पर गौरैया संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में एनवायरमेंट वॉरियर्स के निदेशक निशांत रंजन के द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण से पक्षियों खास कर गौरैया पर प्रभाव तथा दिग्विजय कुमार के द्वारा प्लास्टिक मुक्त हेतु वैकल्पिक माध्यमों पर चर्चा किया गया।।

मौके पर स्कूल के प्राचार्या ने बताया कि प्लास्टिक हमारे जीवन के लिए बहुत ही खतरनाक है, इसके लगातार उपयोग खास कर खाने पीना के वस्तुओं के रूप से छात्र भी बीमार होने लगते है।

इस अवसर पर प्लास्टिक प्रदूषणों के प्रभावों विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता तथा पर्यावरण जागरूकता गेम का आयोजन किया है तथा बच्चों को गौरैया संरक्षण जागरूकता डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाया गया। इस अवसर पर अंशुमान भारद्वाज, रजनीश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# असमाजिक तत्वों ने फैक्ट्री मालिक से मांगी रंगदारी, गोलीबारी का आरोप



प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। पचरुखिया थाने के चकसूरत गांव स्थित एक प्लाई फैक्ट्री के मालिक की ग्रामीणों के साथ झड़प हो गई। दोनों पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी हो गई। गोलीबारी का आरोप एक दूसरे पर लगा है। थानाध्यक्ष सदलबल घटनास्थल पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों के साथ भी बदसलूकी की। इसके बाद सदर डीएसपी-2 सत्यकाम भी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से मामले की पूरी जानकारी ली। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शख्स को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण उदय कुमार ने बताया कि बुधवार की रात मंदिर निर्माण के लिए गिट्टी गिराई गई थी। उसी समय फैक्ट्री से निकला एक वैन चालक की दो लड़कों से बहस और मारपीट हो गई। वैन चालक की सूचना पर फैक्ट्री से आए लोगों ने गोलीबारी करते हुए एक लड़के को बंधक बना लिया और फैक्ट्री में ले जाकर उसकी जमकर पिटाई की। बाद में पुलिस ने उसे छुड़ाया और उसे ही हिरासत में ले लिया। वहीं फैक्ट्री मालिक कृष्णदेव प्रसाद का आरोप था कि गांव के ही कुछ असामाजिक तत्त्व फैक्ट्री को निशाने पर लेते हैं। बुधवार की रात भी हमारे वैन चालक के साथ मारपीट करते हुए गोलीबारी की गई। साथ ही कहा गया कि जब तक तेरा मालिक पांच लाख रंगदारी नहीं देगा तब तक फैक्ट्री चलने नहीं दिया जाएगा। फैक्ट्री मालिक के अनुसार बुधवार से उसकी फैक्ट्री बंद है, कर्मचारी दहशत में हैं। इस संदर्भ में दोनों पक्षों की ओर से थाने में लिखित सूचना दी गई है। थानाध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद सिंह ने बताया कि चकसूरत निवासी राकेश कुमार को एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूरे मामले की बारीकी से छानबीन करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नगरपरिषद की सभापति एवं शहर के साहित्य कार को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए किया गया सम्मानित

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। वरिष्ठ नागरिक सेवा संघ एस डी ओ रोड के सक्रियसदस्य ओमप्रकाश साह एवं लीला देवी ,अन्दर किला के निवासी मरईरोड स्थित डी 3( दिल, दोस्त, दुनिया) रेस्टोरेंटमें अपनी शादी की 46 वीं सालगिरह सादे समारोह के साथ मनाई जिसमें सबोंसे आग्रह किया कि हमे आप सबका यथोचित प्यार,स्नेह,सहयोग एवं आशीर्वाद ही चाहिए, कोई गिफ्ट नही । दोनों ने एक दूसरे के गले में माला डाला और एक दूसरे को अंगुठी पहनाकर केक काट , सबको खिलाकर समारोह को रंगीन कर रौनकबढाया। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने बुलाबे पर पधारने के लिए आभार प्रकट किया ।उन्होने भावुक होते हुए कहा कि हम एक नई शुरू आत करना चाह रहा हूँ कि जन्म दिन और सालगिरह पर प्रत्येक वर्ष शहर और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के क्रम में सम्मानित करुं । इसकी शुरूआत आज यहां उपस्थित समाज और राष्ट्र के विकास। में उत्कृष्ट योगदान देने बाली मुख्य अतिथि के रुप में पधारी समाज सेवी,नगर परिषदकीशिक्षित, सभापति डॉ संगीता कुमारी तथा उनके पति श्री रामू सहनी दोनों को अंगवस्त्र एवं बूके देकर सम्मानित किया और उनके परिश्रम एवं संघर्ष शीलता की प्रसंशा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। दूसरे विशिष्ठ अतिथि बैशाली जिले के हिन्दी- बज्जिका के वरिष्ठ कवि,साहित्यकार रवीन्द्र कुमार रतन को मातृ भाषा बज्जिका के लिए संघर्ष शील सक्रियता एवं सामाजिक राजनीतिक गतिविधियों तथा स्वातंत्र -वीर अभिवंदन ग्रंथ का सम्पादन करने के लिए अंग वस्त्र एवं बूके से सम्मानित कर उनके भी सुन्दर स्वास्थ्य, सुखी जीवन की कामना करते हुए बधाई दी। सभापति डॉ संगीता कुमारी एवं रवीन्द्र कुमार रतन ने शादी की 46 वीं सालगिरह पर बधाई और आशीर्वाद देते हुए 50 वीं स्वर्णिम सालगिरह धूमधाम से .मनाने काशुभ कामना प्रकट किया ।दोनो की जोड़ी सतत बनी रहे । समारोह में मुख्य रुप से पूर्वआयकर अधिकारी कामेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद अनामिका पूजा के पति सुधीर कुमार, केनारा बैंक के पूर्व प्रबन्धक सुरेश प्रसाद सिंहा ,अधिवक्ता सुरेश चन्द्र वर्मा ,अर्चना कुमारी ,वंदना कुमारी, पप्पू कुमार, पंकज कुमार, राजेश्वर कुमार, सुशीला देवी ,आदित्य सोनी अथर्व राज , अभ्यास कुमार, क्रियास वर्मा , विनोद पासवान ,शीला देवी आदि ने भी दोनो के सुखद दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाए दी। महिला कल्याण समिति की सरोज वाला सहाय ने लीला देवी से गले मिलकर सदा सौभाग्यवती बने रहने का आशीर्वाद तथा शुभकामनाए दी। अंत में ओमप्रकाश एवं लीला देवी ने आए अतिथिओं के प्रति आभार प्रकट किया तथा समारोह का प्रसाद ग्रहण करने के बाद ही कोई प्रस्थान करे ।

# कृषि फीडर निर्माण को लेकर पालीगंज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित



प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज। शुक्रवार व शनिवार की दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक दो घण्टे के लिए न्यू कृषि फीडर निर्माण को लेकर पालीगंज व खिरिमोड पावर ग्रिड से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए खिरिमोड पावर ग्रिड में कार्यरत बिजली बिभाग के कनीय अभियंता रोहित कुमार ने बताया की 11 केवी बनौली, 11केवी महाबलीपुर, एवं 11केवी दरियापुर फीडर से शुक्रवार व धनिवार की दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। बन्द रहने का मुख्य कारण न्यू 11 केवी कृषि फीडर जो कि रामलखन कॉलेज से लेकर बिजली ऑफिस पालीगंज के बीच न्यू तार केबल लगाया जाएगा। इसके लिए उन सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि पानी का भंडारण एवं जरूरी कामो का निपटारा उचित समयानुसार कर लेंगे। असुविधा के लिए खेद है। बन्द के दौरान पालीगंज नगर पंचायत, मिल्की,स्टेट बैंक रोड पालीगंज, ,दरियापुर, निरखपुर, रानीपुर कुरकुरी पंचायत, मसौदा जलपुरा पंचायत, सारसी पिपरदाहा पंचायत, कल्याणपुर पैपुरा पंचायत, महाबलीपुर, व भेड़हरिया सियारामपुर पंचायत के सभी गांव प्रभावित रहेगी। वही कनीय अभियंता रोहित कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं को सही समय पर बिजली उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। किसानों को हित का ध्यान रखते हुए कार्य तेजी से कराई जा रही है ताकि समय पर खेतो में लगाई जा रही खरीफ फसलों की सिंचाई की जा सके।

# उर्दू साहित्य में बहुमूल्य सेवाओं के लिए गवर्नमेंट उर्दू लाइब्रेरी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से किया सम्मानित

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। उर्दू साहित्य/इतिहास में उनकी बहुमूल्य और विशिष्ट सेवाओं के सम्मान में मौलाना अबुल कलाम कासमी शम्सी, शमीम कासमी, इजाज रसूल और शकील सहसरामी को कविता और साहित्य में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए और मुफ्ती सना-उल-हुदा को उर्दू साहित्य में उनकी बहुमूल्य सेवाओं के लिए गवर्नमेंट उर्दू लाइब्रेरी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस बीच, उर्दू में निष्पक्ष पत्रकारिता सेवाओं के लिए इमरान सगीर और उर्दू पत्रकारिता में विशिष्ट सेवाओं के लिए मुहम्मद शाहिद इकबाल, उर्दू शायरी और साहित्य में विशिष्ट सेवाओं के लिए निकहत आरा, आराधना प्रसाद, उर्दू शायरी और साहित्य और भाषा, और उर्दू आलोचना, शोध और साहित्य में विशिष्ट सेवाओं के लिए शमा कौसर शमा को सम्मानित किया गया।

डॉ. इशरत सुबोही को शमा और उर्दू आलोचना, शोध और शिक्षण में उनकी बहुमूल्य सेवाओं के लिए आमिर सुबहानी और अन्य मेहमानों द्वारा सरकारी उर्दू लाइब्रेरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुफ्ती सना-उल-हुदा कासमी व्यक्तिगत कारणों से आज पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके, जबकि शायर शकील सहसरामी की खराब सेहत के कारण उनके बेटे मुहम्मद फैसल ने पुरस्कार ग्रहण किया। आज बिहार राज्य विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष आमिर सुबहानी की अध्यक्षता में राजकीय उर्दू लाइब्रेरी के नए भवन के सेमिनार हॉल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उपरोक्त सभी परस्कार विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, नकद पुरस्कार, और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। 7

इस अवसर पर अरशद फिरोज ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि गवर्नमेंट उर्दू लाइब्रेरी ने पुरस्कारों की श्रृंखला शुरू की है ताकि उर्दू शायरी, साहित्य और पत्रकारिता में उत्कृष्ट सेवाएं देने वालों को प्रोत्साहित किया जा सके ।मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य सुन्नी वक्फ के चेयरमैन अल्हाज मुहम्मद इरशादुल्लाह ने कहा कि अरशद फिरोज ने सरकारी उर्दू लाइब्रेरी में नई जान फूंक दी है। इससे पहले मैं दो पुरस्कार समारोह में शामिल हो चुका हूं। सरकारी उर्दू लाइब्रेरी भवन का उद्घाटन बिहार के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया गया, जो उर्दू से उनकी दोस्ती का सबूत है ।इस अवसर पर प्रो ालीमुल्लाह हाली , अश्फाक रहमान ने भी सम्भोधित किया / शादमा हसन ने मंच सञ्चालन किया।

# स्वर्ण कारीगर आयोग का भी गठन होना चाहिए : अशोक

प्रात :किरण संवाददाता



आल इंडिया ज्वेलर्स एन्ड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के बिहार अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि जैसे सरकार इतना आयोग बना रही है तो स्वर्ण कारीगर आयोग का भी गठन होना चाहिए। स्वर्ण कला द्वापर युग से चला आ रहा है लेकिन मधुबनी पेंटिंग, काष्ठ कला, आदी को बढ़ावा दिया जा रहा है वैसे ही स्वर्ण कला को भी सरकार को बढ़ावा देना चाहिए। इसको बनाने वाले कारीगर बहुत ही दयनीय स्थिति में गुजर कर रहे है और उनकी शारीरिक स्थिति भी बहुत खराब है उस स्थिति में सरकार को आयोग बना कर उन्हें भी लाभ देना चाहिए। सरकार ने जितने भी आयोग बनाए उसमे स्वर्णकारो को कही जगह नहीं मिला, जितने भी स्वर्णकार नेता हुए है जितने के बाद उनलोगों ने भी अपने समाज का ख्याल नहीं रखा। ों के वर्मा जी ने कहा की आयोग में सुनारों को ही स्थान मिलना चाहिए ऐसा सरकार से अनुरोध किया है।

# अनुमंडलाधिकारी दिव्या शक्ति खगौल नगर परिषद कार्यालय के सभागार में पहुंचीं

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गतबृहस्पतिवार कोअनुमंडलाधिकारी दिव्या शक्ति खगौल नगर परिषद कार्यालय के सभागार में पहुंच सभी परिषदों से मतदाता पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समयानुसार पुरा कराने को लेकर जुटी अनुमंडलाधिकारी दिव्या शक्ति खगौल पहुंची। गुरूवार का खगौल नगर परिषद कार्यालय के सभागार में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर पार्षदों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पुरा कराने में सहयोग करने की अपील करते हुए इससे जुडी जानकारी दी। इसमें लगने वाले प्रमाण पत्रो के 11 आप्शन के बारे में भी जानकारी दी। उन दस्तावेज के बारे में बताया। साथ प्रपत्र के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसके लाभ के बारे में बताया। इस दौरान पार्षदो के सवाल का भी पुरा उतर दिया। उन्होने पार्षदो से बीएलओ को इस कार्य का पुरा करने मे सहयोग करने व लोगो को जागरूक करने की बात कही। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार, मुख्य पार्षद सुजीत कुमार, पार्षद सरिता शर्मा, प्रशांत कुमार सिंह, आरती कुमारी, महेन्द्र कुमार सिंह, अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, पिंटू कुमार, किरण देवी कुमार समेत पार्षदगण उपसस्थित थे। मुख्य पार्षद ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य को पुरा कराने में नगर परिषद जुटा है।

# 28 जुलाई को पठानकोट कैंट से दक्षिण भारत की पुण्ययात्रा पर रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। दक्षिण भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों की यात्रा की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए भारत गौरव ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है। यह विशेष रेलगाड़ी आगामी 28 जुलाई को दक्षिण भारत की दिव्य यात्रा पर रवाना हो रही है। 13 दिवसीय यह भव्य यात्रा पठानकोट कैंट स्टेशन से शुरू होगी और यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन जैसे दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराएगी। जो आध्यात्मिक अनुभव, सुविधा और किफायती दरों का अनूठा संगम होगी। इस ट्रेन की शुरूआत पठानकोट कैंट स्टेशन से होगी। इसके प्रमुख बोर्डिंग पॉइंट में जालंधर सिटी, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, आगरा कैंट और ग्वालियर शामिल हैं। कुल मिलाकर यह यात्रा 12 रात और 13 दिनों की होगी, जिसकी वापसी 9 अगस्त को तय की गई है। यात्रा के लिए तीन श्रेणियों में सीटें- स्लीपर क्लास (640 सीटें), 3अउ स्टैंडर्ड (70 सीटें), और 2अउ कम्फर्ट (50 सीटें) उपलब्ध हैं । वहीं किराया भी काफी किफायती रखा गया है। स्लीपर क्लास 30,135, 3 43,370 और 2 57,470 प्रति व्यक्ति (सभी दरें जीएसटी सहित)। इस पैकेज में ट्रेन टिकट के साथ-साथ दैनिक भोजन, आरामदायक आवास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए एसी/नॉन-एसी बस, टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा एवं प्राथमिक चिकित्सकीय सुविधा आदि शामिल हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाली इस यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालु न केवल दक्षिण भारत के प्रमुख मंदिरों के दर्शन कर पाएंगे, बल्कि यात्रा के दौरान भारतीय रेल की ओर से सुनिश्चित की गई सुविधाएं और व्यवस्थाएं उन्हें एक सहज और भावपूर्ण अनुभव भी प्रदान करेंगी।

# क्रेन के चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से जख्मी

दानापुर। थाना क्षेत्र के आरपीएस मोड़ के निकट अनियंत्रित क्रेन के चपेट में आकर एक गर्भवती महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। इस दौरान वहां से गुजर रही अग्निशमन की गाड़ी पर सवार कर्मियो की नजर पड़ी। ये देख कर्मियो ने उसे सगुना मोड़ स्थित हाईटेक अस्पताल मे पहुंचाया। महिला के दाहिना पैर पुरी तरह कुचला गया। घटना के बाद चालक मौके से क्रेन छोड फरार हो गया। सूचना पर पहुंची यातायात पुलिस छानबीन में जुटी गयी। क्रेन को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि नदौल के बलैठा निवासी सुजीत कुमार की पत्नी गर्भवती राजमनी देवी 24 अपने मैके सिंगोडी के कोदहरी से इलाज कराने आती थी। गुरूवार को नियमित जांच के आयी थी। इसी क्रम में आरपीएस मोड़ के निकट एक अनियंत्रित क्रेन ने उसे धक्का मारते हुए पैर पर चढा दिया। जिससे उसके पैर फट गया। वो बुरी तरह से जख्मी हो गई। ये देख चालक मौके से गाड़ी छोड़ फरार हो गया। जख्मी महिला का इलाज सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल मे किया जा रहा है। यातायात थानाध्यक्ष सुमन प्रसाद सिंह ने बताया कि जख्मी गर्भवती राजमनी देवी इलाज के लिए आयी थी। इसी दौरान आरपीएस मोड़ के पास दुर्घटना में वो जख्मी हो गयी। हालत गंभीर है। फिलहाल उन्हे इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

# इसलामपुर-हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के चिचाकी स्टेशन पर ठहराव

पटना/हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 18623/18624 इसलामपुर-हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के चिचाकी स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है । दिनांक 05.07.2025 से गाड़ी सं. 18624 हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस 00.05 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचेगी तथा 00.07 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह गाड़ी सं. 18623 इसलामपुर-हटिया एक्सप्रेस 02.32 बजे चिचाकी स्टेशन पहुंचेगी तथा 02.34 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

# छह जिलों में 70 करोड़ की लागत से पथों एवं नालों का होगा जीर्णोद्धार, 7 योजनाएं स्वीकृत: नितिन

## बोलें- पिछले 11 दिन में 195 करोड़ की 30 योजनाएं स्वीकृत

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन द्वारा गुरुवार को राज्य योजना मद से कुल 07 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को योजनाओं की प्रक्रिया को तत्परता से आरंभ करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

इस संबंध में पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि राज्य के नागरिकों को सुगम और सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने की दिशा में बिहार सरकार तत्परता से कार्य कर रहा है। शहर और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्र में पथों को चिंहित कर उनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस दौरान सिर्फ नये पथों का निर्माण ही नहीं बल्कि पथों के चौड़िकरण का कार्य, नाला निर्माण कार्य एवं क्षतिग्रस्त पथों की मरम्मती का कार्य भी शामिल किया गया है। आज 6 जिलों की कुल 7 योजनाओं को स्वीकृती दी गयी है। इन कार्यों को लगभग 70 करोड़ की की लागत से पूर्ण किया जाएगा। पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि सरकार सुगम यातायात उपलब्ध कराने के साथ-साथ जल निकासी की भी व्यवस्था कराने के प्रति सहज है।

बरसात के समय में इलाकों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न ना हो इस विषय को ध्यान में रखते हुए नाला निर्माण की योजनाओं को तैयार किया जा रहा है। पथ निर्माण विभाग जिलों जिलों की चयनित सड़कों को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है। पथ निर्माण मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इन 07 चयनित योजनाओं में मोतिहारी की 2 योजना, वैशाली की एक योजना, गोपालगंज की एक योजना, पूर्णिया की एक योजना, मधुबनी की एक योजना एवं मुजफ्फरपुर की एक योजना शामिल है। मंत्री ने कहा कि राज्य के अलग-अलग जिलों में सड़कों के जीर्णोद्धार के माध्यम से विकास की दिशा में प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में बिहार सरकार प्रदेशवासियों को आवागमन में कोई असुविधा ना हो इसके लिए पूरी तरह से संवेदनशील है।

## वोटर लिस्ट से नाम काटने की बात बेबूनियाद : मंत्री

पटना। पथ निर्माण मंत्री एवं भाजपा विधायक नितिन नवीन ने गुरुवार को अपने आवास पर बांकीपुर विधानसभा अंतर्गत अलग-अलग मंडलों के अध्यक्ष, प्रभारी, इंचार्जों एवं बूथ एजेंट के साथ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस संबंध में मंत्री ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना, अयोग्य नामों को हटाना और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना है, ताकि हर योग्य नागरिक अपने मताधिकार का सही उपयोग कर सके। वहीं, मंत्री ने कहा कि यह कितनी बड़ी विडंबना है कि जो लोग कभी बैलट पेपर लूटते थे, आज लोकतंत्र और जनता के वोट की दुहाई दे रहे हैं। मंत्री ने आगे कहा कि विपक्षी पार्टियों द्वारा यह आरोप लगाना कि गरीबों का वोटर लिस्ट से नाम काटा जा रहा है

# शराबबंदी कानून को समाप्त करने की बात कहकर पीके ने बापू का किया अपमान : मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शराबबंदी कानून को समाप्त करने की बात कहकर न केवल अपनी छात्र विरोधी मानसिकता का परिचय दिया, बल्कि बापू के विचारों का भी अपमान किया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की भगवान शिव से तुलना को लेकर उन्होंने कहा कि भगवान शिव निमोर्ही थे, उनमें मोह-माया का कोई भाव नहीं था, जबकि लालू प्रसाद यादव की पूरी राजनीति ही परिवारमोह की प्रतीक है। न उन्होंने पशुओं का चारा छोड़ा और न ही गरीबों की जमीन। मंत्री ने उक्त बातें जदयू प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कही।

### नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की नई सीढ़ियाँ चढ़ रहा है बिहार : शीला

इस अवसर पर परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए नीतीश सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव महिलाओं के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां चाहे जितना भी 2500 रुपये का जुमला उछाल लें, उसका जनता पर कोई असर नहीं होने वाला। साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार निरंतर विकास की नई सीढ़ियाँ चढ़ रहा है, नए-नए उद्योग-धंधे स्थापित हो रहे हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। इससे पहले प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## तेजस्वी के झूठे वादों की हो रही मूसलाधार बारिश : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार में मॉनसून की बारिश से ज्यादा तेजस्वी यादव के झूठे वादों की बारिश हो रही है। हर सभा- सम्मेलन में झूठ की फेहरिस्त थोड़ी लंबी हो जाती है। चुनाव आते-आते तेजस्वी के झूठे वादों के लिए कागज भी कम पड़ जाएगा। श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनाव के पहले 20 सूत्री प्लान जारी किया है, लेकिन यह 20 सूत्री प्लान नहीं, बल्कि तेजस्वी का 20 महा झूठ हैं। चुनाव के बाद इस 20 महा झूठ के साथ तेजस्वी भी विलुप्त हो जाएंगे। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव को बिहार की जनता अच्छी तरह सिखा देगी कि सिर्फ बड़े-बड़े वादे करने कोई व्यक्ति या दल चुनाव नहीं जीत सकता। श्री मिश्र ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए जनता के बीच भरोसा कायम करना होता है। जनता का भरोसा भाजपा और एनडीए के घटक दलों के साथ है। बिहार के लोग भ्रष्टाचार, परिवारवाद और झूठे वादों वाले तेजस्वी को कभी भी सत्ता के करीब आने नहीं देंगे। जंगल राज का आतंक अभी भी यहां के लोगों के जेहन में है। तेजस्वी के झूठे वादे बिहार की जनता का मन नहीं बदल सकते।

# पुनरीक्षण का विरोध कर अराजकता फैलाना है विपक्ष का मकसद: मंगल

- बिहार के लोगों को गुमराह कर रहा है विपक्ष, 2003 में 31 दिन में हुआ था पुनरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष, तेजस्वी यादव सहित पूरा विपक्ष गलतबयानी कर बिहार के मतदाताओं को गुमराह कर रहा है। लोगों के बीच अफवाह के जरिए अराजकता पैदा करना विपक्ष का मकसद है। नेता प्रतिपक्ष हाय-तौब्बा मचाये हुए हैं कि इतने कम दिनों में पुनरीक्षण का काम कैसे होगा? उनको यह जानकारी होनी चाहिए कि वर्ष 2003 में भी मात्र 31 दिनों में ही गहन मतदाता पुनरीक्षण का काम सम्पन्न हुआ था। श्री पांडेय ने कहा कि नेता विरोधी दल अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करके कहते हैं कि निर्वाचन आयोग ने आदेश दिया है कि सभी वर्तमान मतदाता सूची को रद्द करते हुए हर नागरिक को अपने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए नए सिरे से आवेदन देना होगा, भले ही उनका नाम पहले से ही सूची में क्यों न हो। यह सरासर बेबुनियाद और निराधार है। दरअसल विपक्ष अफवाह फैला कर चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना और मतदाताओं को डरना चाहता है। श्री पांडेय ने कहा कि हकीकत तो यह है कि 2003 के गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में जिस मतदाता के पिता के नाम दर्ज है, उसे इस पुनरीक्षण के दौरान कोई प्रमाण देने की जरूरत नहीं है। बिहार के कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं में 4.96 करोड़ ऐसे मतदाता हैं, जो पूरी पुनरीक्षण प्रक्रिया से अप्रभावित हैं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया 20 प्रतिशत मतदाताओं को वोट से वंचित रखने की साजिश : कांग्रेस

## चुनाव आयोग भाजपा की गुलामी क्यों कर रहा है?

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। चुनाव आयोग को सत्ताधारी भाजपा का मोहरा करार देते हुए कांग्रेस ने बिहार की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को 20 प्रतिशत मतदाताओं को वोट के अधिकार से वंचित रखने की साजिश बताया है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर बहुत बड़ा खतरा मंडरा रहा है। ये खतरा सिर्फ विपक्ष के लिए नहीं, बल्कि देश के हर मतदाता के लिए है। पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा महाराष्ट्र और हरियाणा में मतदाता सूची या मतदान के फुटेज की मांग की जाती है, तो चुनाव आयोग महीनों तक जवाब नहीं देता।

चुनाव आयोग ने आज तक महाराष्ट्र में पांच बजे के बाद अचानक मतदान प्रतिशत बढ़ने के सवालों का जवाब नहीं दिया। लेकिन वह दावा कर रहा है कि बिहार में सिर्फ एक महीने में आठ करोड़ लोगों की नई मतदाता सूची तैयार कर ली जाएगी, जो कि असंभव है। पवन खेड़ा ने चुनाव आयोग में नेताओं के जाने की संख्या सीमित करने के संबंधी आयोग के नवीनतम आदेश की तीखी आलोचना की। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के उस न्यू नॉर्मल वाले बयान की भी निंदा की, जिसमें उन्होंने कहा था कि आयोग तय करेगा कि उसे किस पार्टी के किन नेताओं से कब मिलना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव आयोग किसी पार्टी का बिचौलिया नहीं हो सकता। चुनाव आयोग भाजपा की गुलामी क्यों कर रहा है? वहीं बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को बिहार के मतदाताओं के साथ अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि बीएलओ के पास बड़ी संख्या में मतदाताओं की जिम्मेदारी है, लेकिन उन्हें आवश्यक संसाधन नहीं दिए गए हैं।

उन्होंने पूछा कि जब बिहार में चार लाख सरकारी पद खाली हैं, तो यह काम आखिर कौन करेगा? उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जिन लोगों ने पिछले साल लोकसभा चुनाव में वोट डाला था, उन्हें अब दोबारा मतदाता बनने के लिए प्रमाण क्यों देना होगा? उन्होंने आगे कहा कि बिहार की बाढ़ग्रस्त और गरीब जनता से ऐसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, जो या तो उनके पास कभी थे ही नहीं या फिर अब तक बर्बाद हो चुके हैं। इससे सबसे अधिक प्रभावित महिलाएं, दलित, पिछड़े, अति-पिछड़े होंगे।

उन्होंने सवाल उठाया कि आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेजों को क्यों स्वीकार नहीं किया जा रहा है? बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने नोटबंदी, जीएसटी, लॉकडाउन और अब विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत की जा रही वोट बंदी को तुगलकी फरमानों की श्रृंखला का हिस्सा बताया। उन्होंने चुनौती दी कि चुनाव आयोग दुनिया में कोई भी ऐसा उदाहरण पेश करे, जहां केवल एक महीने में आठ करोड़ लोगों को अपनी मतदाता पात्रता साबित करनी पड़ी हो।

## 5-6 जुलाई को पटना में फॉग्सी क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस

पटना। पटना ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा आगामी 5 और 6 जुलाई को होटल मौर्य, पटना में फॉग्सी क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण चिकित्सा संगोष्ठी मातृ स्वास्थ्य पर केंद्रित है।

इस बार का मुख्य विषय है – समय पर पहचान और त्वरित हस्तक्षेप से बचती है माँ की जान। इसी जानकारी आज कॉन्फ्रेंस की आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. विनीता सिंह और मीडिया की प्रभारी डॉ. रेनू रोहतगी ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस की शुरूआत 5 जुलाई को दोपहर 12:15 बजे होगी, जिसका उद्घाटन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा किया जाएगा। फॉग्सी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनीता तंदुलवाडकर इस अवसर की मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि होंगी। उन्होंने कहा कि पटना ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा हर वर्ष पटना में इस तरह का कॉन्फ्रेंस आयोजित किया जाता रहा है।

# विश्वामित्र सेना ने सनातन जागरण रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

## धर्म स्वाभिमान की पुनर्स्थापना का संकल्प बताया

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। विश्वामित्र सेना की ओर से गुरुवार को पटना से सनातन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ यात्रा राज्य के सभी जिलों में पहुंचेगी और धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का प्रचार करेगी। विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने हरी झंडी दिखाकर रथयात्रा की शुरूआत की। उन्होंने इसे बिहार के आध्यात्मिक स्वाभिमान के पुनर्जागरण का शंखनाद बताया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को आज अपने ही देश में सीमित और पुरातन बताकर उपेक्षित किया जा रहा है, जबकि यही हमारी आत्मा, पहचान और सभ्यता की नींव है। इस अवसर पर उन्होंने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बक्सर वही भूमि है जहां भगवान श्रीराम ने धर्म-अधर्म और युद्ध का पहला पाठ सीखा, ताड़का और मारीच जैसे राक्षसों का अंत किया और अहिल्या को मुक्ति दिलाई। उन्होंने बताया कि विश्वामित्र सेना ने प्रधानमंत्री को 10 सूत्री मांगपत्र सौंपा है, जिसमें बक्सर को बिहार की आध्यात्मिक राजधानी घोषित करने, पंचकोशी परिक्रमा के विकास और सनातन तीर्थों को संरक्षित करने की मांग की गई है। सीतामढ़ी को वैश्विक नारी आध्यात्मिक केंद्र, देव के सूर्य मंदिर को सूर्यधाम सर्किट, गया को अंतरराष्ट्रीय मोक्षधाम तीर्थ, सुल्तानगंज को कांवड़ सेवा केंद्र, कैमूर के मुंडेश्वरी धाम को राष्ट्रीय सांस्कृतिक स्मारक और वाल्मीकि नगर को आध्यात्मिक-पर्यावरणीय हेरिटेज के रूप में विकसित करने की मांग रखी गई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धार्मिक न्यास बोर्ड में केवल प्रशासनिक नियुक्तियां नहीं, बल्कि आचार्य, संत और विद्वान ब्राह्मणों को प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, जिससे सनातन धर्म के मूल स्वरूप को संरक्षित किया जा सके। वर्तमान में यह बोर्ड केवल औपचारिक संचालन तक सीमित है।

राजकुमार चौबे ने आगे कहा कि उनकी संस्था न कोई राजनीतिक संगठन है, न किसी दल की शाखा, बल्कि एक सनातन चेतना आधारित संगठन है। इसका उद्देश्य धर्म-संस्कृति का संरक्षण, सामाजिक अन्याय का प्रतिकार, गरीबों की सेवा और युवाओं को सनातन जीवनशैली से जोड़ना है। अब बिहार फिर से आर्यावर्त की राजधानी बनेगा और सनातन रथयात्रा उसका पहला चरण है।

## तस्वीर बदली है, तकदीर बदलेंगे : जदयू

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की तस्वीर को बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि साल 2002 में तत्कालीन कृषि मंत्री के तौर पर नीतीश कुमार जी की पहल पर दरभंगा में मखाना अनुसंधान केंद्र स्थापित हुआ। बिहार में राज्य सरकार के कामकाज पर सवाल उठाने वाले तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को विदेश जाने के लिए कोर्ट से अनुमति की जरुरत होती है लेकिन मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की कोशिशों के चलते अब बिहारी फूड मखाना को विदेशों में निर्यात करने के लिए किसी के अनुमति की जरुरत नहीं होगी। कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिहार के सुपर फूड मखाना को एचएस कोड प्रदान किया गया है जिससे ना केवल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसका निर्यात करने में आसानी होगी बल्कि इससे मखाना किसानों उचित मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार में जब तेजस्वी यादव मंत्री थे।

# बिहार को मिला अत्याधुनिक हार्ट कमांड सेंटर और 5जी एम्बुलेंस

## श्रम और पर्यटन मंत्री ने किया मेदांता के हार्ट इमरजेंसी सिस्टम का उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह एवं पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना में समर्पित हार्ट कमांड सेंटर और अत्याधुनिक 5जी एम्बुलेंस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संतोष कुमार सिंह ने कहा, बिहार के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है। हार्ट कमांड सेंटर और 5 जी एम्बुलेंस जैसी तकनीक-आधारित सुविधाएँ आम जनता के जीवन को सुरक्षित और आसान बनाएंगी।

श्री राजू कुमार सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा, स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक का समावेशन केवल इमरजेंसी सेवाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि बिहार को एक मेडिकल हब के रूप में विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। मेदांता की यह पहल निश्चित ही एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस दौरान डॉ. प्रमोद कुमार, निदेशक झ्र कार्डियोलॉजी विभाग, मेदांता पटना ने कहा, हार्ट कमांड सेंटर बिहार का पहला ऐसा समर्पित कार्डियक इमरजेंसी यूनिट है, जिसे विशेष रूप से गंभीर हृदय रोगियों के तत्काल इलाज हेतु विकसित किया गया है। डॉ. रवि शंकर सिंह, मेडिकल डायरेक्टर, जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना ने बताया कि 5 जी एम्बुलेंस की विशेषताओं की बात करें तो इसमें स्मार्ट मेडिकल उपकरण, तेज डेटा ट्रांसमिशन, वीडियो कॉल आधारित डॉक्टर इंटरफेस, और वाइटल्स की रीयल-टाइम ट्रैकिंग जैसी उन्नत सुविधाएँ हैं। मरीज की स्थिति की जानकारी अस्पताल पहुँचने से पहले ही कमांड सेंटर तक पहुँच जाती है, जिससे डॉक्टर उपचार के लिए पहले से तैयार रहते हैं। मेदांता द्वारा की गई यह पहल न केवल पटना बल्कि पूरे बिहार राज्य में एक नया मानक स्थापित करती है, जो कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक के सशक्त उपयोग का प्रमाण है।

## कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से मिले प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम



पटना। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने शिष्टाचार मुलाकात के बाद कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर बिहार के राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रगति और विकास पर भी चर्चा हुई। यह मुलाकात सार्थक रही और इस दौरान बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू भी साथ में रहें।

# सर्जन ही नहीं सर्जक भी थे डा जितेंद्र सहाय, गीत-ऋषिका थी डा शांति जैन

## अनेक अलक्षित साहित्यकारों को अंधेरों से निकाला था डा सुरेंद्र प्रसाद जमुआर ने

### जयंती पर साहित्य सम्मेलन ने श्रद्धापूर्वक तीनों विभूतियों को किया स्मरण, दी काव्यांजलि

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । अनेक अलक्षित साहित्यकारों को अंधेरों से निकाला था डा सुरेंद्र प्रसाद जमुआर ने। वे एक ऐसे विनम्र साधक थे, जिन्होंने कठोर श्रम कर बिहार के सैकड़ों भुला दिए गए साहित्यकारों को न केवल श्रद्धापूर्वक स्मरण किया बल्कि उनके महान कार्यों से संसार को अवगत भी कराया। अपने समय के लोकप्रिय चिकित्सक डा जितेंद्र सहाय,एक बड़े सर्जन ही नहीं बहुत बड़े सर्जक भी थे। और, विदुषी कवयित्री डा शांति जैन तो गीत की तपस्विनी ऋषिका थी। उनको सुनना एक अनुभूति थी। यह बातें गुरुवार की संध्या, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती समारोह एवं कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि आधुनिक हिन्दी के उन्नयन में बिहार के साहित्यकारों ने अन्यतम योगदान दिया है, किंतु साहित्य के इतिहास में बिहार के हिन्दी-सेवियों की चर्चा अत्यंत गौण है। जमुआर जी ने इस बड़े अभाव की पूर्ति में अपना अमूल्य योगदान दिया। सुप्रसिद्ध कवयित्री डा शांति जैन को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा कि गीति-साहित्य की तपस्विनी साधिका थीं शांति जी। उन्होंने अविवाहित रह कर एक ऋषिका की भाँति साहित्य देवता की जीवन भर पूजा करती रहीं। उनके इस बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उपभोक्ता संरक्षण आयोग, बिहार के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि डा सहाय समाज और संस्कृति के महान सेवक थे। डा सहाय की पुत्रवधू और पटना उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति सोनी श्रीवास्तव ने कहा कि उनके श्वसुर डा सहाय एक पिता की तरह थे । उन्होंने साहित्य की सेवा जिस प्रतिबद्धता से की, वह निष्ठा नयी पीढ़ी में नहीं दिखायी देती है। डा सहाय के ज्येष्ठ पुत्र और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की में प्राध्यापक प्रो उज्वल प्रकाश ने कहा कि उनके पिता चिकित्सा एवं साहित्य-सेवा में बहुत व्यस्त रहते थे। फिर भी हम सबके लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे। वे अंग्रेजी और हिन्दी,दोनों भाषाओं के विद्वान लेखक थे। उनके आलेख हिन्दी और अंग्रेजी समाचार पत्रों में प्रायः छपा करते थे। डा जमुआर के कवि-पुत्र और दूरदर्शन, बिहार के कार्यक्रम-प्रमुख रहे डा ओम प्रकाश जमुआर ने अपने पिता को स्मरण करते हुए कहा कि जो साहित्यकार अपनी सेवा देकर चले जाते हैं, उनकी कृतियों की समीक्षा की जानी चाहिए। उनके अवदानों को स्मरण किया जाना चाहिए। मेरे पिताजी ने अपने इसी कर्तव्य को पूरा किया। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा सहाय के पुत्र और अधिवक्ता अमित प्रकाश, डा शांति जैन की भ्रातृज मनोज जैन, डा रत्नेश्वर सिंह, डा मेहता नगेंद्र सिंह, विभारानी श्रीवास्तव, डा विद्या रानी चौधरी और वीणा अम्बष्ठ ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## जद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

पटना। राजद के निवर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार यानी आज पटना के होटल मौर्या में अपराह्न 2 बजे से होगी। बैठक का उद्घाटन और अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद जी करेंगे।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अलावा सभी प्रदेश ईकाइयों के अध्यक्ष शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में परसों 5 जूलाई को होने वाली राष्ट्रीय परिषद की बैठक और खुला अधिवेशन की कार्यसूची एवं पेश होने वाले विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए दूसरे राज्यों के अधिकांश प्रतिनिधि पटना पहुंच चुके हैं।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना सं०–
सीआरडब्ल्यु–एचआरटी–एम–युपीजीएलएचबी–एलएचबी–25–1

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **(1) कार्य का नाम एवं स्थान:** कैरिज रिपेयर वर्कशॉप / हरनौत में "पिंक बुक 320/24–25 के अंतर्गत एलएचबी एसी और नॉन–एसी कोचों में शौचालयों का उन्नयन" कार्य हेतु निविदा विज्ञापन के प्रकाशन के संबंध में **(2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रु. 148,12,85,024.80/– (रू. एक सौ अड़तालीस करोड़ बारह लाख पचासी हजार चौबीस एवं अस्सी पैसे मात्र)। **(3) निविदा प्रपत्र की राशि:** शून्य **(4) अग्रधन की राशि:** रु. 75,56,400/– (रू. पचहतर लाख छपन हजार चार सौ मात्र) **(5) निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 29.07.2025 को 11:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 11:15 बजे निविदा खोली जायेगी **(6) वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है:** निविदा सूचना, पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है. एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार–803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो किसी भी बदलाव का शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता**
**सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत**

पीआर/0519/सीआरडब्ल्यु–एचआरटी/एमईसीएच/टी/25–26/44

## संक्षिप्त खबरें

### मुहर्रम जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस जरूरी, डीजे पर प्रतिबंध

मुजफ्फरपुर । मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं इसे शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। इस अवसर पर जुलूस एवं झांकी निकालने के लिये लाइसेंस लेना होगा। सभी जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जायेगाजिले में निकलने वाली सभी तरह की झांकी,जुलूस अनुमंडल पदाधिकारी से लाइसेंस प्राप्त करके ही निकाला जाएगा न्यायालय के दिशा-निर्देश के अनुसार आवाज की तय की गई सीमा का उल्लंघन डी० जे० से होता है। अतः सभी प्रकार की झांकी/जुलूस में डी० जे० पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। यदि कही भी डीजे० का इस्तेमाल करते हुए पाया जाएगा तो उसे जप्त कर डी० जे० संचालक एवं झांकी,जुलूस समिति पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।तलवार, आग्नेयास्त्र, तीर-धनुष, लाठी-भाला, गंडासा या अन्य हथियार का सार्वजनिक प्रदर्शन गैरकानूनी है। अतः सभी प्रकार के हथियार प्रदर्शन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।कट्टरपंथी, असामाजिक, सांप्रदयिक एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस की सत्त निगरानी रखी जा रही है। किसी भी तरह की भड़काउ गतिविधि एवं जुलूस के दौरान धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली भाषण पर सख्त मनाही है। उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुहर्रम मनाने सम्बन्धी उपरोक्त दिशा निर्देश को लेकर एसएसपी कार्यालय से एक अपील जारी की गई है।

### बिजली के करंट लगने से युवक की हुई मौत

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर गांव में एक युवक की धर में पंखा लगाने के दौरान बिजली करेंट लगने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है।मृतक युवक की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर पंचायत के वार्ड 10 निवासी बबलू सहनी का 25 वर्षीय पुत्र उदय कुमार सहनी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि युवक अपने घर के पंखा के कनेक्शन को बोर्ड से निकालने के दौरान बिजली करेंट की चपेट में आ गया।जिससे उसकी मौत हो गई।परिजनो के चीत्कार से माहौल काफी गमगीन बना हुआ था।बताया गया है कि छह माह पूर्व ही युवक की शादी हुई थी।परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया। वहीं थाना अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि परिजन द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है।न पोस्टमार्टम कराने को तैयार हैं। बिजली करेंट लगने से मौत हुई है।

### रामनारायण ठाकुर बने भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य

बेनीपुर(दरभंगा)। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मझौड़ा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता रामनारायण ठाकुर को प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बनाकर पार्टी संगठन को मजबूत किया है। श्री ठाकुर ने प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिंन्हा को साधुवाद दिया है। कार्य समिति सदस्य बनने पर सुबोध कामत, बालाकांत मिश्र, प्रो सुरेश प्रसाद सिंह, गोपाल पासवान, रामगुलाम सहनी, रामफल मिश्र, ललित झा, संतोष चौधरी, शारदानंद झा, रमण कुमार झा, श्यामचंद साहू ने श्री ठाकुर और प्रदेश अध्यक्ष को साधुवाद दिया है।इससे पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगा। इससे पूर्व भी दो बार प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री ठाकुर रह चुके हैं।

### विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में एक भी मतदाता बंचित ना हो : बीडीओ

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर गुरुवार को बीडीओ अशोक कुमार जिज्ञासु एवं वरीय प्रभारी सोनल कुमार महतो के संयुक्त अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में आंगनबाड़ी सहायका, सेविका के सभी कर्मी को जागरूक किया गया। बीडीओ श्री जिज्ञासु ने बैठक में कर्मियों को बताया कि विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में एक भी मतदाता अपने मत के अधिकार से बंचित ना हो सके इसको लेकर अपने पोषक क्षेत्र में ईनॉर्मनेशन फॉर्म भरकर बीएलओ के पास हर हाल में जमा करें। साथ ही वरीय प्रभारी सह दरभंगा सदर एएसडीएम श्री महतो ने बताया कि ईनॉर्मनेशन फॉर्म के बारे में सभी मतदाताओं को भी जागरूक करें ताकि लोग खुद आगे आकर ईनॉर्मनेशन फॉर्म भरकर अपने बीएलओ के पास जमा कर सके। इस मौके पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# मुहर्रम श्रावणी मेला समेत आगामी पर्व त्योहार को ले विशेष चौकसी बरते सभी पुलिस पदाधिकारी : डीएसपी

## लंबित कांडो निष्पादन विधि व्यवस्था को ले क्राईम मीटिंग में पुलिस पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर गुरुवार को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यलय के कक्ष में डीएसपी राघव दयाल के द्वारा सर्किल इंस्पेक्टर समेत अनुमण्डल क्षेत्र के सभी थाना अध्यक्ष के साथ मासिक अपराध गोष्ठि सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान डीएसपी राघव दयाल ने बैठक में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि विधि व्यवस्था के मद्देनजर मुहर्रम पर्व और श्रावणी मेला शिवालयों मंदिरों समेत आगामी पर्व त्योहार को ले विशेष चौकसी बरते। मुहर्रम जुलुश को लेकर विभिन्न अखाड़ों के साथ बैठक और स्थल निरीक्षण कर विस्तृत जानकारी लेने और अखाड़ो को जारी गाईड लाईन दिशा निर्देश के जुलूस व ताजिया कार्यक्रम आयोजन को लेकर कमिटी को दिशा निर्देश देने। श्रावणी मेला के मद्देनजर कमला नदी घाटों पर जलाभिषेक को जल बोझने आये श्रद्धालुओं कांवरियों आम जनो की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता हैं। श्रावणी मेला आयोजन समिति और मंदिर कमिटी के साथ बैठक कर विस्तृत जानकारी लेते हुए सीसीटीवी लगाने समेत जारी गाईड लाईन को ले दिशा निर्देश देने। मंदिरों और शिवालयों आसपास के क्षेत्रों में भीड़ को ले पुलिस बलों की तैनाती करने क्षेत्र में अहले सुबह दिवा संध्या रात्रि विशेष सघन गस्ती और वाहन चेकिंग अभियान चलाने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विधिव्यस्था बनाये रखने और पर्व त्योहार को देखते हुए विशेष सतर्कता की जरूरत हैं अपराध नियंत्रण और शान्ति व्यवस्था कायम रखना हमारी पहली प्राथमिकता हैं। क्राइम कंट्रोल तथा शराब मादक पदार्थो के धंधेबाजों पर नकेल कसना निरंतर जारी रखने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी तरह की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लंबित कांडों की समीक्षा कर लम्बित कांडों का निष्पादन जल्द करने, केसों के संधारण, विभिन्न विभागीय कागजातों अभिलेखो की गहन जाँच की और समीक्षा करते हुये अभियान के तहत फरार वारंटियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया। सूचना तंत्र और टीम वर्क के तहत कार्यों का निष्पादन करें। आम जनों की सुरक्षा और क्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति बनाये रखने को ले चौकीदार को भी गस्त लगाने समेत अन्य निर्देश देने। हम सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियों के तहत कार्यों निर्वहन करें। जेल से छूटे हुए अपराधियों पर भी पैनी नजर और जानकारी रखें। बैंकों में चेकिंग और आसपास भी गस्त लगायें। बैंकों में बिना कार्यों के संदिग्ध लोग दिखने पर गहन पूछ ताछ और जाँच करें। सीमांचल क्षेत्र होने के कारण असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने, अपराध नियंत्रण को लेकर सम्भावित अपराध की सम्भावनाओं के बावत रात्रि गश्ती बढ़ाने एसएसबी के साथ जॉइंट पेट्रोलिंग करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को दिये। क्राईम सह समीक्षा बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर सजंय कुमार सिंह , जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार, लदनियां थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार, , बासोपट्टी थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार , देवधा थाना अध्यक्ष प्रीति भारती मौजूद थे।

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से कमजोर वर्ग के मताधिकार पर संकट : भाकपा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार राज्य परिषद के सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने प्रेस को जारी एक बयान में निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराए जाने के निर्णय पर गहरी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने विपक्षी दलों और नागरिक संगठनों के भारी विरोध के बाद इस कार्यक्रम में आंशिक संशोधन अवश्य किया है, किंतु यह संशोधन पूरी तरह नाकाफी है और जमीनी स्तर पर जनतांत्रिक अधिकारों के हनन की आशंका को दूर नहीं करता।अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि जब बिहार में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं, तब इतने कम समय में एक व्यापक और तथाकथित ‌ह्यगहन पुनरीक्षणह्ल कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें सामान्य मतदाता के लिए दस्तावेजों की अनावश्यक जटिलताएं खड़ी की जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आधार कार्ड या वैध मतदाता पहचान पत्र रखनेवाले नागरिकों से जन्मतिथि और जन्मस्थान संबंधी अलग से दस्तावेज मांगना न केवल अनावश्यक है बल्कि यह समाज के गरीब, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक तबकों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश प्रतीत होता है।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी यह मानती है कि मतदान का अधिकार संविधान प्रदत्त मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार है, और चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह हर नागरिक को सुलभ व निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची में सम्मिलित करे। यदि दस्तावेजों के नाम पर प्रक्रिया को जटिल बनाया जाएगा, तो समाज का एक बड़ा हिस्सा विशेषकर ग्रामीण, गरीब, मजदूर, महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाएगा, जिससे बिहार में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की वैधता ही संकट में पड़ जाएगी।अजय कुमार सिंह ने आयोग से अपील करते हुए कहा कि वह इस निर्णय पर पुनर्विचार करे तथा विशेष गहन पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया को या तो स्थगित करे अथवा इसे आगामी चुनाव के बाद, पर्याप्त समय और जनसहयोग के साथ संचालित करे। साथ ही यह भी आवश्यक है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या शुद्धिकरण के लिए केवल आधार या मतदाता पहचान पत्र को ही मान्य दस्तावेज माना जाए और इसके अतिरिक्त किसी अन्य दस्तावेज की मांग को तत्काल वापस लिया जाए।

# दलित विधवा के घर पर बुलडोजर चलवाना दलित विरोधी राजनीति : आफताब आलम



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।औराई विधानसभा के साहिला बल्ली गांव में दलित विधवा पुनीता पासवान के घर पर बुलडोजर चलवाकर भाजपा विधायक और एनडीए सरकार ने साबित कर दिया है कि यह सरकार गरीबों, मजदूरों और दलितों की नहीं, बल्कि जुल्म ढाने वालों की सरकार है।आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाकपा-माले राज्य कमिटी के सदस्य आफताब आलम ने इस घटना की तीखी निंदा करते हुए कहा है कि पुनीता पासवान, जो वर्षों से अपने बच्चों के साथ संघर्षपूर्ण जीवन जी रही हैं, उनके आशियाने को 8 महीनों की कानूनी लड़ाई के बावजूद भाजपा समर्थित प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। यह न सिर्फ अन्याय है, बल्कि इंसानियत के खिलाफ अपराध भी है।पुनीता पासवान के घर को बचाने के लिए भाकपा-माले बीते 8 महीनों से लगातार संघर्ष कर रही है, चाहे वह सड़क पर हो, प्रशासनिक स्तर पर या कानूनी मोर्चे पर। लेकिन सत्ता की मिलीभगत और भाजपा विधायक की दबंगई ने न्याय को कुचलने की कोशिश की है। उन्होंने पुनीता पासवान के टूटे हुए घर का अविलंब पुनर्निर्माण कराने और मुआवजा देने तथा औराई विधानसभा क्षेत्र में दलितों और गरीबों के खिलाफ बढ़ते उत्पीड़न की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# डीएम ने पंचायत में जाकर मतदाता सूची में पुनरीक्षण कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर (दरभंगा)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दरभंगा, कौशल कुमार ने आज बेनीपुर प्रखण्ड के पोहदी पंचायत में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया।उन्होंने उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपुर,प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी,बीएलओ और सुपरवाइजर को स्पष्ट निर्देश दिया कि घर-घर जाकर योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक योग्य नागरिक के पास जाए और मतदाता सूची उनका नाम दर्ज करने के लिए मार्गदर्शन दें एवं गणना प्रपत्र भरकर जमा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समाज की अंतिम व्यक्ति बैठने वाले लोगों के घरों में जाएं और सभी योग नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करना सुनिश्चित करें ,लापरवाही पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है। गणना प्रपत्र सभी से भरवा कर संबंधित बी एल ओ के पास जमा करायें। जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय लोगों से फीडबैक लिया और गणना प्रपत्र बी एल ओ से लेकर शीघ्र जमा करने का अनुरोध किया है।

# बैंक सखी ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाते हुए महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण बन रही है : जीवन कुमार झा

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जीविका के अंतर्गत मुंगेर जिले के सभी प्रखंडों में कार्यरत बैंक सखी अब ग्राहक सेवा केंद्र (कस्टमर सर्विस प्वाईट/सीएसपी) के संचालन के माध्यम से डिजिटाइजेशन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहीं हैं। ये बैंक सखी ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाते हुए महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण बन रहीं हैं। इसी परिपेक्ष्य में आज मुंगेर में जीविका के राज्य परियोजना प्रबंधक (बीमा एवं वैकल्पिक बैंकिंग) जीवन कुमार झा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक, सभी प्रखंड के वित्तीय समावेशन नोडल एवं बैंक सखी उपस्थित रहीं। इस बैठक में अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई तथा भविष्य की कार्ययोजना और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।श्री झा ने कहा कि, बैंक सखियों की भूमिका ग्रामीण वित्तीय समावेशन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके माध्यम से अब गांव-गांव में डिजिटल बैंकिंग सेवाएं, बीमा, पैसे का लेन-देन, खाता खोलना एवं आधार लिंकिंग जैसे कार्य तेजी से हो रहे हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि तकनीकी प्रशिक्षण, सेवा गुणवत्ता में सुधार, और बैंक सखी के लिए प्रोत्साहन तंत्र को और मजबूत किया जाएगा, ताकि वे अधिक प्रभावी ढंग से अपने क्षेत्र में कार्य कर सकें। इस बैठक के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि जीविका की बैंक सखी योजना न केवल महिला सशक्तिकरण का जरिया बन रही है, बल्कि डिजिटल इंडिया और वित्तीय समावेशन की दिशा में भी मजबूत कड़ी बन चुकी है। जिला परियोजना प्रबंधक गुरुदेव ने बताया कि मुंगेर जिला में जीविका दीदी डिजिटाइजेशन की ओर लगातार आगे बढ़ रही है। इसी दिशा में अभी तक मुंगेर में कुल 122 बैंक सखी कार्यरत हैं, जो ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करा रहीं हैं।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट बीएलओ सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मधुबनी जिले के पांच बीएलओ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने सम्मानित किया। यह सम्मान समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में प्रदान किया गया।जिन बीएलओ को सम्मानित किया गया वे हैं झ्र मुरतज्जा (विधान सभा क्षेत्र 36-मधुबनी बुथ संख्या-68) कमलेश कुमार (विधान सभा क्षेत्र 36-मधुबनी, बुथ संख्या-01), रिता देवी (विधान सभा क्षेत्र 35-बिस्फी,बुथ संख्या-264) सुभाष चंद्र मंडल (विधान सभा क्षेत्र 37-राजनगर, बुथ संख्या-288) और कौशल कुमार (विधान सभा क्षेत्र 38-झंझारपुर, बुथ संख्या-118)। इन सभी बीएलओ ने गणना फॉर्म के वितरण, संग्रहण तथा बीएलओ ऐप पर अपलोडिंग में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।इस अवसर पर जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। इसी को ध्यान में रखते हुए बीएलओ घर-घर जाकर गणना फॉर्म वितरित कर रहे हैं, नागरिकों को फॉर्म भरवाने में सहायता कर रहे हैं, तथा उन्हें समय पर ऐप पर अपलोड भी कर रहे हैं। कार्य की गंभीरता को देखते हुए सभी बीएलओ के साथ एक-एक कर्मी को सहयोग हेतु टैग किया गया है।जिलाधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे निर्धारित समय में अपना गणना फॉर्म भरकर अपने संबंधित बीएलओ को सौंप दें। साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मतदाता स्वयं भी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर 01.01.2003 की मतदाता सूची डाउनलोड कर सकते हैं। यदि उनका नाम उस सूची में पाया जाता है, तो उन्हें किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। केवल गणना प्रपत्र के साथ अपनी फोटो और उक्त सूची के संबंधित पेज की प्रति संलग्न कर बीएलओ को देना होगा।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा इस दस्तावेज को बीएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। अंत में जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने मताधिकार के प्रति सजग रहें और समय पर सभी औपचारिकताएं पूरी करें।

# जमीनी विवाद में चला कुल्हाड़ी और रॉड, छह लोग घायल

समस्तीपुर . प्रात : किरण समस्तीपुर

विभूतिपुर (समस्तीपुर): समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत नरहन पंचायत में मंगलवार को जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। महज 10 धुर जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहा पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पिछले तीन दिनों से जमीन को लेकर कहासुनी चल रही थी। विवाद बढ़ते-बढ़ते आज मारपीट और कुल्हाड़ी-रॉड चलने तक पहुंच गया। सबसे गंभीर रूप से घायल मोहम्मद कासिम के सर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया, जिन्हें 16 टांके लगे हैं।

सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का विवरणः स्थानः नरहन पंचायत, विभूतिपुर, समस्तीपुर विवाद का कारणः महज 10 धुर जमीन का बंटवारा घटनाः कुल्हाड़ी और रॉड से हमला, जानलेवा प्रयास घायलः करीब 6 लोग गंभीर रूप से घायलः मोहम्मद कासिम आरोपी (सभी रिश्तेदार): मोहम्मद जावेद (55 वर्ष) मोहम्मद कयूम (35 वर्ष) रेहाना खातून (30 वर्ष) रहीश खातून (52 वर्ष) मोहम्मद मुस्ताक (23 वर्ष) मोहम्मद मोइन (20 वर्ष) इन सभी पर आरोप है कि उन्होंने मिलकर अपने ही चाचा और भाइयों पर हमला किया। स्थानीय लोगों के अनुसार यह हमला पूरी तरह पूर्व नियोजित था। पुलिस जांच और प्रशासन की भूमिकाः घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विश्लेषणः यह घटना एक बार फिर से यह दिखाती है कि जमीन जैसे मामूली विवाद कैसे परिवारों को बांट देते हैं और रिश्तों को हिंसा की आग में झोंक देते हैं। ऐसे मामलों में प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए ताकि समाज में कानून और व्यवस्था का भरोसा बना रहे।

# विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों का प्रारूप प्रकाशित , दावा एवं आपत्ति 6 जुलाई तक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देश के अनुरूप जिलांतर्गत सभी 11 विधानसभा क्षेत्रों द्वारा प्राप्त मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची का प्रकाशन 30 जून को सभी निर्धारित स्थलों पर कर दिया गया है। इसकी प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय एवं सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय में कार्य अवधि के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। मतदान केंद्रो से संबंधित दावा एवं आपत्ति 30 जून से जारी है जो 6 जुलाई तक संबंधित सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में किये जा सकते हैं। विधानसभावार दावा, आपत्ति प्राप्त करने वाले पदाधिकारी एवं उनके कार्यालय का नाम निम्नवत है- सभी 11 विधानसभा क्षेत्र के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी मुजफ्फरपुर, जिला निर्वाचन कार्यालय मुजफ्फरपुर में दावा एवं आपत्ति प्राप्त करेंगे। गायघाट विधानसभा क्षेत्र के लिए अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अपने अनुमंडलीय कार्यालय में दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे। औराई विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला पंचायत राज पदाधिकारी जिला पंचायत राज कार्यालय में दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे। मीनापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए निदेशक, ह्रश्वक्क जिला ग्रामीण विकास अभिकरण मुजफ्फरपुर में प्राप्त करेंगे। बोचहा विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी जिला आपूर्ति कार्यालय में दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे। सकरा विधानसभा क्षेत्र के लिए भूमि सुधार उपसमाहर्ता पूर्वी डीसीएलआर पूर्वी के कार्यालय में दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे। कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र के लिए भूमि सुधार उपसमाहर्ता पश्चिमी अपने डीसीएलआर ऑफिस पश्चिमी में दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे। मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए नगर आयुक्त अपने नगर निगम कार्यालय में दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे। कांटी विधानसभा क्षेत्र के लिए अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे। बरूराज विधानसभा क्षेत्र के लिए उप विकास आयुक्त डीडीसी कार्यालय में दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे। पारु विधानसभा क्षेत्र के लिए अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी अपने अनुमंडलीय कार्यालय में दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे। साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला भू अर्जन पदाधिकारी अपने जिला भू अर्जन कार्यालय में दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे।

# ट्रेंड यूनियनों द्वारा आहूत 9 जुलाई के आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।एसयूसीआई (सी) के महासचिव प्रभास घोष ने 9 जुलाई को दस केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा आहूत और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा समर्थित देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील की है। बयान में उन्होंने कहा है कि यह हड़ताल भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों--मसलन चार मजदूर-विरोधी और एकाधिकार पूंजीपतिपरस्त श्रम संहिताओं को लागू करने, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और सरकारी उद्यमों के निजीकरण में तेजी लाने, स्थायी प्रकृति के रोजगार के ठेकेदारीकरण और आकस्मिकीकरण, ह्यहायर एंड फायरह्ल नीति को लागू करने हेतु निश्चित अवधि रोजगार की शुरूआत जैसे कठोर उपाय, उपभोक्ता-विरोधी बिजली (संशोधन) विधेयक 2023 और स्मार्ट मीटर लगाने, काम के घंटों में वृद्धि, कार्यबल में मनमानी कटौती, गिग और योजना श्रमिकों सहित असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों की पूर्ण उपेक्षा, कठिनाई से अर्जित लोकतांत्रिक और ट्रेड यूनियन अधिकारों को एक के बाद छीने जाने, आसमान छूती महंगाई, ह्यकृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति ढांचाह्ल का मसौदा, सभी खरीफ और रबी फसलों के लिए ह्यउ2 +50%ह्ल फामूर्ले [यानी उत्पादन की समग्र लागत (उ2) + उनकी फसल की लागत का अतिरिक्त 50%] के आधार पर वैधानिक एमएसपी को लागू न करने, विनाशकारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार और अपराध, अश्लीलता का बेलगाम प्रचार, छात्र-युवाओं की नैतिक रीढ़ को तोड़ने वाली शराब, नशीली दवाओं और सेक्स की लत को प्रोत्साहन और देश के नैतिक ताने-बाने को योजनाबद्ध तरीके से चकनाचूर करने आदि के खिलाफ है। उन्होंने मजदूरों और मेहनतकशों से जोरदार अपील करते हुए कहा है कि वे 9 जुलाई की आम हड़ताल को शानदार रूप से सफल बनाने के लिए सभी प्रकार के विभाजनों—जैसे धर्म, जाति, भाषा, नस्ल, क्षेत्र आदि—से ऊपर उठकर एकजुट हो जायें, जिससे कि आगे के व्यापक, एकजुट, दीर्घस्थायी और ताकतवर आंदोलनों का पथ प्रशस्त हो और हम जीवन और आजीविका की न्यायसंगत मांगों को हासिल कर सकें।

# छात्रा मोनिका की बरामदगी के लिए डीजीपी से मिले सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने पटना स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक से मुलाकात कर समस्तीपुर जिला अंतर्गत कपूरी ग्राम की लड़की मोनिका कुमारी के दरभंगा स्थित सीएम कॉलेज परिसर से दिनांक 27 जून से गायब होने के संबंध में जानकारी दी और जल्द से जल्द बरामदगी को लेकर आग्रह किया। विदित हो कि सीएम आर्ट्स कॉलेज दरभंगा में पीजी द्वितीय सेमेस्टर में पढ़ने वाली छात्रा मोनिका 27जून को सुबह अपने घर से निकलकर ट्रेन से दरभंगा कॉलेज पहुंचती है लेकिन उसके बाद से गायब है। इस मुद्दे पर सांसद डॉ ने पुलिस महानिदेशक को अपनी चिंताओं से अवगत कराते हुए कहा कि दरभंगा स्थित सीएम आर्ट्स सह वाणिज्य कॉलेज दरभंगा ही नहीं वरन पूरे दरभंगा प्रमंडल में अपना खासा महत्व रखता है इसलिए उस कालेज के प्रांगण से छात्रा का गायब होना दुखद तथा दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद डॉ ठाकुर ने बिहार की डबल इंजन सरकार के लिए सुशासन तथा कानून व्यस्था को पहली प्राथमिकता बताते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं में प्रशासन पूरी तरह से संवेदनशीलता दिखाए। पुलिस महानिदेशक से कानून व्यवस्था के मुद्दे पर आमजनों की विश्वसनीयता पर पूरी तरह से खरा उतरने के लिए आवश्यक पहल किए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि प्रशासन लोगों के विश्वास को जितने के लिए आवश्यक पहल करे तथा तत्पर रहे। सांसद डॉ ठाकुर ने बताया कि पुलिस महानिदेशक ने जल्द से जल्द छात्रा मोनिका की बरामदगी का आश्वासन दिया है इसलिए सीएम कॉलेज तथा अन्य कॉलेजों के छात्र छात्राओं को घबराने की जरूरत नहीं है ।

# राजद के प्रधान महासचिव ईरशाद आलम को समारोह पूर्वक किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा(दरभंगा)।प्रखंड राष्ट्रीय जनता का संगठनात्मक विस्तार कर शंकरपुर निवासी ईरशाद आलम को राष्ट्रीय जनता दल का प्रधान महासचिव मनोनित किया गया। बुधवार को नव निर्वाचित प्रखंड राजद अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में 12 पंचायत अध्यक्षों की बैठक की गई। पार्टी के संगठनात्मक विस्तार व मतदाता पुनरीक्षण कार्य पर विशेष चर्चा कर आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारी का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश राजद सचिव सह पूर्व विधायक डा.फराज फातमी ने प्रधान महासचिव को पाग चादर से सम्मानित किया।उन्होने ने कहा राजद राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के निति व सिद्धांतों के साथ पार्टी की नींव को ग्रास रूट मजबूती प्रदान करने में कार्यकर्ताओ की अहम भूमिका होगी।ड बूथ व वार्ड स्तर से कमेटी का गठन कर दस- दस कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। कहा निर्वाचन आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ किया है।आप अपने वोट के अधिकार को समझे। बीएलओ से फार्म लेकर अपने अपने दस्तावेज को जमा कर आम लोगों को जागरूक करें।लोक तंत्र व राष्ट्र हित में राजद कार्यकर्ता अपने दायित्व को समझें।आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर सभी लोगों को गांव गांव में जनसंपर्क अभियान चलावें। नेता प्रतिपक्ष ने जो चुनावी घोषणा की है उसको अवगत करावें।मौके पर पंचायत अध्यक्षों मजीद आलम,अमरनाथ यादव,वंशी दास,इम्तेयाज अंसारी, राम चन्द्र दास,शाहिद खान,शिवनाथ यादव,हरि लाल,अलीमुद्दीन सहित अन्य मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया लखीसराय जिला का 32 वां स्थापना दिवस, किए गए कार्यक्रम

## उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन






● डीएम मिथिलेश मिश्र,एसपी अजय कुमार व विधायक प्रहलाद यादव भी रहे मौजूद

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय जिले का 32वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम केआरके मैदान में आयोजित हुआ,जहां बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दीप जलाकर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर सूर्यगढ़ा के विधायक प्रहलाद यादव, जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र,एसपी अजय कुमार,उप विकास आयुक्त सुमित कुमार,जद यू जिला अध्यक्ष रामानंद मंडल,भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि,प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे ।दिन की शुरूआत ह्यविकास दौड़ह्ल से हुई,जिसमें जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया ।कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चियों ने नृत्य संगीत पेश कर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया !इसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और जिले की तरक्की को उजागर करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने समस्त जिलेवासियों को लखीसराय जिला के 32वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि

हम लखीसराय के समृद्ध इतिहास,संस्कृति और परंपरा को गर्व से याद करते हुए मिलकर चलें और अपने जिले को ऊँचाइयों तक ले जाए!

## जीविका द्वारा भी जीविका दीदी की रसोई एवं दीदी की पौधशाला का स्टॉल लगाया गया



लखीसराय । लखीसराय जिला का 32 वा स्थापना दिवस मनाया गया । इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । इसके साथ ही के. के.आर. मैदान में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए स्टॉल भी कई विभागों द्वारा लगाया गया ।जीविका द्वारा भी जीविका दीदी की रसोई एवं दीदी की पौधशाला का स्टॉल जीविका दीदियों द्वारा लगाया गया। जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन श्री विजय कुमार सिन्हा, उप मुख्यमंत्री, बिहार सरकार ने किया और स्टॉल पर मौजूद जीविका दीदियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके द्वारा लिए जा रहे कार्यों की सराहना की । दीदी की रसोई के स्टॉल से स्वादिष्ट एवं पौष्टिक आहार, चाय, दही एवं लस्सी आदि की बिक्री की गई ।इसके साथ ही दीदी की पौधशाला के स्टॉल पर आयुर्वेदिक , काष्ठीय एवं फलों के पौधों की प्रदर्शनी सह बिक्री भी हुई। दीदी की रसोई के स्टॉल पर किरण देवी, कंचन देवी एवं अनीता देवी ने दीदी की रसोई द्वारा निर्मित खाद्य एवं पेय पदार्थों की खरीद बिक्री की वहीं दीदी की पौधशाला के स्टॉल पर अनिता देवी ने पौधों की प्रदर्शनी सह बिक्री की । अनीता देवी के द्वारा हलसी में दीदी की पौधशाला संचालित है ।आगंतुकों ने भी दीदी के रसोई के स्टॉल पर जीविका दीदियों द्वारा निर्मित व्यंजनों एवं पेय पदार्थों का लुत्फ उठाया । इस अवसर पर स्टॉल पर पिंटू चौधरी, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, निशिकांत पटेल, प्रबंधक, गैर कृषि, जीविका और राहुल कुमार, कैंटीन प्रबंधक, दीदी की रसोई, विकास कुमार, प्रशिक्षण पदाधिकारी, सौरभ कुमार सिंह, प्रबंधक, पशुधन , नीतीश कुमार और मनोज कुमार की मौजूदगी रही ।

# न्याय मित्र : न्याय सचिव का वेतन वृद्धि, प्रहरी का बहाली समायोजन तथा पंचायती राज आयोग की गठन हो : किरण देव यादव

प्रात : किरण संवाददाता



खगड़िया। त्रिस्तरीय पंचायत व स्थानीय निकाय प्रतिनिधि महासंघ के संयोजक किरण देव यादव ने न्याय मित्र एवं न्याय सचिव को भी वेतन वृद्धि करने की मांग बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता से किया है। पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खगड़िया जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि विगत दिनों सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष आमोद निराला एवं मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश राय के संयुक्त नेतृत्व में सरकार एवं मंत्रालय को मांग पत्र सौंपा गया था जिसमें स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों को सम्मानजनक मांगे पूरी हुई। इसके लिए सरकार को साधुवाद है। श्री यादव ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि कुछ महत्वपूर्ण शेष लंवित मांगे 2001 ई से पेंशन चालू करने, एमएलसी चुनाव का वोटर बनाने, एम एल ए चुनाव में स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों को 10% एवं एमपी चुनाव में 5% भागीदारी देने, पंचायती राज आयोग का गठन करने, ट्रेन में निशुल्क रियायत यात्रा करने आदि मांग किया है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग के कर्मी न्याय मित्र एवं न्याय सचिव के वेतन वृद्धि नहीं होने से स्कूल के बीच हताशा व निराशा हैं। तथा प्रहरी का समायोजन एवं बहाली ग्राम कचहरी में करने की मांग किया है ताकि बहुउद्देशीय संबंधित कार्य नोटिस पहुंचाने, आदेशपाल एवं गार्ड की भूमिका तथा सफाई आदि कार्य सफलतापूर्वक किया जा सके। श्री यादव ने कहा कि पंचायत का सर्वांगीण विकास करने, दशा दिशा तय करने, समस्या समाधान, समीक्षा करने, हेतु पंचायती राज आयोग का गठन करने की सख्त आवश्यकता है।

## पुलिस की शिथिल कार्रवाई से मारपीट की हुई घटना

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खडगपुर (मुंगेर)। थाना क्षेत्र के तेघरा गांव में एक महिला पर मुकदमा उठाए जाने को लेकर दबाव बनाते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया है इस संबंध में खड़गपुर थाने में आवेदन देकर आठ व्यक्तियों पर प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

घटना की शिकार कंचन देवी पति टिंकू मंडल ने बताया की कई बार स्थानीय पुलिस को इस दबाव के संबंध में मौखिक रूप से कहा गया लेकिन स्थानीय पुलिस ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जिसके कारण मेरे घर में घुसकर तेघरा गांव निवासी फंटूक मंडल छोटू कुमार रमेश कुमार सानू मंडल शिवम कुमार चिंता देवी पूजा देवी तथा निशा देवी सभी लाठी डंडे से लैस होकर मेरे घर में घुसकर मुझे पुराना मोकदमा उठाने के लिए दबाव डालने लगा और मुझे मारपीट करने लगा। मुझे जख्मी देखकर मुझे बचाने आए मेरे दो बेटे को भी इन लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया शोरगुल पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो वह धमकी देते हुए भाग गए।

## विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर संयुक्त सर्वदलीय संघर्ष समिति ने उठाया सवाल




प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर/मुंगेर। बिहार में चल रहे विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर संयुक्त सर्वदलीय समिति ने उठाया सवाल कहा कि इतने कम समय में नहीं हो पाएगा सही तरीके से कार्यक्रम सफल, यह तो केवल राजनीतिक फायदा को लेकर करवाया जा रहा। ये बातें गुरुवार को बेलन बाजार स्थित संयुक्त सर्वदलीय समिति के सदस्य संजय केसरी,मोहम्मद जफर अहमद,अब्दुल्ला बुखारी, फैसल अहमद रूमी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा। नेता द्वय ने कहा कि निर्वाचन आयोग इस बिहार के विधानसभा चुनाव के पहले फर्जी वोटरों को हटाने के लिए मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किया है जिससे सही वोटर ही मतदान कर सके ।लेकिन इसके लिए जो समय निर्धारण किया गया है वह काफी कम है। सर्व दलीय समिति के सदस्यों ने कहा कि बिहार में अब कुछ ही दिनों में बिहार में बाढ़ जैसे हालात होने वाला है । बाढ़ से लोग घर बार छोड़कर बाहर चले आते हैं । लोगों को प्रमाण पत्र बनाने मेंअंचलाधिकारी, प्रखंड बिकास पदाधिकारी के कार्यालय के चक्कर लगाने होंगे जबकि बाढ़ के समय में सरकारी कार्यालय का क्या हाल रहता है यह सरकार भी जानती है । इसके अलावा पवित्र सावन का महीना भी है, लगभग बिहार के हिंदू भाई सावन में तीर्थ पर रहते हैं । ऐसे में कम समय में सभी का सत्यापन हो पाना संभव नहीं है. यह पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए जो समय दिया गया है वह काफी कम है । समिति के सदस्य संजय केशरी ने कहा कि अगर मतदाता गहन पुनरीक्षण करवाना था तो यह लोकसभा चुनाव के पहले या चुनाव के तुरंत बाद क्यों नहीं करवाया ल्ल गया। यह विधानसभा चुनाव के पहले क्यों कराई जा रही है । इसमें राजनीतिक साजिश नजर आ रही है ।

# चौसा को मिलेगा अनुमंडल का दर्जा, सरकार ने मांगी रिपोर्ट

## राज्यसभा सांसद मनोज झा के लिखे पत्र बिहार सरकार ने दिया सकारात्मक संकेत

प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) पिछले दो दशक से चौसा प्रखंड को अनुमंडल का दर्जा देने की माँग कर रहे संघर्ष समिति व स्थानीय लोगों की उम्मीदें अब परवान चढ़ती दिख रही हैं। बिहार सरकार ने इस संबंध में सामान्य प्रशासन के अपर मुख्य सचिव से रिपोर्ट माँगी है जिससे क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज हो गई है। गौरतलब है कि अनुमंडल संघर्ष समिति चौसा के संरक्षक सह वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी बिनोद आशीष के सक्रिय पहल पर राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया था कि, नवगछिया को राजस्व जिला और वर्ष 1957 में स्थापित चौसा प्रखंड को अनुमंडल का दर्जा मिलना चाहिए क्योंकि चौसा अनुमंडल बनने की सारी अहर्ता को पूरा करता है। परिणाम स्वरूप मुख्यमंत्री सचिवालय के द्वारा आधिकारिक तौर पर पत्र लिखकर सूचित किया गया कि इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग को रिपोर्ट देने को कहा गया है ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। सूत्रों के अनुसार जिला प्रशासन से भी इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी जाएगी ताकि इस संबंध में अंतिम निर्णय लिया जा सके।

मुख्यमंत्री सचिवालय के पत्र में यह भी कहा गया है कि इस संबंध में समुचित करवाई करके राज्यसभा सांसद मनोज झा और मुख्यमंत्री कार्यालय को सूचित किया जाय। सनद रहे कि समाजसेवी सह पत्रकार बिनोद आशीष वर्षों से चौसा को अनुमंडल और भटगामा को प्रखंड बनाए जाने की माँग को लेकर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, युवाओं, कलाकारों, पत्रकारों, साहित्यकारों, व्यवसायियों एवं सामाजिक कार्यकताओं के बीच जागरूक प्रहरी के तौर पर साथ चलते रहे हैं। वहीं अनुमंडल संघर्ष समिति के संरक्षक डॉ नवल किशोर जायसवाल, अध्यक्ष अजय कुमार खुशबू , सचिव कुंदन घोषईवाला, कार्यकारिणी सदस्य विनोद आजाद, संजय कुमार सुमन, कोषाध्यक्ष सुनील अमृतांशु, प्रवीण प्यारेलाल, बीरेंद्र वीरू, कैलाश यादव, कृत्यानंद यादव, राहुल राज, कृष्णा झा, शशि यादव, पूर्व पंसस दिनेश शर्मा, विनोद पाटिल आदि सैकड़ों सामाजिक कार्यकताओं के साथ मिलकर वर्षों से संघर्ष करते रहे हैं। श्री आशीष गांव गांव जाकर लोगों से इस विषय पर चर्चा भी कर रहे हैं जिसमें लोगों का अपार समर्थन भी मिल रहा है। श्री आशीष ने राज्यसभा सांसद प्रो. मनोज कुमार झा से मुलाकात कर अपनी माँगों को मजबूती के साथ उनके समक्ष उठाया। अब जब सरकार की ओर से औपचारिक कार्रवाई शुरू हो चुकी है, तो क्षेत्रवासियों को जल्द ही बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री सचिवालय से पत्र प्राप्त होने के बाद बिनोद आशीष ने एक औपचारिक बैठक आयोजित कर यह खुशखबरी जनता के साथ साझा की। उन्होंने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, उन्होंने हमारी आवाज को उठाया और सरकार तक हमारी जायज मांगों को पहुँचाया है। यह माँग वर्षों पुरानी है और पूरी तरह से न्यायोचित भी है। यह हमारा हक है और हम इसे लेकर रहेंगे। जब तक हमारी माँग पूरी नहीं होती, हमारा संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। सूत्रों के अनुसार चौसा और पुरैनी के साथ भटगामा या नयानगर को प्रखंड बना कर इस अनुमंडल में जोड़ा जा सकता है। बता दें कि, एक प्रखंड को भी अनुमंडल बनाने की भी परंपरा रही है जिसका जीता जागता उदाहरण पूर्णियां जिला का बनमनखी अनुमंडल है। सूत्रों की माने तो नवगछिया को राजस्व जिला घोषित कर चौसा को अनुमंडल बनाया जा सकता है। क्योंकि कोसी के उत्तर भाग में एक मात्र चौसा ही ऐसा प्रखंड है जो अनुमंडल बनने की शर्त को पूरा करता है। चौसा तत्काल पुलिस जिला नवगछिया मुख्यालय के बेहद करीब भी है और चौसा प्रखंड के अंदर लौवालगान और भटगामा के बीच राज्य सरकार की करीब 175 एकड़ जमीन भी उपलब्ध है। कुल मिलाकर यह माना जा रहा है कि चौसा तकनीकी और भौगोलिक रूप से भी अनुमंडल बनने की सारी अहताएं को पूरी करता है। अनुमंडल की स्थापना से इस क्षेत्र के विकास में एक नया आयाम स्थापित होगा। पलायन, बेरोजगारी और प्रतिवर्ष बाढ का दंश झेल रहा यह आने वाले समय में विकास की नई इबारत लिखेगा। सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार सुमन ने कहा कि चौसा प्रखंड को अनुमंडल बनाने की मांग लंबे समय से होती आ रही है। अनुमंडल नहीं होने के कारण जनता को छोटी-छोटी समस्याओं के निबटारे के लिए 23 किमी दूर जाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी गरीबों, बुजुर्गों व महिलाओं को होती है। अनुमंडल बनने से न सिर्फ प्रशासनिक कार्यो में तेजी आयेगी, बल्कि क्षेत्र का विकास भी होगा। प्रखंड के लोग मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं। यह प्रखंड अनुमंडल बनने के लिए सभी अर्हता को पूरा करता है।

## बूथ शक्तिकरण अभियान की सफलता को लेकर भाजपा ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। नगर पंचायत संग्रामपुर स्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को बूथ शक्तिकरण अभियान की सफलता को लेकर भाजपा ग्रामीण व नगर मंडल की शक्ति बैठक मंडल अध्यक्ष विनय सिंह कि अध्यक्षता में हुई बैठक में वशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा नेता अमरीस चंद्र सिंह उर्फ विक्की सिंह मौजूद थे मौके पर कार्यकताओं को संगठन की मजबूत की के लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया है साथ ही आगामी मे विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए हमारा बहुत सबसे मजबूत अभियान को गति दिए जाने का निर्णय लिया गया बताया गया कि आज में 6 जुलाई से 10 जुलाई तक प्रत्येक बूथ पर बैठक आयोजित की जाएगी ताकि बूथ स्तर पर संगठन मजबूत हो सके ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और संपूर्ण के बल पर भाजपा आज विश्वास के सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है ,नगर मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार रौशन सहित और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे

## डॉ भुवन एवं डॉ कल्याणी को आईएमए ने किया सम्मानित




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिहार शाखा की ओर से बुधवार को आईएमए भवन पटना में आयोजित सम्मान समारोह में शहर के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ भुवन सिंह एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कल्याणी सिंह को सम्मानित किया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ एकेएन सिन्हा की 31 वी पुण्यतिथि पर आयोजित सम्मान समारोह में दोनों चिकित्सकों सहित राज्य के 12 चिकित्सकों को डॉ एकेएन सिन्हा राष्ट्रीय सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। इन दोनों को चिकित्सा क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शहर के दोनों वरिष्ठ चिकित्सक को सम्मान मिलने पर चिकित्सकों में हर्ष व्याप्त है। शहर के चिकित्सकों ने कहा कि आईएमए का सबसे बड़ा सम्मान मिलना जिले के लिए गर्व की बात है। मालूम हो कि समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति संदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह ने किया। सम्मान मिलने पर डॉ के के झा, डॉ संजय गुप्ता, डॉ विनय कुमार सिंह, डॉ शीलेंद्र कुमार, डॉ आईडी सिंह, डॉ अशोक सिंह, डॉ अवनीश कर्ण, डॉ एके मिश्रा, डॉ ललन कुमार, डॉ वरुण कुमार, डॉ अबुल कलाम, डॉ विशाल गौरव, डॉ सीमा झा, डॉ मुरारी झा, डॉ रूपक कुमार, डॉ पूजा झा, डॉ राहुल रौशन, डॉ किंटू रविन्द्र सिंह, डॉ नेहा सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ मनोज झा, डॉ भारती झा, डॉ तारिक, डॉ हिना फारूकी, डॉ रामरंजन, डॉ एके चौधरी, डॉ अभिषेक कुणाल, डॉ अर्चना स्नेहा, डॉ जयंत आशीष, डॉ एचएस ठाकुर, डॉ गोपाल शरण सिंह, डॉ विजय शंकर, डॉ करुणा शंकर, डॉ ब्रजेश सिंह, डॉ गणेश कुमार सहित अन्य ने हर्ष जताया है।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर सहरसा डीएम का डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान तेज



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा आगामी चुनावों को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। खासकर नए मतदाताओं को जोड़ने को लेकर जिला प्रशासन एक कदम और आगे बढ़ चुका है। अब खुद सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार आम नागरिकों के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। मकसद साफ है हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना। सहरसा जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची को अद्यतन करने की कवायद तेज हो गई है। इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए डीएम दीपेश कुमार ने खुद मोर्चा संभाल लिया है और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। डीएम ने साफ तौर पर कहा है कि जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है और अब तक उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे तुरंत फॉर्म-6 भरकर आवेदन करें।

उन्होंने बताया कि बूथ स्तर पर बीएलओ की तैनाती की गई है, जो डोर-टू-डोर जाकर पात्र नागरिकों से संपर्क कर रहे हैं और आवेदन प्रक्रिया में भी सहयोग कर रहे हैं।

# प्लस टू हाई स्कूल कैयार में चार दीवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण समापन समारोह का आयोजन

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण बच्चों को बनाता है अनुशासित : नागेश्वर प्रसाद



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज- स्काउट व गाइड का प्रशिक्षण बच्चों को अनुशासित बनाता है। आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से आज इन बच्चों ने समाज को कई बेहतर संदेश दिया हैं। इसी दौरान अलीगंज प्रखंड स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय कैयार में गुरुवार को चार दिवसीय स्काउट गाइड के प्रशिक्षण समापन हुआ,इस दौरान समापन समारोह का आयोजन किया गया,समारोह में मुख्यातिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद एवं अन्य महानुभाव उपस्थित हुए,वहीं समारोह के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक साकेत कुमार के मुख्य अतिथि नागेश्वर प्रसाद एवं स्काउट गाइड के प्रशिक्षक राम उदागर सिंह एवं शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया, प्रभारी साकेत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्लस टू उच्च विद्यालय कैयार में 30 जून से 03 जुलाई तक स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया ,इस कार्यक्रम में कुल 113 छात्र छात्राएं भाग लिए,जिसकी समापन के उपलक्ष्य पे समापन समारोह का आयोजन किया गया,वहीं नागेश्वर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक राम उदगार जी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उनको एक अच्छे नागरिक बनने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने बच्चों को बताया कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण बच्चों के लिए कितना आवश्यक है। इससे बच्चे भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को बचाए रखने में अपना अहम योगदान देंगे।

अन्य वक्ताओं ने कहा कि स्काउट गाइड का प्रशिक्षण समाज के लिए काफी उपयोगी होता है। बच्चों के पास पास कदमताल स्काउट गाइड झंडा बांधना एवं अन्य प्रकार के गांठ बांधने आपदा की स्थिति में बचाव के तरीके लोगों को आत्महत्या के उपाय सिखाए गए। बच्चों को शारीरिक ,मानसिक व नैतिक मूल्यों की शिक्षा के साथ-साथ शिविर जीवन आत्मरक्षा अनुशासित नागरिक निर्माण एवं विभिन्न उपयोगी ज्ञान दिया गया। वहीं सभी मौके पर माध्यमिक शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद,प्रभारी प्रधानाध्यापक साकेत कुमार, शिक्षक विनोद कुमार,रवीश कुमार,संजय कुमार,जितेंद्र कुमार,कुमारी प्रीतम,रश्मि कुमारी, उज्जवला सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

# जदयू कार्यकताओं की बैठक में बूथ कमेटी के मजबूती पर जोर



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू आलाकमान के निदेर्शानुसार बूथ जीतो चुनाव जीतो कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र पुरैनी अंतर्गत औराय पंचायत के औराय गोठ बढ़ आश्रय स्थल में बूथ स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड जदयू अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार एवं विधानसभा प्रभारी कुणाल रत्न प्रिया की देखरेख में जिसकी अध्यक्षता पंचायत जदयू अध्यक्ष पंकज भगत एवं संचालन सांसद प्रतिनिधि निर्मल ठाकुर के द्वारा किया गया। जहां बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी कुणाल रत्न प्रिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी वर्गों के लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक व आर्थिक विकास सुनिश्चित किया है। तत्पश्चात जदयू प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि पेंशन योजनाओं की राशि 400 से बढ़ाकर 1100 की गई है तथा पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ सुनिश्चित किया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 2005 से मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार ने हर जिले के गांव में विकास की गंगा बहाई है। पर्यावरण संरक्षण के लिए जल-जीवन-हरियाली योजना चलाई जा रही है एवं सभी गांव से लेकर शहरों तक सड़कों का जाल बिछाया गया है, जिससे आम जन को आवागमन में सुविधा मिली है। मौके पर मोहम्मद शमशाद, सिकंदर मोदी, मनेश्वर मेहतर, अशोक पोद्दार, ब्रह्मदेव राम, त्रिभुवन राम, सहित अन्य मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की दर्दनाक मौत, शव के दो टुकड़े, मौके पर मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिले के सोनवर्षा कचहरी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बलुआहा फाटक और बिशनपुर रेलवे ढाला के बीच एक 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि शव दो टुकड़ों में कटकर रेलवे पटरी पर बिखर गया। घटना सुबह करीब 10 बजे की है, जब पैसेंजर ट्रेन संख्या 75251 निर्धारित समय पर गुजर रही थी। जैसे ही ट्रेन पिलर संख्या 34/7 और 34/8 के बीच पहुंची, तभी यह दर्दनाक हादसा घटित हो गया। जैसे ही ग्रामीणों को घटना की खबर मिली, पूरा इलाका में सनसनी फैल गई, देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ उमर पड़ी और मृतक की पहचान के प्रयास शुरू हो गई। लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। घटना की सूचना पाकर रेलवे सुरक्षा बल के हवलदार और सोनवर्षा कचहरी थाना के दरोगा अवनीश कुमार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सहरसा सदर अस्पताल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है, साथ ही मृतक के परिजनों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। यह घटना न सिर्फ दुखद है, बल्कि रेल पटरियों के आसपास बढ़ती लापरवाही की एक और बानगी भी है। सवाल ये भी उठता है कि क्या रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा इंतजाम नाकाफी हैं? और क्या आम नागरिकों में जागरूकता की कमी अब भी हमारी जिम्मेदारी है?

## मत्स्य विभाग पदाधिकारी सुबोध कुमार, 40 हजार रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता


सहरसा बिहार में भ्रस्ट पदाधिकारियों पर आए दिन कार्रवाई की जा रही है लेकिन फिर भी कुछ भ्रस्ट पदाधिकारी रिश्वत लेने से बाज नही आ रहे हैं। ताजा मामला सहरसा का है जहाँ पटना से आई विजिलेंस की टीम ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को उनके कार्यालय में ही 40 हजार रुपये घुस लेते हुए रंगे हाँथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पदाधिकारी का नाम सुबोध कुमार बताया जाता है जो काम के एवज में एक मत्स्य पालक से 40 हजार रुपये घुस ले रहे थे। इस सम्बंध में परिवाद दायर करने वाले मत्स्य पालक टुन्न मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य पालन योजना के तहत जिंदा मछली बिक्री केंद्र का मेरे द्वारा निर्माण करवाया गया था।

सम्पादकीय

## परिवर्तन को समर्थ बनाना : महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होती है। बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुँच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त्वरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी को व्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है। हम अक्सर कहते हैं: सशक्त महिलाएँ, सशक्त भारत। और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होनी चाहिए। आज, यह पहुँच तेजी से डिजिटल होती जा रही है। जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर जोर दिए जाने की बदौलत संभव हुआ है। मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए - पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुँच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएँ और बच्चे न केवल स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्वकर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें। जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथा आशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वाले उपकरण के रूप में देखता हूँ। इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफार्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है। इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है। भारत भर में 2 लाख से ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरंतर यह कार्यक्रम बाल्यावस्था देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज्यादा प्रभावी प्रदायगी संभव बनाते हुए इन केंद्रों को स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के जरिए एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पादन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने - पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है। 10.14 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं- जिनमें गर्भवती महिलाएँ, स्तनपान कराने वाली माताएँ, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियाँ शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों की नए सिरे से परिकल्पना कर, शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए- पोषण ट्रैकर महत्वपूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच पोषण को पहले थी का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है। पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथा लीकेज कम करने के लिए फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले। प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह मंत्रालय पोषण से बढ़कर, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉश अधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है - जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है - जो अब लगभग हर जिले में चालू है। ये कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है। एक दशक पहले, मातृत्व लाभ की निगरानी करना मुश्किल था और इसमें अक्सर देरी होती थी। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) की शुरुआत की है - जो मातृ कल्याण की दिशा में बहुत बड़ा बदलाव है। पीएमएमवीवाई नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये की राशि मिलती है। मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपये तक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से वितरित, शुरुआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुँच चुकी है। पीएमएमवीवाई - आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्डों का लाभ उठाते हुए एक पूर्णतः डिजिटल कार्यक्रम है। एक समर्पित शिकायत निवारण मॉड्यूल तथा पारदर्शिता, विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाला नागरिकों से संबंधित पोर्टल है - जो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।



॥ओ पंछी बोल न॥

अजनबी तुम कौन हो
मेरी छोटी सी बगिया में
बोल कहाँ से आए हो॥
आने से तेरे
घर का मेरा आँगन
मेरा गुलशन,
और गुलजार हुआ।
ओ पंछी बोल न
कौन सा गाँव है तेरा
किस देश से आए हो।
तेरा चहकना,
तेरा फुदकना
आमों की डाली पर बैठना,
तेरा इतराना
क्या कहे खूब भा रहा।
मेरे बगिया की शोभा
आकर तुम बढ़ाए हो।
इतना स्नेह न देना
परदेशी तुम कि
उड़ जाओ तो
तनहा मैं रह जाऊँ..

सुनीता अग्रवाल पिंकी राँची

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें

**इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा ह्यएकता में अनेकताह्न के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा।**






**ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा। हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी मंज पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है। भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है। फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरूआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी। महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी। हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है।

# बगैर टावर चलेंगे फोन- भारत में होगा शुरूआत - डी 2डी सर्विस

**सुदूर गांवों से लेकर युद्धक्षेत्र तक, और पर्वतों से लेकर समुद्र की लहरों तक अब भारत का हर कोना कनेक्टेड इंडिया का हिस्सा बनेगा। वोडाफोन-आइडिया और अरळ की यह साझेदारी भारत के नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। लेकिन भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो करीब 40-50% इलाके अभी भी नेटवर्क की दृष्टि से कमजोर हैं। हिमालयी क्षेत्र, राजस्थान के रेगिस्तान, पूर्वोत्तर राज्य, अंडमान-निकोबार, और लद्दाख जैसे इलाकों में सिग्नल अक्सर गायब हो जाता हैं। सीमा सुरक्षा बलों, वन अधिकारियों, और पर्यटकों को इन इलाकों में संचार के साधनों की भारी कमी होती है।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
**लेखक**

भारत में डिजिटल क्रांति पिछले एक दशक में अप्रत्याशित गति से बढ़ी है। लेकिन आज भी देश के कई दुर्गम, ग्रामीण, पहाड़ी और सीमा से सटे इलाकों में मोबाइल नेटवर्क एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। कॉल ड्रॉप, कमजोर सिग्नल और इंटरनेट की अनुपलब्धता आम समस्या है। ऐसे में भारत अब एक ऐसी तकनीक की ओर कदम बढ़ा रहा है, जो इस नेटवर्क के असमानता को समाप्त कर सकता है वह है डायरेक्ट टू डिवाइस सैटेलाइट सर्विस। यह तकनीक अब केवल कल्पना नहीं है, बल्कि सच्चाई बनने वाली है। वोडाफोन-आइडिया और अमेरिका की दिग्गज स्पेसटेक कंपनी अरळ की साझेदारी से भारत में एक नई डिजिटल क्रांति की शुरूआत होने जा रही है। तकनीक एक ऐसी वायरलेस कम्युनिकेशन प्रणाली है जिसमें मोबाइल फोन सीधे सैटेलाइट से जुड़ता हैं। इसमें किसी भी ग्राउंड-आधारित मोबाइल टावर की आवश्यकता नहीं होती है। अर्थात इसमें न टावर की आवश्यकता, न मोबाइल फोन बदलने की जरूरत है, न ही कोई अतिरिक्त डिवाइस की और न ही अलग से सैटेलाइट फोन की। यह मौजूदा और स्मार्टफोन में ही काम करेगा। इसकी प्रमुख विशेषता है, सैटेलाइट आधारित कनेक्टिविटी, टावर-फ्री मोबाइल नेटवर्किंग, रिमोट और दुर्गम इलाकों तक कवरेज, महंगे सैटेलाइट फोन की आवश्यकता नहीं, मौजूदा स्पेक्ट्रम पर आधारित नेटवर्क। भारत के पास दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मोबाइल यूजर आबादी है, लेकिन भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो करीब 40-50% इलाके अभी भी नेटवर्क की दृष्टि से कमजोर हैं। हिमालयी क्षेत्र, राजस्थान के रेगिस्तान, पूर्वोत्तर राज्य, अंडमान-निकोबार, और लद्दाख जैसे इलाकों में सिग्नल अक्सर गायब हो जाता हैं। सीमा सुरक्षा बलों, वन अधिकारियों, और पर्यटकों को इन इलाकों में संचार के साधनों की भारी कमी होती है। ऐसे में ऊ2ऊतकनीक न केवल आम नागरिकों बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों के लिए भी गौरवपूर्ण उपलब्धि साबित हो सकता है। अमेरिकी कंपनी इस क्षेत्र में विश्वस्तरीय खिलाड़ी है। इसने अब तक 6 लो-अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट लॉन्च किया हैं और 243 और भेजने की योजना है। इन सैटेलाइट्स का नेटवर्क इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि ये सीधे स्मार्टफोन से सिग्नल रिसीव और ट्रांसमिट कर सके। वहीं, वोडाफोन-आइडिया भारत की प्रमुख दूरसंचार कंपनियों में से एक है। यह साझेदारी ३ को तकनीकी और सैटेलाइट इन्फ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराएगी, भारत के रिमोट इलाकों में नेटवर्क विस्तार संभव बनाएगी, बिना अतिरिक्त स्पेक्ट्रम की आवश्यकता के, मौजूदा नेटवर्क का सैटेलाइट से संयोजन होगा। छएड सैटेलाइट पृथ्वी के करीब 500झ1200 किलोमीटर की ऊँचाई पर होते हैं। ये एक विस्तृत एरिया में सिग्नल ट्रांसमिट करते हैं। मौजूदा 4ॠ/5ॠ स्मार्टफोन में ऊ2ऊ सिग्नल को रिसीव करने की क्षमता होती है, यदि उनका सॉफ्टवेयर अपडेट किया जाए। जब यूजर टावर नेटवर्क से बाहर निकलता है, तब फोन ऑटोमेटिकली सैटेलाइट से जुड़ जाता है। कॉल, मैसेज और इंटरनेट की सेवा बिना रुके जारी रहता है। भारत में केवल ३ और अरळ की जोड़ी ही नहीं, बल्कि कई वैश्विक कंपनियां भी इस मैदान में उतरने की तैयारी कर चुका हैं उसमें स्टारलिंक 7800 सैटेलाइट पहले से छएड में, इनमें से 600 सपोर्ट करता हैं, अमेरिका में ट्रायल कर चुका है, भारत में जियो और एयरटेल से बातचीत में व्यस्त है। ग्लोबलस्टार (अस्त्रस्त्र'ी की साझेदार कंपनी) ढँङ्गल्ली 14 और आगे के मॉडल में सेटेलाइट रडर फीचर, भारत में भी ढँङ्गल्ली यूजर्स को इससे लाभ मिल सकता है। अमेजन क्यूपर प्रोजेक्ट 3200 से अधिक छएड सैटेलाइट भेजने की योजना, भारत में एंटर करने की कोशिश चलरहा है। भारत सरकार पहले ही स्पेस कम्युनिकेशन नीति 2022 के अंतर्गत प्राइवेट सैटेलाइट कंपनियों को बढ़ावा देने की घोषणा कर चुकी है। डिजिटल समावेशन और सशक्त भारत की दिशा में यह कदम बेहद प्रभावशाली साबित हो सकता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने निजी कंपनियों के लिए स्पेस लॉन्च प्लेटफॉर्म खोल दिया हैं क्ठ-रढअउी और ठरक्छ के माध्यम से वाणिज्यिक सैटेलाइट संचालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। ट्राई और डॉट जैसी नियामक संस्थाएं स्पेक्ट्रम उपयोग और पॉलिसी सपोर्ट देने के लिए तैयार है। तकनीक की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका राष्ट्रीय सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में होगी। सेना और सीमा सुरक्षा बल अब दुर्गम क्षेत्रों में भी निरंतर संपर्क में रह सकेंगे। भूकंप, बाढ़, तूफान जैसी आपदाओं में राहत कार्यों के दौरान नेटवर्क बंद नहीं होगा। जंगलों में कार्यरत वन अधिकारी, वैज्ञानिक और वन्यजीव शोधकर्ता भी जुड़े रहेंगे। 2ऊतकनीक को इस तरह विकसित किया जा रहा है कि यह मौजूदा स्मार्टफोनों में ही काम करे। इसके लिए सॉफ्टवेयर अपडेट की आवश्यकता होगी, कुछ विशेष मॉडल्स में पहले से सैटेलाइट कनेक्टिविटी है और भविष्य के फोनों में ऊसपोर्ट इनबिल्ट होगा। शुरूआती दिनों में ऊ2ऊसेवा थोड़ी महंगी हो सकती है, लेकिन जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और उपयोगकर्ता संख्या बढ़ेगी, टैरिफ कम होंगे। जैसे ऑपरेटर इसे डेटा पैकेज के के रूप में ला सकते हैं। सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण और दुर्गम इलाकों में इसे सब्सिडाइज किया जा सकता है। डिवाइसेस भी सैटेलाइट से जुड़ेंगे, ड्रोन, ऑटोमोबाइल, हेल्थ डिवाइसेस रीयल टाइम कम्युनिकेशन कर पाएंगे। पोर्टेबल ऊ2ऊनेटवर्क डिवाइसेस सेना, ठऊफ्रॠऔर चिकित्सा दलों के लिए उपलब्ध होंगे और ब्लाइंड स्पॉट फ्री नेटवर्क इंडिया की ओर पहला कदम है। डायरेक्ट टू डिवाइस तकनीक न केवल एक नया नेटवर्क समाधान है, बल्कि यह भारत को संचार क्रांति की नई ऊंचाई पर ले जाने वाला यंत्र है।

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण से बेचैन हुआ विपक्ष

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन -एस.आई.आर.) का काम शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक उसकी इस पहल का मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और वास्तविक बनाना है। हालांकि, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ के व्यापक आरोप लगाए हैं। लगभग सभी ने एसआईआर का विरोध किया है और कहा है कि इससे मताधिकार से वंचित होने का गंभीर खतरा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बाकी 3 करोड़ मतदाताओं को प्रमाण के लिए दस्तावेज देने होंगे। वोटिंग लिस्ट में ये संशोधन ऐसे वक्त किए जाने हैं जब बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ऐसे में विपक्षी पार्टियां इस पर नाराजगी जता रही हैं। इस मसले पर विपक्ष की ओर से एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई मुद्दे उठाए थे और व्यावहारिक समस्याएं बताई थीं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 जून को महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग के बारे में कई बातें लिखी थीं। उन्होंने लिखा था, क्योंकि महाराष्ट्र की यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर वहां भी, जहां-जहां बीजेपी हार रही होगी।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम है। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने 27 जून को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है। जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 2003 में जब मतदाता सूची का पुनरीक्षण हुआ था तो उसमें दो साल लगे थे और तब साढ़े चार करोड़ से कुछ ज्यादा मतदाता थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का मानना है कि विधानसभा चुनाव से एक महीने पहले सघन पुनरीक्षण अभियान संभव नहीं है। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है? क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है? नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है। संविधान का अनुच्छेद 324 (1) भारत के निर्वाचन आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के - चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति देता है। गहन पुनरीक्षण में मतदाता सूची को नए सिरे से तैयार किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फादा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में राजनीतिक दल करें सहयोग : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

## जनप्रतिनिधियों को स्वयं गणना फॉर्म सौंपा

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। पश्चिम चंपारण के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने जिले में नामांकित विधायकों, विधान पार्षदों और सांसदों को विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के लिए स्वयं गणना फॉर्म सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने इस व्यापक अभियान में राजनीतिक दलों से एक बार फिर सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यह पुनरीक्षण कार्य मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिहीन बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। जिला पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और यह



सुनिश्चित करने में मदद करें कि जिले के प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो।

### बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को उनके वार्षिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त एकमुश्त 6,000/- का मानदेय देने की मिली मंजूरी

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में काम की मात्रा और प्रकृति को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने लिया निर्णय। बेतिया(घनश्याम)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बूथ लेवल अधिकारियों (इछड) और सुपरवाइजरों को अतिरिक्त मानदेय के भुगतान का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि आयोग ने अपने पत्र संख्या 23/ल्ल२३/2015-एफ्र के तहत इछड२ और सुपरवाइजरों के लिए न्यूनतम वार्षिक मानदेय निर्धारित किया है। चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में काम की मात्रा और प्रकृति को देखते हुए, आयोग ने प्रत्येक इछड और इछड सुपरवाइजर को उनके वार्षिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त एकमुश्त 6,000/- का मानदेय देने की मंजूरी दी है।

# विश्व प्लास्टिक मुक्त एवम वनमहोत्सव के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। विश्व प्लास्टिक मुक्त व वन महोत्सव के दिवस अवसर पर वाल्मीकिनगर में जागरूकता कार्यक्रम के तहत झोला वितरण व प्रभातफेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।बतादें की इस मौके पर वाल्मीकिनगर स्थित वाल्मीकि उद्यान में प्रगाश ईकोलॉजिकल ग्रीनवे फाउंडेशन के तत्वावधान में विश्व प्लास्टिक मुक्त एवं वन महोत्सव दिवस के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें उपस्थित जनसमूह को प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।इस दौरान प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें बच्चों ने हाथों में तख्तियाँ लेकर ह्लप्लास्टिक हटाओ,जीवन बचाओह्व, ह्लकपड़े का झोला अपनाओ, धरती को बचाओह्व, जैसे नारे लगाकर आमजन को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी मोहन प्रसाद श्रीवास्तव,अजय झा,मनोज कुमार और एसएसबी के सहायक सेनानायक विवेक सिंह ने छात्रों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के एक विशिष्ट पहल के अंतर्गत ऊपरी शिविर स्थित वन विभाग के जंगल कैंप में मनोज कुमार द्वारा पर्यटकों और नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार की अपील की गई एवं कपूर से बने पुनः उपयोगी झोले वितरित किए गए। इसके अलावा, गोल चौक, तीन आरडी चौक से लेकर टंकी बाजार क्षेत्र में प्लास्टिक के थैलों की जगह कपड़े के थैलों के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और ग्राहकों के बीच झोले वितरित किए गए। इस अवसर पर सहायक सेनानायक विवेक सिंह, मनोज कुमार,प्रेम कुमार,अजय झा,रोहित कुमार,सेवानिवृत्त शिक्षक व राष्ट्रपति अवाडेड मोहन प्रसाद श्रीवास्तव,अंकित कुमार,अधिश्री झा समेत कई अन्य पर्यावरण प्रेमी नागरिक शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### गरखा मे डॉ पारुल शंकर ने चलाया जनसंपर्क अभियान



गड़खा। शहर के 119 विधानसभा के अस्पताल चौक स्थित राजद के वरिष्ठ नेता चिंता राय उज्जवल राय, एवं तारकेश्वर राय, निर्मल राय के नेतृत्व मे दर्जनों राजद कर्यकर्ताओ के साथ राजद के युवा नेत्री डॉ पारुल शंकर ने जनसंपर्क किया, जहां राजद के कर्यकर्ताओ द्वारा नेत्री का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया वही कार्यक्रम की शुरूआत उज्जवल राय एवं निर्मल राय ने किया बिहार बिधानसभा 2025 की चुनावी घंटी बजने के बाद नेताओं की सक्रियता क्षेत्र मे बढ़ गई हैं जहां राजद नेत्री गरखा के दर्जनों गांव मे जनसंपर्क चला रही हैं एवं सभी जनता से आशीर्वाद ले रही हैं. उक्त मौके पर राजेश सिंह, सुजीत कुमार,बालेश्वर राय,मुन्द्रिका राय, रविन्द्र सिंह,संजय राय,आदि लोग उपस्थित रहे...

### तालाब को अतिक्रमण किये जाने की शिकायत

पानापुर(सारण)प्रखंड के सतजोड़ा गाई टोला के ग्रामीणों ने डीसीएलआर मढ़ौरा को आवेदन देकर गांव में स्थित सरकारी तालाब को दबंगों द्वारा अतिक्रमण किये जाने की शिकायत की है।ग्रामीणों ने कहा है कि इस तालाब पर हम ग्रामीण छठपूजा करते है।उन्होंने कहा है कि स्थानीय अंचल कार्यालय में पूर्व में आवेदन देकर उक्त तालाब को अतिक्रमणमुक्त किये जाने की गुहार लगायी गयी थी लेकिन कोई कार्रवाई नही की गयी ।

### एक वर्ष पूर्व बना शौचालय हुआ जर्जर, लोगों ने की जांच की मांग

बगहा। वाल्मीकिनगर पंचायत में पूर्व में हुए विकास कार्य अब अपने असली रंगरूप में आ विकास को आइने दिखाने शुरू कर दिए है।स्थानीय लोगों ने वाल्मीकिनगर स्थित टंकी बाजार में बने एक वर्ष पूर्व नवनिर्मित शौचालय का हाल बदतर हो चला है। शौचालय का हैंड पाइप के चारो तरफ बड़े बड़े गड्ढे बन गए है तो वहीं टॉयलेट सीट पूरी तरह से भरकर खत्म हो गए है तो यूरिन सीट भी बदहाल हो गए है।ऐसा ही अमूमन प्रधानमंत्री योजना से बनाई गई घरेलू शौचालय के भी बुरे हाल हो गए है।एक तो घटिया सामग्री से निर्माण दूसरे उसके एखरखाव के आभव में हो रहा है बुरा हाल। समाजसेवी अमित कुमार सिंह ने कहा की ऐसे कार्यो को चिन्हित कर उच्च अधिकारियों द्वारा जांच कर सख्त कर्यवाई होनी चाहिए।

### तेज रफ्तार का कहर ठेला गाड़ी को उड़ाया दो की हालत गम्भीर अस्पताल में भर्ती




बगहा। बगहां के रामनगर में रफ्तार का कहर देखने को मिला।दरअसल रामनगर गोवर्धना मुख्य सड़क के बीच गोवर्धना थाना क्षेत्र बखरी के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ठेला वाले को सिधा टक्कर मारकर फरार हो गया।इस टक्कर से ठेला चालक और उसका एक सहयोगी बुरी तरह से घायल हो गया। दोनों घायलों की स्थिति गंभीर देख गोवर्धना थाना की पुलिस अपने गाड़ी से लेकर रामनगर पीएचसी पहुंची,जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज केलिए दोनो को रेफर कर दिया । दोनो की पहचान रामनगर नगर वार्ड संख्या 01 के निवासी के रुप में हुई है ।

# भूमिहीन परिवारों को उजाड़ा गया तो होगा आंदोलन



पानापुर(सारण)प्रखंड के सारंगपुर जानकी चौक पर गुरुवार को भाकपा माले के जिला कमिटी के सचिव सभापति राय के नेतृत्व में कार्यकताओं एवं सारण तटबंध के किनारे बसे भूमिहीन लोगो की एक बैठक हुई।इस बैठक में सारण तटबंध के किलोमीटर 40 से किलोमीटर 80 के बीच चल रहे चौड़ीकरण कार्य के कारण सारण तटबंध पर बसे भूमिहीन परिवारों के विस्थापन की समस्या पर चर्चा की गयी ।माले नेता सभापति राय ने कहा कि सीओ द्वारा भूमिहीन परिवारों को बसावट के लिए जमीन उपलब्ध कराने की बात कही गयी थी लेकिन अबतक कोई पहल नही की गयी।वही विभाग द्वारा सारण तटबंध का चौड़ीकरण कार्य युद्धस्तर पर जारी है ।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भूमिहीन परिवारों को जबतक अन्यत्र जमीन नही मिलेगी वे अपना आशियाना नही उजड़ने देंगे और इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा।

# जिले के सभी निजी विद्यालयों में होगा भारत स्काउट गाइड दल का गठन

## डीपीओ ने रविवार को आवश्यक बैठक बुलाई,अनुपस्थित रहने वाले निजी विद्यालयों पे होगी कर्वाई

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय । शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार सत्र 2025-2026 के लिए जिले के सभी निजी विद्यालयों में भारत स्काउट और गाइड का दल गठन का निर्देश दिया गया है। इस हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(समग्र शिक्षा) के द्वारा पत्र निर्गत कर सभी सीबीएसई एवम बिहार सरकार से पंजीकृत निजी विद्यालयों की आवश्यक बैठक सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल चांदमारी रोड छपरा में दिनांक 06/07/25 दिन रविवार को बुलाई गई है। बैठक में सभी निजी विद्यालयों में दल पंजीयन करने के साथ विद्यालय स्तर पे स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधि के संचालन के संबंध में विस्तृत चर्चा किया जायेगा।जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा की इसके पूर्व भी पत्र के माध्यम से भारत स्काउट और गाइड दल गठन करने का निर्देश निजी विद्यालय के संचालकों को दिया जा चुका है लेकिन जिले के लगभग संचालक इसपे रुचि नहीं दिखाए है, जो खेद का विषय है और उच्च पदाधिकारियों के आदेश की अवेहलाना है।उन्हाने कहा की रविवार को बैठक में अनुपस्थिति रहने वाले या दल पंजीयन नही करवाने वाले निजी विद्यालय के संचालकों पे करवाई हेतु वरीय पदाधिकारियों को अनुशंसा किया जायेगा।स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधि से बच्चो में अनुशासन,देशभक्ति,चरित्र निर्माण,सेवाभाव एवम नैतिकता जैसी शिक्षा विद्यालय स्तर पे ग्रहण करने का अवसर मिलता है।जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने बताया की बैठक से संबंधित सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

# क्लब ने किया सम्मानित



छपरा कार्यालय। लायंस क्लब छपरा सारण द्वारा प्रसिद्ध 37 डॉक्टर्स, 8 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं 12 बैंकर्स को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। लायंस क्लब छपरा सारण का नया सत्र( 25 - 26) के लिए नए सत्र में चेयर चेंजिंग का आयोजन किया गया जिसमें पी डी जी लायन डॉ एस के पांडेय द्वारा अध्यक्ष लायन संजय आर्या सचिव लायन डॉ नागेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष लायन डॉ ओम प्रकाश गुप्ता एवं पी आर ओ लायन गणेश पाठक को बनाया गया।इस कार्यक्रम में क्लब के सभी अधिकारी सहित सभी क्लब सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी गणेश पाठक ने दी।

# इंडो-बाली समिट में शिक्षाविद: डॉ हरेंद्र सिंह सम्मानित

## इंडोनेशिया के बाली में मिला इंटरनेशनल एजुकेशन एक्सीलेंस पुरस्कार एवं गोल्ड मेडल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण के शिक्षा जगत के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि सीपीएस समूह के अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार विद स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान इंडोनेशिया के बाली शहर में आर्थिक विकास संघ द्वारा आयोजित इंडो-बाली लीडर्स शिखर सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह झ 2025ह्व के अवसर पर प्रदान किया गया। यह आयोजन 29 जून 2025 को क्रॉस वाइब पाशा अटेलियर, कूटा, बाली में भव्य रूप से संपन्न हुआ।




यह पुरस्कार विशेष रूप से पद्मश्री इडा रसी पुत्र मनुबा, संस्थापक एवं अध्यक्ष, आश्रम गांधी पुरी, बाली (इंडोनेशिया) द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित थे माननीय प्रोफेसर डॉ. इ. वयान डिबिया, पद्मश्री सम्मानित, इंडोनेशियाई कला संस्थान, बाली, परम पूज्य सद्गुरु क्रियायोग डॉ. मंगेशदा, संस्थापक, ह्लसद्गुरु मंगेशदा क्रिया फाउंडेशनह्व, मुंबई, डॉ. राम शंकर अग्रवाल, अध्यक्ष, एपीएस समूह, सिवनी, मध्य प्रदेश यह पुरस्कार उन महान व्यक्तियों को समर्पित था जिन्होंने सामाजिक उत्तरदायित्व, शैक्षिक नवाचार एवं सतत विकास के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है। डॉ. हरेंद्र सिंह को यह सम्मान शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने, नवाचार को प्रोत्साहन देने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अमूल्य योगदान के लिए प्रदान किया गया। डॉ. हरेंद्र सिंह ने इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान को प्राप्त कर अत्यंत गर्व एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम नहीं, बल्कि सीपीएस परिवार, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा पूरे बिहार के शिक्षा जगत की सामूहिक उपलब्धि है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. समायल अहमद एवं आयोजन समिति के प्रति आभार प्रकट किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सीपीएस परिवार, छपरा एवं समस्त क्षेत्रवासियों ने डॉ. सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा इसे छपरा के लिए एक नई अंतरराष्ट्रीय पहचान बताया।

# केसरी मठिया बाजार में पुलिस छापेमारी: तीन आर्केस्ट्रा ग्रुपों से छह नाबालिग लड़कियां बरामद, संचालक फरार

● आर्केस्ट्रा संचालकों व मकान मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा । स्थानीय थाना पुलिस व महिला थाना पुलिस ने बुधवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए केसरी मठिया बाजार स्थित तीन अलग-अलग आर्केस्ट्रा ग्रुपों पर छापेमारी कर छह नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया। सभी लड़कियां न्यू आर्केस्ट्रा म्यूजिकल ग्रुप, शिवशक्ति आर्केस्ट्रा ग्रुप और मुस्कान आर्केस्ट्रा एंड म्यूजिकल ग्रुप से जुड़ी थीं। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते हीं ग्रुप के संचालक एवं मकान मालिक मौके से फरार हो गए। इस संबंध में एकमा थाने में पदस्थापित एसआई ताज महम्मद खां के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें तीनों आर्केस्ट्रा ग्रुप के संचालक व किराए पर मकान देने वाले घर मालिकों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। छापेमारी दल में मिशन मुक्ति फाउंडेशन के डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, रेस्क्यू फाउंडेशन दिल्ली के जांच अधिकारी अक्षय कुमार पांडेय, नारायणी सेवा संस्थान छपरा के समन्वयक अखिलेश कुमार सिंह, महिला थानाध्यक्ष महाश्वेता सिन्हा, एएचटीयू प्रभारी विशाल आनंद, महिला सशस्त्र बल की सिपाही नीतू कुमारी, रूमा कुमारी, सपना कुमारी, सरोजिनी कुमारी समेत एकमा थाने के एसआई ताज अहमद खां शामिल थे। छापेमारी के क्रम में पुलिस ने सबसे पहले न्यू आर्केस्ट्रा म्यूजिकल ग्रुप के किराए के मकान में तीन नाबालिग लड़कियों को बरामद किया। इसके बाद शिवशक्ति आर्केस्ट्रा के ठिकाने से एक और मुस्कान आर्केस्ट्रा एंड म्यूजिकल ग्रुप से दो नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया गया। बरामद लड़कियों में तीन पटना, एक दिल्ली, एक नेपाल और एक पश्चिम बंगाल की निवासी हैं। पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि मकान मालिकों की मिलीभगत से संचालक उन्हें जबरन कार्यक्रमों में ले जाते थे और अश्लील गानों पर नाचने के लिए मजबूर करते थे। विरोध करने पर उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। पुलिस ने सभी लड़कियों को सुरक्षित महिला थाना पहुंचा दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में तेजी लाई गई है।

# मोहर्रम एवं श्रावणी मेला को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

लहलादपुरः जनता बाजार थाना परिसर में मोहर्रम एवं श्रावणी मेला को लेकर शांति समिति की एक बैठक हुयी. बैठक में मुख्य रूप से मोहर्रम एवं श्रावणी मेला के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया गया. मौके पर बीडीओ नीलेश कुमार ने प्रखंडवासियों से शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्ण माहौल में मोहर्रम एवं मेला को सफल बनाने की अपील किया. वहीं सीओ शम्मी कुमार ने कहा कि मोहर्रम एवं मेला एक दूसरे को जोड़ने का काम करता है. इसे आपसी भाईचारे के साथ निभायें. वहीं थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें. अफवाह फैलाने वाले को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि सब आपस में मिलकर भाईचारे के साथ मोहर्रम एवं मेला का आनंद लें. इस दौरान उन्होंने कहा कि ताजिया को लेकर लाइसेंस लेना जरूरी है तथा रूट चार्ट के अनुसार ताजिया का जुलुस संपन्न कराया जाय. साथ किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना तुरंत प्रशासन को दें. बैठक में प्रखंड प्रमुख मनोज साह, उपप्रमुख मोतीलाल मांझी, पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, रामाशीष यादव, एसआई मनी कुमार, एएसआई गंगा दयाल ओझा के अलावे स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया.

# सारण जिला के लाल सैयद आरिश हसन को उपराष्ट्रपति ने किया सम्मानित

● संसदीय कार्य प्रणाली के प्रशिक्षण में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। शहर के करीमचक, राहत रोड के हसन मंजिल निवासी एडवोकेट फैयाज हसन और रूही हसन के पुत्र सैयद आरिश हसन को संसद के उच्च सदन में आयोजित एक कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं राज्यसभा के महासचिव पी सी मोदी ने सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान संसदीय कार्य प्रणाली प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया. आरिश सैयद नबी हसन के प्रपौत्र एवं सैयद जकी हसन के पौत्र हैं. ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम देश के सबसे प्रतिष्ठित एवं दुर्लभ अवसरों में से एक माना जाता है. जिसके चयन प्रक्रिया अत्यंत प्रतिस्पर्धी होती है. जिसमें देश के सभी राज्यों से महज 35 से 40 प्रशिक्षुओं को चयनित किया जाता है. सभी चयनित प्रतिभागियों को सांसदों के निजी सचिव, यूपीएससी के प्रतिभागी, राजनीति शास्त्री और सीए के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है. इस दौरान उन्हें संसदीय सचिवालयों, केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों एवं वरिष्ठ नौकरशाहों के साथ प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाता है. इससे उनमें नीति-निर्माण, विधायी अनुसंधान और संसदीय कार्यप्रणाली की गहन समझ प्रदान की जाती है. अपने अपने क्षेत्र के माहिर लोगों के साथ प्रशिक्षण में आरिश ने अपने अलग मुकाम बना कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. उपराष्ट्रपति महोदय के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में आरिश हसन को कम उम्र में बहुत बड़ी और एक अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई. आरिश सम्प्रति देश के प्रतिष्ठित संस्था एमेटी यूनिवर्सिटी से बीबीए एलएलबी की पढ़ाई कर रहे हैं. यह उनकी पढ़ाई का अंतिम वर्ष है. वे सुप्रिम कोर्ट में प्रैक्टिस करना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि संसदीय कार्यप्रणाली में प्रशिक्षण से उनकी सोच को एक व्यापक आयाम मिला. जो प्रोफेशनल जीवन में बेहद उपयोगी होगा. उपराष्ट्रपति से सम्मानित होने पर उनके हौसलों को और भी मजबूती मिली है.

# डॉ परेश कुमार बनें राजेन्द्र कॉलेज पीजी मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष



छपरा कार्यालय। राजेन्द्र कॉलेज पीजी मनोविज्ञान विभाग के नये अध्यक्ष डॉ परेश कुमार को बनाया गया है। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य डॉ उदय शंकर पांडेय ने पत्र जारी किया है। डॉ नेहा दुबे के स्थान पर नये अध्यक्ष के रूप में डॉ परेश कुमार विभाग में पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि डॉ कुमार बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग से चयनित होकर पिछले वर्ष विभाग में कार्यरत थे। इसके पूर्व वे इसी विभाग में गेस्ट शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। शिक्षण कार्य का उन्हें लंबा अनुभव रहा है। वर्तमान में वे राजेन्द्र महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक भी है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि राजेन्द्र कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग को सुदृढ़ एवं नई ऊंचाई देना उनका परम कर्तव्य होगा। उन्होंने अपने कार्यो से कॉलेज की गरिमा को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर कॉलेज शिक्षक संघ के सचिव डॉ प्रशांत कुमार सिंह, डॉ देवेश रंजन, डॉ गौरव सिंह, डॉ विशाल सिंह, डॉ सुनील प्रसाद, डॉ अंकित कुमार विश्वकर्मा, डॉ गौरव शर्मा, डॉ कुमार गौरव, डॉ नवीन सिंह,डॉ रहमान , मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ राकेश सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, डॉ नीतू सिंह, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ चंदा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# 42 वीं डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारी अंतिम चरण में

## गरखा के बसंत हाई स्कुल के ग्राउंड में बनाया गया है ट्रैक

प्रात : किरण संवाददाता



परा कार्यालय। आगामी पांच व छह जुलाई को गरखा में आयोजित 42वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारी पूरे जोर शोर से जारी है. उक्त जानकारी सारण जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव गजेंद्र कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष जिला प्रतियोगिता की मेजबानी अलग अलग प्रखंड इकाइयों को सौंपी जाती है. प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए गरखा प्रखंड इकाई के नारायण सिंह को आयोजन सचिव बनाया गया है. श्री सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, आवागमन और ईवेंट संपन्न कराने के लिए अलग अलग उप समितियां बनायी गयी हैं. वहीं आयोजन स्थल बसंत उच्च विद्यालय के क्रीड़ा मैदान में निर्मल ठाकुर, संजय सिंह, मिंटू जी और कमलजीत कुमार की निगरानी में ट्रैक तैयार कर लिया गया है. उन्होंने बताया कि जिला प्रतियोगिता में अंडर 14 व 16 के बालक तथा बालिका समेत पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ी विभिन्न प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकेंगे. चूंकि नेशनल के लिए ऑन द स्पॉट चयन होगा इसलिए खिलाड़ियों को अपने जन्म प्रमाण पत्र के साथ आने का निर्देश दिया गया है. संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आंध्र प्रदेश के तिरूपति में आयोजित राष्ट्रीय इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में शिरकत के लिए भेजा जाएगा.

# डीडीसी ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण,बैठक का दिया कई निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर । डीडीसी सारण ने बनियापुर प्रखंड कार्यालय ,सीडीपीओ कार्यालय सहित आमाव,प्यारेपुर का दौरा कर कई मतदाताओं का वोटर कार्ड का सत्यापन किया तथा आवश्यक प्रपत्र से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया।चुकी विधान सभा चुनाव को लेकर सरकार मिशन मॉड मे है,मतदाता सूची से संबंधित कर विशेष गहन पुनरीक्षण मे लगे बीएलओ को दिया गया प्रपत्र को कितने लोग भर कर बीएलओ पोर्टल पर अपलोड किए,इसकी भी निरीक्षण किया गया।वही 2003 से हुई शादी के बाद उनका मायके का वांछित आधार,बैंक खाता सहित डिटेल्स भी अपलोड करना है,आंगनबाड़ी कार्यालय पहुंच डीडीसी ने सीडीपीओ आशा सिंह को भी निर्देश दिया कि सभी कर्मी आपसी सहयोग कर एक टीम वर्क की आज तक सभी बी एल को कम से कम बीस प्रपत्र कालेक्ट करते पोर्टल पर अपलोड कर देना है।

# सारण में शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में नए डीईओ का भव्य स्वागत

● शिक्षक संघ ने डीईओ से लंबित वेतन व प्रोन्नति मामलों के शीघ्र निष्पादन की मांग की

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिले के शिक्षा विभाग में बुधवार को हुए प्रशासनिक फेरबदल के बाद नवनियुक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) निशांत किरण का सारण आगमन पर परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ ने जोरदार स्वागत किया। संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर नए डीईओ का अभिनंदन किया। इस अवसर पर समरेंद्र बहादुर सिंह ने नए डीईओ के समक्ष जिले के शिक्षा विभाग से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं को रखा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को आपसे बड़ी उम्मीदें हैं। उन्होंने मढौरा,सोनपुर, एकमा, जलालपुर सहित अन्य प्रखंडों के ग्रुप ए, बी, सी, डी शिक्षकों का बकाया अंतर वेतन भुगतान, राघवेंद्र शर्मा बनाम बिहार सरकार जजमेंट के क्रियान्वयन, कालबद्ध प्रोन्नति और कई शिक्षकों के लंबित वेतन



भुगतान की समस्या शीघ्र सुलझाने की मांग रखी। निशांत किरण ने सभी शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि विभागीय कार्यों को पूरी पारदर्शिता व समयबद्ध ढंग से निष्पादित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की हर समस्याओं पर संवेदनशीलता से विचार कर समाधान कराया जाएगा। इस स्वागत समारोह में शिक्षक नेता संजय यादव, सत्यनारायण साह, विनोद राय, इंद्रजीत महतो, हवलदार मांझी, निजाम अहमद, अंकित सिंह, अनुज यादव, रंजीत सिंह, अशोक यादव, फिरोज इकबाल, मंटू मिश्रा, पीयूष तिवारी, संतोष कुमार सिंह, राहुल रंजन, सूर्यदेव सिंह, शौकत अली, विनायक यादव,जिंतेंद्र सिंह,अभिषेक द्विवेदी, पंकज प्रकाश सिंह,अनिल दास,सुमन कुशवाहा,विनायक यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी ने जिला शांति समिति की बैठक में दिये जरूरी दिशा-निर्देश कहा तजिया का हाइट कम से कम हो ताकि बिजली के तार के चपेट में न आए

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। मुहर्रम पर्व 2025 को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा विधि-व्यवस्था संधारण के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में हुई. बैठक में डीएम ने कहा कि मुहर्रम त्याग एवं समर्पण का पर्व है, जिसे पाक भावना से मनाया जाना चाहिए. उन्होंने शांति समिति के सम्मानित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले के शांति दूत हैं. सभी को पूरी पूर्व की तरह तत्परता के साथ जिला प्रशासन को सहयोग बनाए रखना होगा उन्होंने कहा कि सभी सदस्य युवा वर्ग को भी शांति एवं संयम बनाये रखने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करें. नगर निगम को निर्देशित किया गया कि शहर को सफाई कराते हुए चूना व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव सुनिश्चित करें.

**डीजे पर रहेगा प्रतिबंध**

डीएम ने स्पष्ट किया कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा. किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग नहीं किया जायेगा व ताजिया की लंबाई पिछले वर्ष के अनुसार ही रहेगा. इस अवसर पर डीएम ने बताया कि मेला स्थल एवं कर्बला जाने रास्ते में लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरे, स्वच्छ पेयजल, सफाई तथा चलंत शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी. संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों रॉड और पोल पर लटके तारों की मरम्मत पूरी कर लेना सुनिश्चित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने कहा कि यह पर्व भाईचारे के साथ मनाया जाये. सभी थाना एवं अनुमंडल स्तर पर शांति समिति की बैठक संपन्न हो चुकी है. संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी से निगरानी की जायेगी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित रहेगी. छतों व ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी जायेगी. जिला प्रशासन की



पैनी नजर रहेगी. अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी. मोटरसाइकिल का उपयोग जुलूस में वर्जित रहेगा. किसी प्रकार का राजनीतिक पोस्टर, बैनर आदि नहीं लगाया जायेगा. पूर्व की भांति अस्थायी नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा.तय मार्ग से ही निकलेगा जुलूस वॉलिंटियर्स अपने साथ आधार कार्ड आदि पहचान-पत्र अवश्य रखें. उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जुलूस किसी दूसरे धर्म के धार्मिक स्थल पर न रोकें, किसी की भावना को आहत न करें तथा अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं करें. कुछ महिला पुलिसकर्मियों व पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी। शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों की जानकारी दी. इसी कड़ी में बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्य सह बार असोसिएशन के मीडिया प्रभारी अमरेन्द्र चौबे ने कहा परिभ्रमण करने वालों को भी सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं खासकर जिस रूट से जुलूस जाए उस मार्ग के पथ की साफ सफाई एवं सड़क पर जो गड्ढे है उसे भरवाने का अनुरोध किया इसके साथ ही खलीफा व वॉलिंटियर्स आइडी कार्ड इत्यादि लगाकर रखेंगे तो काफी श्रेयस्कर होगा ताकि प्रशासन एवं पुलिस बल उन्हें आसानी से पहचान सके.सर्व धर्म हुसैनी एकता समाज भोजपुर के अध्यक्ष ओम प्रकाश मुना ने बताया कि बुढ़वा महादेव से धर्मन चौक टाउन थाना नाला मोड़ पुरानी पुलिस लाइन मोलबाग छोटी कर्बला पहलाम हो जायेगा महादेवा होते हुए । डॉ जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि पूरे जिले और शहर के अग्निपीड़ितों को राहत देने वाले फायर ब्रिगेड के कार्यालय जलजमाव से छती ग्रस्त है उसको शीघ्र निर्माण करें वरना कोई बड़ा दुर्घटना हो जायगा ।बैठक में सिविल सर्जन भोजपुर अनुमण्डल पदाधिकारी आरा रश्मी सिन्हा डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु नवादा थाना के इंसपेक्टर विपिन बिहारी सदर इंस्पेक्टर देवराज राय सिटी मैनजर ओमप्रकाश सहित बिजिली विभाग के अधिकारी सहित शांति समिति के सदस्य नवींन कुमार वीर कुशवाहा अमरेन्द्र चौबे डॉ जितेंद्र शुक्ला ओम प्रकाश मुना उमाकांत ओझा अनिल प्रजापति कुमार गोकुल भी उपस्थित थे ।।

**ऑटो चालकों से अवैध वसूली व मारपीट की घटना निंदनीय-इंदु देवी**

# महापौर बोलीः अवैध वसूली करने वालों का पर हो सख्त कार्रवाई

## परवाना रद्द कर, दर्ज किया जाए एफआईआर



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। आरा स्टेशन के समीप प्रतिदिन विभिन्न जगहों के लिए खुलने वाले ऑटो चालकों से निर्धारित कर से अधिक राशि वसूले जाने एवं मारपीट की घटना पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ऑटो चालकों से निर्धारित राशि से अधिक वसूल जाना, नहीं देने पर मारपीट करना बिल्कुल नजायज है। इसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। महापौर इंदु देवी ने बताया कि उन्होंने 9 मई 2025 को शहर के बाइपास में मालवाहक वाहनों से अवैध वसूली तथा अन्य यात्री स्टैंड से निर्धारित दर से ज्यादा पैसे वसूली करने वालों को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया था, इस दौरान उन्होंने भोजपुर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त व अन्य अफसरों को पत्र भेज कर इस संबंध में कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन इस संबंध में किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि अवैध वसूली करने वालों का मनोबल बढ़ गया। स्टैंड में अवैध वसूली का विरोध करने वाले ऑटो चालकों से बदमाशों द्वारा मारपीट की जाने लगी। उन्होंने बताया कि स्टेशन के समीप जो लोग ऑटो चालकों से अवैध वसूली कर रहे हैं, उन्हें बक्सा नहीं जाएगा। महापौर इंदु देवी ने कहा कि शहर के सभी प्रमुख स्थलों एवं चौराहों पर रेट चार्ट का बोर्ड लगाया गया था, लेकिन असमाजिक तत्वों द्वारा उसे उखाड़ कर गायब कर दिया गया है, ताकि स्टैंड के निगम द्वारा निर्धारित रेट के बारे में लोग जागरुक नहीं हो। उन्होंने इस संबंध में पुनः एक बार डीएम, एसपी व नगर आयुक्त से इस संबंध में कार्रवाई की मांग की है। कहा है कि जो भी व्यक्ति अवैध वसूली करते हैं उनका परवाना रद्द किया जाए। उन पर एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाए।

## संजीत ने लगन व मेहनत से लहराया सफलता का परचम

आरा। हिन्दी में एक कहावत है होनहार बिरवान के होत चिकने पात इस लोकोक्ति को चरितार्थ किया है भोजपुर के बिहिया प्रखंड क्षेत्र के पीपरा जगदीश गांव निवासी संजीत कुमार ने। उसने रेलवे टेक्निशियन ग्रेड वन (सिग्नल) की परीक्षा उत्तीर्ण कर भोजपुर जिले का नाम रौशन किया है। गुरुवार को संजीत ने मध्य रेल मुम्बई मंडल में योगदान किया।

उसने अब तक 11 प्रतियोगिता का रिजल्ट प्राप्त करने में सफलता अर्जित की है। उसकी प्रारम्भिक शिक्षा विश्व भारती शिक्षा सदन बिहिया चौरस्ता से हुई। मैट्रिकुलेशन की परीक्षा विवेकानन्द पब्लिक स्कूल बिहिया से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की। इंटर की परीक्षा जैन कॉलेज तथा स्नातक की परीक्षा (भौतिकी प्रतिष्ठा) महाराजा कालेज आरा से प्रथम श्रेणी से पास की। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी उसने सेल्फ स्टडी से की। प्रतिदिन वह दस से बारह घंटे तक पढाई करता था।

## जनतंत्र आवाज पार्टी के बैनर तले धनुपरा में लकड़ी कारीगरों की बैठक आयोजित हुई

प्रात: किरण संवाददाता

जनतंत्र आवाज पार्टी के बैनर से बबलू शर्मा की अध्यक्षता में धनुपुरा में लकड़ी कारीगरों की बैठक हुई बैठक में मुख्य रूप से आरा वन विभाग द्वारा 18 इंच आरा मिल उखाडे जाने के उपलक्ष्य में था बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अमीरचंद शर्मा ने बताया की वन विभाग गरीब लकड़ी का काम करने वाले लोगों को बराबर परेशान करता है और पैसे की मांग करता है पैसा नहीं देने के कारण सरकार की तरफ से फ्री 18 इंच का लकड़ी चीरने वाले मशीन खोल लिया जाता है जो उचित नहीं है । वहीं बैठक में उपस्थित जनतंत्र आवाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर शर्मा ने कहा की वन विभाग द्वारा आरा ही नहीं पूरे बिहार में लकड़ी कारीगरों को तंग तबाह और परेशान करने का



काम किया जाता है बड़े मिल मालिकों से मिल कर छोटे 18इंच आरा मिल वालो को रुपया हेतु बाध्य करते रुपया नहीं देने पर मिल कबारना और ा१ करना आम बात है जब कि लकड़ी माफियाओ के आगे बन बिभाग शर झुकता है अपने इस हरकत से बन बिभाग बाज आये बर्ना बिरोध का सामना करना होगा बैठक मे शामिल मे पवन शर्मा नवल शर्मा भगरित शर्मा मोहन शर्मा धनंजय शर्मा रितेश शर्मा संतोष शर्मा मंजीत कुमार अजय शर्मा अंकित शर्मा टुनटुन शर्मा सागर शर्मा सिद्धनाथ शर्मा आदि थे

# विशेष गहन पुनरीक्षण 2025: उत्कृष्ट बीएलओ और वॉलंटियर्स को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



भोजपुर जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत आज दिनांक 3 जुलाई 2025 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं वॉलंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। 194 - आरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 137 पर तैनात बीएलओ कृष्णा शर्मा को इछड ऐप के माध्यम से सबसे पहले निर्वाचकों के गणना प्रपत्र अपलोड करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, गणना प्रपत्रों के सबसे अधिक अपलोडिंग के लिए नंद किशोर शाह (196 - शाहपुर अउ, मतदान केंद्र 36), हरेराम सिंह यादव (197 - जगदीशपुर अउ, बूथ 104), और रेणु देवी (192 - संदेश अउ, मतदान केंद्र 59) को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।वॉलंटियर्स की भूमिका को सराहते हुए प्रियंका कुमारी (सीएफ, जीविका झ उदवंतनगर) एवं अरुण कुमार (विकास मित्र झ आरा नगर निगम) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, विशेष शिक्षक उदय शेखर आजाद को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया ने जिलेवासियों से अपील की कि वे शीघ्रातिशीघ्र अपना एन्यूमरेशन फॉर्म भरकर बीएलओ को जमा करें और मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

## अपर पुलिस महानिदेशक पटना का भोजपुर में आगमन हुआ



आरा। अपर पुलिस महानिदेशक (विधि-व्यवस्था), पटना (बिहार) का भोजपुर जिले में आगमन हुआ। उनके आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत उन्होंने पुलिस कार्यालय, भोजपुर (आरा) का निरीक्षण किया, जहां पुलिस अधीक्षक,सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। निरीक्षण एवं बैठक के दौरान उन्होंने जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, महत्वपूर्ण कांडों में स्पीडी ट्रायल की प्रगति, अवैध शस्त्र बरामदगी, आर्म्स एक्ट, हत्या व हत्या के प्रयास से जुड़े मामलों, कुर्की-जब्ती की कार्रवाई, यातायात व्यवस्था नियंत्रण तथा संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ठोस रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए।

## उचक्कों ने धोखाधड़ी कर एटीएम से40 हजार रुपए उड़ाए, पुलिस कर रही जांच

शेरघाटी । उचक्कों ने धोखाधड़ी कर एक्सिस बैंक के एटीएम से40 हजार रुपए निकाल लिया. धोखाधड़ी के शिकार मजदूर सोनडीहा गांव के रहनेवाले वासुदेव दुसाध ने मामले को लेकर थाने में रिपोर्ट दर्ज किया है. पुलिस से की गई शिकायत में उसने कहा है कि गोला बाजार रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में पैसे की निकासी करने गया था. उसने दो दफा पैसा निकालने के लिए एटीएम कार्ड उसे किया. लेकिन एटीएम से पैसा नहीं निकला. निराश होकर वह घर लौट गया. काफी देर के बाद उसके मोबाइल पर पैसा निकासी का मैसेज आया. इसके बाद वह भागा भागा बैंक पहुंचा. उसने शाखा प्रबंधक को में आपबीती सुनाई. उसने पुलिस को बताया कि जब कोई सुराग नहीं मिला तो बैंक वालों ने कहा कि मामले की शिकायत थाने में करो वहीं से कुछ हो सकता है.

## मॉनसून में स्वच्छता की नई शुरूआत

## नगर निगम ने सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ 53 वार्डों में एंटी लार्वा का कराया गया छिड़काव




गयाजी। नगर निगम साफ सुथरा हो गयाजी अभियान के तहत साफ-सफाई और जन स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में गुरुवार को सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत वार्ड संख्या-1 से 53 तक के सभी सूचीबद्ध नालों में एंटी लार्वा सीड का छिड़काव कराया गया है। यह छिड़क ाव नगर आयुक्त कुमार अनुराग के निर्देश पर सभी वार्डों के 349 नालों में वृहद स्तर पर हुआ है। एंटी लार्वा सीड छिड़काव के दौरान नगर आयुक्त स्वयं सड़क पर उतरकर वार्ड संख्या 41, 16, 5 सहित कई वार्डों का स्वंय मुआयना कर गली-मोहल्ले के सभी नालों में बेहतर ढंग से एंटी लार्वा सीड के छिड़काव का निर्देश देते नजर आएं।

मॉनसून के दौरान स्वास्थ्य संबंधी जोखिम को कम करने के लिए आज नालों में एंटी लार्वा सीड अभियान के तहत सभी वार्डों में वार्ड पार्षद, जमादार एवं सहायक की निगरानी में कराया गया है। दूसरे दिन इस अभियान के तहत शनिवार को भी शहर के सभी अस्पतालों में छिड़क ाव करवाया जाएगा। इसके बाद दूसरे राउंड इस अभियान के तहत एक सप्ताह बाद पुनः एंटी लार्वा सीड का छिड़काव किया जाएगा।

नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बताया कि सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत नगर निगम के 01 से 53 वार्डों में मिलाकर कुल सूचीबद्ध 349 नालों में एंटी लार्वा सीड का छिड़काव कराया गया है। छिड़क ाव से शहर में बढ़.रहे मच्छर के साथ साथ डेंगू के संक्रमण, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारियों का प्रसार रोकने के लिए निजात मिलेगी। आगे उन्होंने बताया कि रोस्टर के हिसाब से चार फॉगिंग मशीन से सभी वार्डों में फॉगिंग किया जा रहा है और एक मशीन से मुख्य सड़क एवं संस्थानों में प्रतिदिन फॉगिंग भी करायी जा रही है। यह अभियान स्वच्छ व स्वस्थ गयाजी की ओर कदम हैं।

यह अभियान न केवल बीमारियों को रोकने में मदद करता है, बल्कि यह एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण बनाने में भी योगदान देता है।

सफाई को और कैसे सुदृढ़ बनाया जा सके, इसी क्रम में पूर्व में ही निगम बोर्ड के द्वारा प्रस्ताव पारित कराया गया था कि एंटी लावार्सीड का छिड़क ाव हेतु हर वार्ड के लिए मशीन खरीदा जाए।

मुख्य पथों की साफ सफाई की स्थिति का नगर आयुक्त ने की समीक्षा

नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने गयाजी शहर के मुख्य पथों की साफ सफाई की स्थिति की समीक्षा की गई है।

इस संबंध में नगर आयुक्त द्वारा बताया कि मुख्य पथों की साफ-सफाई व्यवस्था में इस माह काफी सुधार आया है। मैकेनिकल स्वीपिंग के कारण सड़कों पर धूल की मात्रा में कमी भी हुई है। उम्मीद है कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में गयाजी और बेहतर कर सके। अप्रैल एवं मई के महीने में एजेंसी द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गई थी, जिसके कारण दोनों माह में उन पर नगर आयुक्त द्वारा पुनः 30% फाइन एवं पेनल्टी लगाया गया है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि इस महीने इनके कार्य में सुधार है एवं संतोषजनक है। साथ हीं, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि स्वच्छ गया जी ऐप में कोई भी व्यक्ति इस से संबंधित शिकायत डाल सकता है जिस से सफाई कार्य में जन भागीदारी भी बने रहे। इसके साथ ही, अपील की गई कि सफाई करना बस एक पहलू है। गंदगी लोग समय पर निगम की गाड़ी में हीं दें और इधर उधर बेसमय नहीं फेंके, ये सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। जब तक लोगों में जागरूकता नहीं रहेगी और गंदगी इधर उधर फैलाते रहेंगे, तो सफाई व्यवस्था और शहर की इमेज प्रभावित रहेगी। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि हर काम की मॉनिटरिंग वो स्वयं कर रहे हैं और अगर काम संतोषजनक नहीं होगा तो कटौती के साथ साथ जुमार्ना भी लगाया जाएगा और ऐसा किया भी जा रहा है। जो भी कर्मी या एजेंसी द्वारा सही कार्य किया जा रहा है उनके कार्य को सहार्या जायेगा और जो कार्य में लापरवाही करेंगे तो उनको दंडित किया जा रहा है।

# कर्बला के शहीदों का मातमी जुलूस मेहदी के जुलूस के नाम से निकला

प्रात: किरण संवाददाता

आरा-मुहर्रम की 7, तारीख है, आज कर्बला के शहीदों के नाम का मातमी जुलूस मेहदी का जुलूस के नाम से आरा शहर में महादेवा महाजन टोली नट्ट1 स्थित डिप्टी शेर अली के इमामबाड़ा से स्वट्ट अहमद हुसैन की तरफ से शहर में निकाला गया। यह जुलूस महादेवा रोड, धर्मन चौक, गोपाली चौक, शीश महल चौक, सिंडिकेट इमामबारा, बिचली रोड होते हुए वापस धर्मन चौक, महादेवा रोड स्थित डिप्टी शेर अली के इमामबाड़ा में जाकर समाप्त हुआ। यह जुलूस निकलने की परम्परा लगभग 200 वर्ष पुरानी है। इसमें कर्बला मे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत के साथ ही विशेष रूप से हजरत कासिम (अट्ट) की याद मे निकलता है, जिनकी शहादत इस बेदर्दी से हुई कि उनकी लाश को टुकड़ों मे कर दिया, कि इमाम हुसैन उनकी लाश के टुकड़ों को एक चादर मे समेटकर खैमे मे लाए और सबने ऊनकी शहादत पर विलाप किया। जुलूस मे कर्बला के शहीदों की याद मे नौहा पढ़ा जाता है और मातम किया जाता है। शिया समाज के लोग विशेषकर आज हरा वस्त्र पहनकर इस शोकपूर्ण घटना की याद में मातम, नौहा करते हुए शोक मनाते है। और सभी समुदाय के लोग भी इस शोकपूर्ण घटना की याद में जुलूस के साथ शामिल रहते हुए अपना भरपूर सहयोग करते हैं।



इस जुलूस मे सैयद आबिद बिलग्रामी, सैयद काज़िम हुसैन, प्रोफेसर सैयद एजाज हुसैन, सैयद आबिद हुसैन, सैयद शब्बीर हसन, सैयद अकील हैदर, गुड्डू अंसारी, डाट्ट कौनैन रजा, सैयद कमर बिलग्रामी, सैयद वारिस बिलग्रामी, अबरार हैदर, यावर हुसैन, शादाब हुसैन, लड्डुन अंसारी आदि अनेक लोग शामिल थे। सैयद अली ने जुलूस मे नौहा पढ़ा जिसकी पंक्तियाँ इस प्रकार हैः-

शाहे कर्बोबला का मातम है,
बेकसो बेनवा का मातम है

जुलूस में सैयद रेयाज हुसैन ने भोजपुरी मे नौहा पढ़ा, जिसकी पंक्तिया इस तरह हैः

खैमे के दर पर खड़ी सकीना
रो-रो करत गुहार, अम्मू सांझ भइल ।

जुलूस में गुड्डू अंसारी, सर्व-धर्म हुसैनी एकता समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश मुन्ना, महफूज आलम, अब्दुल वहाब, बीर बहादुर, आदि का इसके संचालन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रशासन की ओर से जुलूस की देख रेख में अच्छी व्यवस्था रखी गई। मिडिया कर्मी बन्धुओं द्वारा इसकी कवरिंग लगातार की गई, जो कि प्रशंसनीय है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी तन्य सुल्तानिया द्वारा मतदाता सूची गहन अभियान का निरीक्षण किया गया



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया द्वारा आज दिनांक 03 जुलाई 2025 को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत बिहिया प्रखंड स्थित फिनगी पंचायत वार्ड संख्या-09 के महादलित टोला में अभियान की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय जीविका दीदी एवं ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें अभियान से संबंधित आवश्यक जानकारी दी तथा सभी पात्र नागरिकों से आह्वान किया कि वे आपसी सहयोग से शीघ्रतापूर्वक फॉर्म भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा, ह्लहर घर पहुंचे फॉर्म, हर हाथ बने सहयोगीह्व झ इस भावना के साथ सभी को अभियान में सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन कार्य बीएलओ द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बीएलओ सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में नियमित निगरानी रखें और 100% फॉर्म वितरण एवं प्राप्ति सुनिश्चित करें। साथ ही, गणना प्रपत्रों की संकलन प्रक्रिया के तुरंत बाद उन्हें इछड ऐप पर अपलोड करने का कार्य समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय महिलाओं एवं ग्रामीणों से संवाद करते हुए पंचायत की विकासात्मक आवश्यकताओं की भी जानकारी ली।

ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को संपर्क पथ निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, ऊढट जीविका, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जीविका दीदी, संबंधित बीएलओ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नेशनल डॉक्टर्स डे एवं सीए डे पर लायंस क्लब रक्सौल ने डॉक्टरों एवं सीए को किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। नेशनल डॉक्टर्स डे एवं सीए डे पर लायंस क्लब रक्सौल के तत्वावधान में एस.ए.वी. स्कूल परिसर स्थित प्रांगण में डॉक्टरों एवं सीए को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष लायन बिमल सर्राफ, सचिव लायन मोहम्मद निजामुद्दीन, कोषाध्यक्ष लायन अमित कुमार, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन साइमन रेक्स, उपाध्यक्ष लायन प्रियंका सोनी एवं लायन गणेश धानोठिया ने दीप प्रज्वलन कर के किया। मंच संचालन बहुत ही खूबसूरत अंदाज में लायन प्रियंका सोनी ने किया। इस कार्यक्रम में अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ.राजीव रंजन, डॉ. सुजीत कुमार, पूर्व उपाधीक्षक डॉ.एस.के.सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. मुराद आलम, डॉ. अरुण यादव, डॉ. प्रहस्त कुमार, डॉ.भावना चौहान, प्रदीप कुमार अग्रवाल सीए, विजय अग्रवाल सीए मौजूद थे। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी डॉक्टरों एवं सीए को पुष्पगुच्छ एवं दोशाला ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन बिमल सर्राफ ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान देश में कार्यरत डॉक्टरों ने अपनी जान की बाजी लगा पीड़ितों का इलाज किया,हालांकि इस दौरान बड़ी.संख्या में डॉक्टरों ने अपनी जान गंवायी थी। आज डॉक्टरों के इसी योगदान व बलिदान के सम्मान में देश भर में डॉक्टर्स डे मनाया जा रहा है। किसी भी बड़ी स्वास्थ्य संबंधी आपदा में अपने कर्तव्य का पालन करनेवाले डॉक्टरों को आज विशेष सम्मान देना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। वहीं क्लब के सचिव लायन म. निजामुद्दिन ने इस बात को रेखांकित किया कि देश की अर्थव्यवस्था को ठीक रखने की महती जिम्मेदारी सीए के कंधों पर ही रहती है। इनके अतुलनीय योगदान को कभी कमतर नहीं आंका जा सकता है। फलस्वरूप देश के नागरिकों के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने वाले डॉक्टरों तथा देश की अर्थव्यवस्था को दुरुस्त रखने वाले सीए की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है तथा इनका सम्मान करना हमारा भी सम्मान है। इस मौके पर उपस्थित सभी सम्माननीय डॉक्टरों एवं सीए ने भी अपना विचार व्यक्त किया एवं लायंस क्लब को इस आयोजन में सम्मान के लिए तहेदिल से आभार व्यक्त किया। सभी क्लब सदस्यों ने भी अपने अपने विचार इस अवसर पर साझा किए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ! मौके पर क्लब के लायन नारायण रुंगटा, लायन पवन किशोर कुशवाहा, लायन पंकज बरनवाल, लायन हेमंत अग्रवाल, लायन राजीव रंजन,लायन स्वाती सिंह, लायन पूनम सर्राफ, लायन नीलम हिसारिया, लायन सीमा बरनवाल, लायन दीपा कुमारी आदि उपस्थित रहे। इसकी जानकारी क्लब के अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ ने दी है।

# मतदाता जागरूकता को मिली नई रफ्तारः जिलाधिकारी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा मतदाता जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर,भोजपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ भोजपुर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों—आरा, संदेश, शाहपुर, जगदीशपुर, तरारी, पीरो और बड़हरा—का भ्रमण करेगा और आम नागरिकों को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्र भरने, बीएलओ को समय पर फॉर्म जमा करने, और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के प्रति जागरूक करेगा।

रथ के माध्यम से ऑडियो-पोस्टर, बैनर, साउंड सिस्टम आदि का उपयोग करते हुए जनता को जागरूक किया जाएगा। यह रथ विभिन्न चौक-चौराहों, बाजारों, पंचायतों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रुककर लोकतांत्रिक अधिकारों एवं विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना प्रत्येक योग्य नागरिक का अधिकार है, और इस अभियान के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी योग्य नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे निर्वाचक पंजीकरण प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता दें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता,उप निर्वाचन पदाधिकारी,जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी,प्रभारी पदाधिकारी, स्थापना,प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा एवं निर्वाचन शाखा के कर्मी उपस्थित रहे।

## मोहर्रम को लेकर डीएम ने तैयारियों का लिया जायजा, डीसी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

गया। मोहर्रम पर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन गया द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में आज गया जिलाधिकारी गया शशांक शुभंकर, सदर एसडीएम किसलय श्रीवास्तव एवं नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने गया शहर के प्रसिद्ध गया कर्बला का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, लाइटिंग, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया है।जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मोहर्रम के अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विशेष रूप से लाइटिंग, एवं अन्य प्रमुख मार्गों पर व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके।

उन्होंने गया कर्बला के वॉलंटियर्स से भी संवाद किया और अपील की कि सभी स्वयंसेवक अपने स्तर पर सक्रिय रूप से कार्य करें।

# नाना-नाती को जाना था कहीं और, रात में दूसरी ट्रेन पर चढ़कर चले आए गया जी, रो-रोकर हुआ बुरा हाल

## परिवार वालों से आरपीएफ ने मिलवाया

देवब्रत मंडल



गया जी।आरपीएफ द्वारा ऑपरेशन डिग्निटी के तहत एक बुजुर्ग एवं एक बच्चा को सही सलामत परिजन को सुपुर्द कर दिया गया है। इस संबंध में गया आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि 03.07. 2025 को सउनि मोहम्मद खुर्शीद खान को प्रभारी निरीक्षक गया के द्वारा सूचना दी गई कि कोई बुजुर्ग व्यक्ति एवं उनके साथ एक बच्चा भूलवश गाड़ी संख्या 18623 अप से पटना से चढ़कर गया आ गये है। जो प्लेटफार्म नंबर 6 पर है। सउनि मोहम्मद खुर्शीद खान साथ स्टाफ प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर गए तो देखा की गाड़ी संख्या 18623 अप खड़ी है। एक बुजुर्ग व्यक्ति एक बच्चा के साथ सामान्य कोच के सामने गुमसुम खड़े हैं। बुजुर्ग व्यक्ति ने नाम पता पूछने पर अपना नाम गुरमुख प्रसाद साह, उम्र 70 वर्ष, पिता स्वर्गीय रामचंद्र प्रसाद शाह, ग्राम कौड़ा मैदान सदीपुर, थाना कोतवाली, जिला मुंगेर तथा बच्चा का नाम नारायण शाह उम्र 3 वर्ष बताया है। बुजुर्ग ने बताया कि वे बच्चा का रिश्ते में नाना लगते हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से दोनों को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाया गया है। उनके परिजन को सूचना दी गई है। बच्चे के माता प्रेमलता पति मुकेश शाह एवं बच्चा की नानी एवं बुजुर्ग व्यक्ति की पत्नी मालती देवी पति गुरमुख प्रसाद शाह दोनों का पता ग्राम कौड़ा मैदान सदीपुर थाना कोतवाली जिला मुंगेर बिहार है। जो रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर आए और बताऐ कि हम लोग मुंगेर से अपने बच्चों को डॉक्टर से दिखाने के लिए पटना आए हुए थे। रात्रि में मुंगेर जाने के लिए पटना जंक्शन पर आकर प्लेटफार्म पर सो गए। मेरे पिताजी एवं उनका बच्चा भूलवश गलत(दूसरी) गाड़ी में चढ़कर गया चले आए थे। बच्चे एवं बुजुर्ग व्यक्ति को उनके परिजन से पहचान करवाया गया है। पहचान करने के उपरांत आधार कार्ड से पता सत्यापित करते हुए बच्चे एवं बुजुर्ग व्यक्ति गुरमुख प्रसाद शाह को उनके परिजन को सही सलामत सुपुर्द किया गया है। अपने परिजन को सही व सुरक्षित पाकर आरपीएफ को लोगों ने कोटि-कोटि धन्यवाद दिया है।

# दुधैला मेडिकल कॉलेज निर्माण संघर्ष समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के खादी भंडार के सभागार में दुधैला मेडिकल कॉलेज निर्माण संघर्ष समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुरारी सिंह ने किया।जबकि संचालन की जिम्मेवारी कृष्णा मेहता द्वारा निभाई गई।सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं औरंगाबाद जिले में मेडिकल कॉलेज के स्थल चयन के निमित सर्वाधिक उपयुक्त सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित स्थल दुधैला में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए सभी लोगों ने ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित किया कि इसी स्थल पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण होना चाहिए। मेडिकल कॉलेज निर्माण से संबंधित ज्ञापन 5 जुलाई शनिवार को जिला पदाधिकारी महोदय को सुपुर्द किया जाएगा। इसके लिए उप समिति गठित की गई।जम्होर पंचायत के सरपंच सह जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष पप्पू ज्वाला सिंह,संघर्षशील समाजसेवी रामबचन मेहता,अवकाश प्राप्त शिक्षक कृष्णा सिंह, कझवां के मनोज तिवारी, अमिलौना के पूर्व सरपंच विजेंद्र कुमार सिंह,जम्होर पंचायत के पूर्व उपमुखिया अजित कुमार सिंह,सांसद प्रतिनिधि संतोष कुमार मेहता,वार्ड प्रतिनिधि धनंजय कुमार यादव सहित अन्य सदस्यों ने एक स्वर में मांग किया कि प्रशासनिक, सामाजिक,धार्मिक दृष्टिकोण से यह स्थल सर्वाधिक उपयुक्त है।विवाद रहित है एवं यातायात के सभी मानकों को पूरा करती हुई प्रतीत होती है।मौके पर राजेश कुमार सिंह, नाथुन मेहता,राम लखन प्रसाद,डोमन सिंह चौहान, हीरा चौधरी,रामनरेश सिंह,गजेंद्र कुमार सिंह,नारायण सिंह,राम परीखा सिंह,सहदेव प्रजापति,विनय सिंह,विजेंद्र राय,जगदीश सिंह,सत्येंद्र कुमार, रमेश मेहता,मुसाफिर सिंह,रामकृपाल सिंह, रामलाल सिंह,मनोज सिंह वार्ड सदस्य विजय राय, सरोज राय,संतोष राय, अशोक कुमार गुप्ता विनय कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड द्वारा वर्चुअल बैठक आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के बारुण प्रखंड अंतर्गत पौथू पंचायत तथा काजीचक पंचायत के चिरैला ग्राम में बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड द्वारा वर्चुअल बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता पौथू पंचायत के अध्यक्ष बिरला झा एवं काजीचक पंचायत में उपेंद्र कुमार यादव ने किया। बैठक का संचालन बारुण प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने किया। वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा,मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार एवं मुख्यालय प्रभारी परमहंस सिंह उपस्थित थे। वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की जिस पंचायत के बैठक में कमेटी की सभी सदस्य शामिल नहीं हो तो पंचायत अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष उनके घर जाकर हाल-चाल ले की बैठक में क्यों नहीं आए। बैठक को संबोधित करते हुए औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा बिहार में डबल इंजन की सरकार है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का पूरा सहयोग राज्य को मिल रहा है।

2024 में केंद्र की एनडीए सरकार ने 60000 करोड़ से अधिक का विशेष पैकेज देखकर बिहार के विकास को और गति दी। नबीनगर विधानसभा के प्रभारी प्रोफेसर अरुण कुमार ने कहा वर्ष 2005-200 6 में नई सरकार बनने के समय राज्य का बजट मात्र 28000 करोड़ रु ही था जो आज बढ़ते बढ़ते तीन लाख 16000 करोड रुपए से अधिक हो गया है।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति का बैठक डीजे पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध

शेरघाटी। अनुमंडल कार्यालय सभागार भवन में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान वरीय अधिकारियों के द्वारा दिए गए निर्देश पर चर्चा करते हुए डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही असामाजिक तत्वों पर पहली नजर रखी जाएगी इसके अलावे संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती मजिस्ट्रेट के साथ की जाएगी। साथ ही गस्ती के टीम लगातार कार्य करेगी वही त्यौहार के मध्य नजर रखते हुए लाइसेंसी लोग ही इस जुलूस में शामिल होंगे बिना लाइसेंस के किसी की अनुमति नहीं दी जाएगी। जुलूस का निर्धारित समय पर खत्म कर देने की चर्चा की गई, वहीं नगर परिषद की ओर से शहर के अलग-अलग जगह पर हुए गड्ढे को भर दिए जाने का भी निर्देश दिया

# पूर्व सांसद वरीय अधिवक्ता रमेश प्रसाद सिंह की जयंती मनाई गई

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। शहर के हृदय स्थल रमेश चौक पर पुर्व सांसद वरीय अधिवक्ता रमेश प्रसाद सिंह की जयंती धुमधाम से मनाया गया जिसकी अध्यक्षता रमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन ने किया और संचालन सचिव प्रमोद कुमार सिंह ने किया, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि बड़ी संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं और समाजसेवी वक्ताओं ने कहा कि औरंगाबाद के स्मरणीय सपूतों की परम्परा में स्व : रमेश प्रसाद सिंह अविस्मरणीय है 03 जुलाई 1920 के जन्मे और लोक जीवन से जुड़े हुए इस महापुरुष ने न केवल औरंगाबाद के सामान्य जन की आकांक्षा तथा आवाज को भारत की राजधानी तक पहुंचाया बल्कि वर्ग सम्प्रदाय और क्षेत्रीय सीमाओं से उपर उठकर भारत के गांवों की आवाज को लोकसभा तक पहुंचाने में कोई कमी नहीं की, राजनीति के इस पुरोधा का व्यक्तित्व बहुमुखी बहुचर्चित और प्रतिभा सम्पन्न थे,विधि क्षेत्र में गोल्ड मेडलिस्ट रमेश प्रसाद सिंह औरंगाबाद के व्यस्ततम अधिवक्ताओ में से एक थे, राजर्षि विधा मंदिर, युगल माध्यमिक विद्यालय, संस्कृत उच्च विद्यालय औरंगाबाद और बारूण हाई स्कूल के संस्थापक सचिव एवं अध्यक्ष रहे औरंगाबाद लायन्स क्लब की भी स्थापना की थी जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पुस्तकालय का नाम रमेश प्रसाद सिंह लाईब्रेरी है,जनमानस के भावनाओं को ध्यान में रखते हुए 14 अक्टूबर 1985 को औरंगाबाद नगरपालिका ने एक प्रस्ताव पारित किया जिसके अनुसार औरंगाबाद



हृदय स्थल मुख्य चौक का नाम रमेश चौक किया गया और उनकी प्रतिमा स्थापित किया गया,आज बहुत से युवा अधिवक्ताओं के आर्दश रमेश प्रसाद सिंह है उनके नाम से बना रमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल ट्रस्ट औरंगाबाद समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, पूर्व सांसद रमेश प्रसाद सिंह महिलाओं के शिक्षा के आवश्यकता देखते हुए श्रीमती किशोरी सिन्हा महाविद्यालय के स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी विधायकों के पेंशन योजना अस्वीकार कर समाजसेवी के क्षेत्र में एक मिसाल कायम किया था,गया -औरंगाबाद-जहानाबाद में सलाहकारिता आंदोलन उनकी देन थी उनके यश और कृति अमर रहेगा इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह, जिला विधिक संघ अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, पुर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, महावीर प्रसाद जैन,अजय कुमार गुप्ता, जितेन्द्र कुमार सिंह, विशाल कुमार जैन, अरूण कुमार सिंह, शिवनारायण सिंह, राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, गुप्तेश्वर सिंह,प्रो कुमार विरेन्द्र,लखन प्रसाद, सुजीत कुमार सिंह, सुबोध कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, अधिवक्ता इंद्रदेव यादव, रामनरेश प्रसाद, देवकांत, कमलेश सिंह, देवी दयाल सिंह, अजीत कुमार सिंह,अजीत चंद्रा,पिंटू गुप्ता, रामजी प्रसाद,श्यामबली पासवान सहित अन्य उपस्थित थे

# विष्णुधाम में शीघ्र ही होगा सौंदर्यीकरण का कार्य

## जिलपदाधिकारी का प्रयास अति प्रशंसनीय

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। विष्णुधाम महोत्सव के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि विष्णुधाम मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य दो तीन दिनों के अंदर प्रारंभ हो जाएगा। सूत्रों से जानकारी प्राप्त होने के उपरांत अजीत कुमार सिंह ने कहा कि श्री सीमेंट के प्रबंधन ने जम्होर के एक प्रसिद्ध और अनुभवी ठेकेदार सिद्धार्थनाथ शाहदेव उर्फ अंशु सिंह जी को यह कार्य आवंटित किया है। श्री सीमेंट के प्रबंधन व्यवस्था के श्री राठौर जी के द्वारा बताया गया कि जम्होर के इस कंपनी के पास कार्य का व्यापक अनुभव है और इस कंपनी ने मोर डेहरी से जम्होर तक का पक्का ढ़लैया रोड समुचित ढंग से बनाया है और इस आधार पे ही इस कंपनी को यह कार्य आवंटित किया गया है। और यह कंपनी ईमानदारी पूर्वक यह कार्य संपन्न करेगी। अतः जम्होर विष्णुधाम मंदिर का सौंदर्यीकरण का कार्य देव सूर्य मंदिर के समान ही किया जायेगा। इसके अलावा इस मंदिर प्रांगण में हाइ मास्क लाइट एवं पुनपुन नदी के किनारे मोक्ष धाम का कार्य भी एक दो दिनों के अंदर प्रारंभ कर दिया जाएगा इसके लिए भी एजेंसी का चयन कर लिया गया है। विष्णुधाम महोत्सव के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने कार्य की गुणवत्ता पे निगरानी के लिए महोत्सव आयोजन समिति की ओर से पांच सदस्यीय उप समिति का गठन किया है जो सौंदर्यीकरण का कार्य में सहयोग प्रदान करेगी एवं गुणवत्ता पे नजर बनाए रखेगी और कार्य प्रगति की सूचना जिला पदाधिकारी औरंगाबाद और श्री सीमेंट के पदाधिकारी श्री राठौर जी को देगी। समिति में श्राजीव कुमार सिंह बबलू, पीकू सिंह, दिलावर सिंह, सुरेंद्र गुप्ता और संजय गुप्ता मनोनीत किए गए हैं। अजीत कुमार सिंह अध्यक्ष विष्णुधाम महोत्सव आयोजन समिति,संरक्षक सिद्धेश्वर विद्यार्थी आदि हैं।

# अखिल भारतीय शौंडिक संघ जम्होर पंचायत इकाई का हुआ गठन



प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के पुनपुन रोड स्थित प्राचीन राधा कृष्ण ठाकुरवाड़ी मंदिर के प्रांगण में अखिल भारतीय शौंडिक संघ जम्होर पंचायत ईकाई की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई ।संघ के दक्षिण बिहार के प्रभारी जितेंद्र गुप्ता के देखरेख में हुई बैठक में संस्था की कमिटी गठित की गई, जिसमें पंकज गुप्ता को अध्यक्ष, मनीष कुमार गुप्ता को महासचिव, कुंदन कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, रितिक कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष, पिंटू कुमार गुप्ता को सचिव एवं राहुल कुमार गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। साथ ही साथ संगठन के सुव्स्थित एवं सुचारू रूप से संचालित करने वास्ते संरक्षक मंडल बनाया गया।मुख्य संरक्षक जितेश्वर प्रसाद बनाए गए। संरक्षक के रूप में अंतू प्रसाद शशि प्रसाद ,संजय प्रसाद, रवि शौंडिक, श्रवण प्रसाद, सूरज प्रसाद ,नवनीत गुप्ता धीरज कुमार अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।सभी सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प दोहराया कि वे संस्था के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करेंगे एवं जिनको जो जिम्मेवारी दी गई है वे उस जिम्मेवारी को निडरता पूर्वक कार्य करने का प्रयास करेंगे।

## जीबीएम कॉलेज की छात्राओं ने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय एवं एनओयू का किया शैक्षणिक भ्रमण




प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के पुस्तकालय विज्ञान विभाग की बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस कोर्स (ब्लिस कोर्स) सत्र 2024-25 की छात्राओं ने प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. सहदेब बाउरी के संरक्षण में तथा इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कृति सिंह आनंद, दर्शनशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा राय, शिक्षकेतर कर्मी रौशन कुमार एवं अजीत कुमार की देखरेख में प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों एवं नालंदा खुला विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में शैक्षणिक भ्रमण का लाभ उठाया है। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों, विशेष रूप से बख्तियार खिलजी द्वारा 12वीं सदी में जला दिये गये विश्वविद्यालय पुस्तकालय के दर्शन के उपरांत छात्राएँ नालंदा ओपेन यूनिवर्सिटी के पुस्तकालय विभाग गयीं, जहाँ विभाग के शिक्षकों ने कॉलेज की छात्राओं का स्वागत करते हुए एनओयू की लाइब्रेरी को देखने, समझने और परखने का अवसर प्रदान किया है। यूनिवर्सिटी के पुस्तकालयाध्यक्ष आफताब अहमद ने छात्राओं को डिजिटल लाइब्रेरी सिस्टम, ई-बुक कलेक्शन, आधुनिक कैटलॉगिंग टेकनीक, डेटा बेस सर्च टेकनीक, डिजिटल रिसोर्स मैनेजमेंट, मल्टीमीडिया रिसोर्स मैटेरियल के बारे में सविस्तार समझाया। छात्राओं ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो अभय कुमार सिंह से भी पुस्तकालय के उचित रखरखाव के बारे में अनुभव प्राप्त किया है। शैक्षणिक भ्रमण में छात्रा बबीता कुमारी, प्रीति, सुषमा, आकृति, काजल, पूजा, मनीषा, खुशबू, सविता, खुशी, नेहा, सुगंधा, रूपा, ललिता, प्रियंका, प्रीति, सोनाली, अनुपमा, सोनाली, छाया रानी की उपस्थिति रही। कॉलेज की पुस्तकालय प्रभारी डॉ कृति सिंह आनंद ने महाविद्यालय द्वारा आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन को छात्राओं के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने का एक प्रयास बताया है। छात्राओं ने भ्रमण के अनुभवों को अत्यंत रोमांचकारी और ज्ञानवर्द्धक बतलाया। छात्राओं ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि इस शैक्षणिक भ्रमण से उन्हें डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधाओं को सविस्तार देखने का अवसर मिला। साथ ही, आधुनिक युग में पुस्तकालय विज्ञान के बहुआयामी क्षेत्र की व्यापकता का भी ज्ञान हो सका है। कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो सहदेब बाउरी ने एनओयू के लाइब्रेरी विभाग की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए इस शैक्षणिक परिभ्रमण को छात्राओं के मानसिक, भावनात्मक एवं शैक्षणिक विकास में सहयोगी ठहराया। डॉ बाउरी ने कहा कि परिभ्रमण से कॉलेज की छात्राओं को पुस्तकालय विज्ञान, दूरस्थ शिक्षा प्रणाली एवं भारत के गौरवशाली इतिहास की जानकारी मिली है। कॉलेज की पीआरओ डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि महाविद्यालय द्वारा छात्राओं के हितार्थ समय-समय पर शैक्षणिक परिभ्रमण आयोजित किये जाते रहे हैं। पूर्व के वर्षों में भी कॉलेज की छात्राएँ कला तथा मानविकी संकाय बोधगया परिभ्रमण किया गया था।

## जितनी उनकी उम्र है उससे अधिक केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सदन के सदस्य रह चुके हैं: ई नंद लाल मांझी

गया जी: बिहार के गया जी में शहर के गोदावरी मोहल्ले स्थित हम पार्टी कार्यालय में दोपहर 3 बजे हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंजीनियर नंदलाल मांझी के द्वारा प्रेस वार्ता की गई है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जमुई के सांसद अरुण भारती पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग अभिनेता से नेता बने हैं। उनको बहुत हड़बड़ी है बिहार के मुख्यमंत्री बनने की, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं उन्हीं के नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ेगी। कुछ लोग केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के ऊपर टीका टिप्पणी कर रहे हैं। जितनी उनकी उम्र है उससे अधिक केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सदन के सदस्य रह चुके हैं। 13 -13 मुख्यमंत्री के साथ काम कर चुके हैं। जीतन राम मांझी होना आम बात नहीं है। संघर्ष के प्रतीक है। जीतन राम मांझी और जीतन राम मांझी होने के लिए जिगरा चाहिए। संघर्ष से बिहार के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री पद को सुशोभित किया है। किसी की कृपा पात्र से नहीं है।

## रामपुर थाना क्षेत्र के गेवाल बीघा बथान से 34 वर्षीय एक महिला लिली उर्फ अमित सिन्हा लापता




गया जी: बिहार के गया जी में रामपुर थाना क्षेत्र के गेवाल बीघा बथान से 34 वर्षीय एक महिला लिली उर्फ अमिता सिन्हा लापता हो गयी है। लापता महिला लिली उर्फ अमिता सिन्हा, पिता- विनय कुमार सिन्हा मानसिक रूप से कमजोर महिला है जो लापता हो गई है। इसकी जानकारी गया पुलिस के द्वारा गुरुवार को दोपहर 12:00 दी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई। गया पुलिस के द्वारा गया जी जिले वासियों से अपील किया गया है कि अगर कहीं पर लापता महिला अगर मिलती है तो इसकी सूचना रामपुर पुलिस को परिवार से मिलाया जा सके। गया पुलिस के द्वारा बताया गया कि यह महिला मानसिक रूप से कमजोर है और वह लापता हो गई है जिसका नाम लिली उर्फ अमिता सिन्हा है।

## दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

शेरघाटी।रोशनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में घर मे अकेले देख एक दिव्यांग के साथ हुए दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आते ही पुलिस ने पुलिस ने पीड़िता के बयान पर रोशनगंज थाना में कांड संख्या 100/25 धारा 64 बी.एन.एस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। शेरघाटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने कहा इस कांड में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसका पहचान मेघनाडीह गाँव के सुधीर कुमार पिता मिथिलेश पासवान के रूप में किया गया है।जिसके खिलाफ निषेधाज्ञा कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। बताते चले की महिला अपने घर में सोई हुई थी तभी मौका पाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

## माई बहिन मान योजना को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है: बबलु कुमार



प्रातः किरण संवाददाता

गयाजी में माई बहिन मान योजना को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला वहीं शहरों में व हर वार्डो में जाकर नगर प्रखंड-1 अध्यक्ष व पूर्व वार्ड पार्षद केदार प्रसाद जी एवं व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बबलु कुमार व उनके टीम के द्वारा वार्ड नम्बर-17, 18 व 19 में महिलाओं के बीच फार्म भरने का काम जोरो से किया जा रहा है वही बबलु कुमार के नेतृत्व में वार्ड नम्बर-1 से लेकर 19 नम्बर वार्ड तक माई बहिन मान योजना के अंतर्गत हर दिन सैकड़ों महिलाओं का फार्म भरकर पंजीकृत किया गया वही नगर प्रखंड-1, अध्यक्ष व पूर्व वार्ड पार्षद केदार प्रसाद जी के द्वारा नगर प्रखंड-1, कार्यालय में स्थान-बाटा मोड़ स्थित दुल्हीनगंज में सुबह 9:30 से सन्ध्या 5: बजे तक फार्म भरकर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है

केदार प्रसाद और बबलु कुमार ने बताया कि यह महागठबंधन की सरकार बनेगी तो रोजगार के अवसर तो मिलेंगे हीं और साथ ही साथ प्रत्येक महिलाओं को हर महीने 2500/-रुपये प्रत्येक महिलाओं के खाते में दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में उनके साथ कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता- राजेश कुमार, बन्टी कुमार, आदित्य कुमार, अजय प्रजापति, लक्ष्मण रजक, शंकर सिंहा, सूरज ठाकुर, अनिल गोस्वामी, अशोक लोहार, सूरज बढ़ाई, रवि सोनकर, नावशाद आलम, परवेज अंसारी आदि का सहयोग से कार्य किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री का यह सम्मान भारतवासियों के लिए गर्व का विषय व दूरदर्शी नेतृत्व का देन:डॉ मनीष

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को अफ्रीकी देश घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ द धाना से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारत और धाना के बीच बढ़ते विश्वास, सहयोग और मजबूत कूटनीतिक संबंधों का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी साख और सम्मान में अभूतपूर्व वृद्धि की है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत ने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई ऊंचाई दी है।उन्होंने यह भी कहा कि इस सम्मान से भारत और थाना के बीच व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और अधिक मजबूती मिलेगी। साथ ही, यह सम्मान भारत की सॉफ्ट पावर और वैश्विक मित्रता की नीति का भी परिचायक है।

यह सम्मान न केवल प्रधानमंत्री मोदी के प्रति विश्वास को दशार्ता है, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की उपलब्धियों को वैश्विक मान्यता भी देता है। स्वागत और अभिनंदन करने वालों में बार काउंसिल का सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता मुरारी कुमार हिमांशु राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर अधिवक्ता आनंद मोहन मिश्रा राहुल कुमार जयदीप सान्याल मोहम्मद खुर्शीद आलम राहुल कुमार अधिवक्ता बबलू गुप्ता सहित अन्य लोग।

# बागेश्वरी और बैरागी पहुंचे डीएम, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा, अधीनस्थों को दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिलाधिकारी गया शशांक शुभंकर गुरुवार को गया टाउन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत नगर प्रखंड के बागेश्वरी, बैरागी का स्थल भ्रमण किया। निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रह कार्यों में प्रगति का जायजा लिया गया। उन्होंने घूम-घूमकर स्थानीय निर्वाचकों तथा आम जनता से संवाद स्थापित किया और विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के उद्देश्य, महत्व एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया है।उन्होंने उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी सदर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर को स्पष्ट निर्देश दिया कि घर-घर जाकर योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें।साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक योग्य नागरिक के पास जाए और मतदाता सूची उनका नाम दर्ज करने



के लिए मार्गदर्शन दें एवं गणना प्रपत्र भरकर जमा करना सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में रहने वाले लोगों के घरों में जाएं और सभी योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करना सुनिश्चित करें।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है। गणना प्रपत्र सभी से भरवा कर संबंधित बीएलओ के पास जमा करायें।

जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय लोगों से फीडबैक लिया और गणना प्रपत्र बीएलओ से लेकर शीघ्र जमा करने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर नगर आयुक्त को निर्देश दिया है कि शहरी क्षेत्र में वार्ड जमादारों को लगाकर तेजी से गणना पत्र वितरण करवाये।

- हाउस टू हाउस सर्वेक्षण: 25 जून से 26 जुलाई 2025
- ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन: 1 अगस्त 2025
- दावे एवं आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि: 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025
- अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन: 30 सितंबर 2025

## संक्षिप्त खबरें

### रात्रि गश्ती के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया, जांच पड़ताल जारी

बगहा। इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र वाल्मीकिनगर स्थित गोलचौक में गश्ती के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा है। घटना आधी रात की बताई जा रही है सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ किया गया तो उसने स्थानीय किसी व्यक्ति का नाम लेकर कहा कि वह उनके यहां आया हुआ है जब पुलिस उसे लेकर उक्त स्थानीय व्यक्ति के पास गई तो स्थानीय लोगों ने उसे पहचानने से इनकार कर दिया थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि अभी अनुसंधान किया जा रहा है फिलहाल कुछ भी कहना सही नहीं है। बहरहाल वाल्मीकिनगर में इनदिनों चोरी की घटनाएं अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हुई है, तो वहीं वाल्मीकिनगर इंडो नेपाल सीमा पर अवस्थित होने की वजह से गए रात्रि में संदिग्ध का पकड़ा जाना कई सवालों को जन्म दे रहा है।

### बाल अपहरण प्रयास का खुलासा, चार दिन में पुलिस ने सुलझाई गुत्थी



मधुबनी । आर.एस. थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 30 जून 2025 को डीएवी स्कूल के सामने एक बालक के अपहरण के प्रयास की सनसनीखेज घटना का खुलासा पुलिस ने मात्र चार दिनों में कर दिया है। इस मामले में तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई में एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक बोलेरो वाहन एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है, जिन्हें अपराध की योजना और क्रियान्वयन में प्रयोग किया गया था। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपितों ने सुनियोजित ढंग से घटना को अंजाम देने की कोशिश की थी। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है तथा इस पूरे प्रकरण में और किन लोगों की संलिप्तता रही है, इसका पता लगाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने मामले का शीघ्र उद्भेदन करने वाली टीम की सराहना करते हुए पुरस्कार की घोषणा की है। क्षेत्र में इस कार्रवाई के बाद लोगों ने पुलिस की तत्परता और सजगता की सराहना की है।

### बीसीए रिजल्ट में हुई गड़बड़ी, संयुक्त छात्र संगठन ने कुलपति से मिलकर कई बिंदुओं पर की बात

मधेपुरा। बीसीए रिजल्ट सुधार को लेकर आंदोलन के बाद पुनर्मूल्यांकन का रिजल्ट प्रकाशित होने के बाद एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया। बीसीए के छात्रों ने आरोप लगाया और कई साक्ष प्रस्तुत करते हुए कुलपति को आवेदन दिया। संयुक्त छात्र संगठन ने एनएसयूआई के पूर्व राज्य संयोजक छात्र नेता मनीष कुमार, युवा शक्ति के सौरभ यादव, आइसा विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली, भीम आर्मी के प्रदेश नेता अबुजर रहमान, भीम आर्मी के बिट्टू राम, युवा कांग्रेस के निरंजन यादव, सुमित यादव के नेतृत्व में बीसीए छात्र छात्राओं ने कुलपति से मिल कर कई बिंदु पर हुई बात किया जिसमें बताया गया कि उत्तरपुस्तिका के पहले पेज पर विषय का नाम गलत लिखा है। डी बी एम एस की जगह डी बी एन एस लिखा गया है। पहले पेज पर दूसरे क्रमांक पर 5 बी सी ए 2लिखा है, लेकिन जो पेपर दिया गया है वह डी बी एन एस का है, जबकि यह विषय 5 वें सेमेस्टर के सिलेबस में शामिल नहीं है। रोल नंबर 12 ने दो पेपर के लिए शुल्क जमा किया था, लेकिन उसका रिजल्ट केवल एक ही विषय का जारी किया गया है। ऐसा क्यों? रोल नंबर 49, सानिया प्रवीन ने री-टोटलिंग के लिए शुल्क नियमानुसार जमा की थी, फिर भी उनका नाम अंतिम सूची में नहीं है। यह पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करता है। रोल नंबर 1 के अंक पूरी तरह से उलट दिए गए हैं। छात्र डी बी एम एस विषय में पास था, फिर भी उसे उसी विषय में फेल दिखा दिया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि उसने उस विषय के लिए कोई री-टोटलिंग फॉर्म भी नहीं भरा था। फिर भी उसके अंकों में इस तरह मनमाने तरीके से बदलाव करना बेहद गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। रोल नंबर 0006 प्रतीक कुमार ने तीन पेपर के लिए री-टोटलिंग शुल्क जमा किया था, लेकिन सूची में केवल दो ही पेपर का विवरण दिया गया है। ऐसा क्यों? रोल नंबर 14, नितीश कुमार को केवल एक विषय डी सी ओ (3 बी सी ए ) में प्रमोट किया गया है। लेकिन उन्हें ओ एस (3 बी सी ए3) में फेल दिखा दिया गया है, जबकि पहले उनके ओ एस में पहले से ही 34 अंक थे, यानी वह पहले ही उस विषय में पास थे। फिर भी उन्हें फेल दिखाना बड़ी लापरवाही है। रोल नंबर 27, प्रिंस कुमार को दो पेपर ऑपरेटिंग सिस्टम और डी बी एम एस में प्रमोट किया गया था, लेकिन सूची में केवल ओ एस प्रमोट दिखाया गया है। रोल नंबर 0013, सुमित कुमार ने तीन विषयों के लिए री-टोटलिंग का शुल्क जमा किया था, लेकिन लिस्ट में केवल दो ही विषयों का विवरण दिया गया है।

# लखीसराय जिला स्थापना दिवस पर जन कल्याण संवाद कार्यक्रम का आयोजन

●डिप्टी सीएम ने जनसमस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय, 3 जुलाई – जिले के गौरवशाली 32वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज भव्य समारोह के पश्चात लखीसराय अतिथिशाला में जन कल्याण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न हिस्सों से आए नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं।उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति में, प्रशासनिक पदाधिकारियों ने जनता की बातों को गंभीरता से सुना। डिप्टी सीएम ने कहा कि इस संवाद का मुख्य उद्देश्य, जनता की भागीदारी से जिले की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और आधारभूत संरचना से जुड़ी समस्याओं को समझना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जन संवाद के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जलापूर्ति, बिजली, कृषि, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, वृद्धजन कल्याण तथा दिव्यांगजनों से संबंधित मुद्दों पर जनता ने अपनी बातें रखीं। इन मामलों पर विस्तार से चर्चा करते हुए, प्रशासन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही कई समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम ने बताया कि, इस संवाद से प्राप्त जानकारी के आधार पर शीघ्र ही एक व्यापक कार्य योजना तैयार की जाएगी, ताकि स्थानीय विकास में तेजी लाई जा सके। साथ ही, यह भी आश्वासन दिया गया कि जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव नहीं हो पाया है, उनके निपटारे के लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अजजा के विकास के लिए करें कार्य

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई संवाददाता। अनुसूचित जनजाति वर्ग के समग्र विकास एवं कल्याण की दिशा में जिले में बेहतर कार्य किए गए हैं इसे और अच्छे तरीके से करने की आवश्यकता है, ताकि अनुसूचित जनजाति बाद के लोगों का कल्याण एवं उत्थान ठीक तरीके से हो सके ' उक्त बातें राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीया सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने कहीं 'वह गुरुवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में जमुई जिले में अनुसूचित जनजातियों के कल्याण एवं विकास के लिए कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक जिले स्तर एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी के साथ की ' इसके पूर्व जिलाधिकारी श्री नवीन तथा पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य को पुष्प कुछ प्रदान कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया ' बैठक में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से माननीया सदस्य को जिले में अनुसूचित जनजाति समुदाय की बेहतरी के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी '

# समीर ने पहले प्रयास में हीं बीटेक में पाई सफलता, वाल्मीकिनगर का मान बढ़ाया



बगहा। जल संसाधन विभाग के अतिथि भवन में कार्यरत केयरटेकर के पुत्र समीर ने 84% अंकों के साथ बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी से बीटेक में बाजी मार ली है।कौन कहता है कि आसमान में सुराख नही हो सकता,बस तबियत से एक पत्थर तो उछालकर देखो। जलसंसाधन विभाग के ऊपरी शिविर तीन नंबर पहाड़ निवासी क्यामुद्दीन खान का सबसे छोटा पुत्र समीर खान ने अपने पहले प्रयास में ही बीटेक परिणाम में परचम लहराया है। बतादें की क्यामुद्दीन खान जल संसाधन विभाग के अतिथि भवन में केयरटेकर के रूप में कार्यरत हैं। उनके तीन पुत्रों में सबसे छोटा पुत्र समीर खान पहले ही प्रयास में ह्यबीटेकह्न ( बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी ) की घोषित परिणाम में 84% अंक प्राप्त कर वाल्मीकिनगर का नाम रोशन किया है। समीर खान के पिता क्या मुद्दीन खान ने बताया कि मेरे तीनों पुत्रों में वह सबसे ज्यादा प्रतिभाशाली था। वह सफलता पाने के लिए दिन-रात परिश्रम करता था। पढ़ाई के सिवा वह किसी पर्व त्यौहार में भी रुचि नहीं रखता था। पहले प्रयास में ही 84% अंकों के साथ सफलता मिलना हमारे लिए गर्व की बात है। वाल्मीकिनगर क्षेत्र का नाम रौशन करने वाले समीर ने दूरभाष पर बताया कि यह डिग्री विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों में सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है। इसके तहत मैकेनिकल इलेक्ट्रिकल एवं सिविल कंप्यूटर साइंस आता है।

# विश्व प्लास्टिक मुक्त एवम वनमहोत्सव के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। विश्व प्लास्टिक मुक्त व वन महोत्सव के दिवस अवसर पर वाल्मीकिनगर में जागरूकता कार्यक्रम के तहत झोला वितरण व प्रभातफेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।बतादें की इस मौके पर वाल्मीकिनगर स्थित वाल्मीकि उद्यान में प्रगाश ईकोलॉजिकल ग्रीनवे फाउंडेशन के तत्वावधान में विश्व प्लास्टिक मुक्त एवं वन महोत्सव दिवस के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें उपस्थित जनसमूह को प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।इस दौरान प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें बच्चों ने हाथों में तख्तियाँ लेकर प्लास्टिक हटाओ,जीवन बचाओ, कपड़े का झोला अपनाओ, धरती को बचाओ, जैसे नारे लगाकर आमजन को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी मोहन प्रसाद श्रीवास्तव,अजय झा,मनोज कुमार और एसएसबी के सहायक सेनानायक विवेक सिंह ने छात्रों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के एक विशिष्ट पहल के अंतर्गत ऊपरी शिविर स्थित वन विभाग के जंगल कैंप में मनोज कुमार द्वारा पर्यटकों और नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार की अपील की गई एवं कपूर से बने पुनः उपयोगी झोले वितरित किए गए। इसके अलावा, गोल चौक, तीन आरडी चौक से लेकर टंकी बाजार क्षेत्र में प्लास्टिक के थैलों की जगह कपड़े के थैलों के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और ग्राहकों के बीच झोले वितरित किए गए। इस अवसर पर सहायक सेनानायक विवेक सिंह, मनोज कुमार,प्रेम कुमार,अजय झा,रोहित कुमार,सेवानिवृत्त शिक्षक व राष्ट्रपति अवाडेड मोहन प्रसाद श्रीवास्तव,अंकित कुमार,अधिश्री झा समेत कई अन्य पर्यावरण प्रेमी नागरिक शामिल हुए।

# शिवनाथ हत्याकांड में अदालत ने सुनाई सजा एक को दस वर्ष और पांच को तीन तीन वर्ष का कठोर कारावास



बगहा। चर्चित शिवनाथ यादव हत्याकांड में 23 वर्षों के बाद बुधवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ मानवेंद्र मिश्र की कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या के मामले में एक को दस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पचास हजार का अर्थदंड सुनाया गया है। जबकि पांच अन्य को 324 धारा के तहत में तीन तीन वर्ष का कारावास और दस दस हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। अर्थदंड नहीं देने पर छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी। कोर्ट ने अभियोजन पदाधिकारी मनु राव व बचाव पक्ष की दलीलों,साक्ष्यों व गवाहों के बयान को ध्यान में रखते हुए कांड के आरोपित सिंहासन यादव को भा.द.सं 304( ) के तहत गैर इरादतन हत्या के लिए दोषी करार दिया और 10 साल की सजा जबकि अन्य अभियुक्त संजय यादव,ठाकुर यादव,नरेश यादव,उमेश यादव व प्रवेश यादव को भारतीय दंड संहिता 324 के तहत तीन तीन साल की सजा सुनाई है। कोर्ट से सजा मिलने के साथ ही पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया। बतादें,पूर्व में जेल में बिताए गए, पहले के दिनों को इस सजा में जोड़ा जाएगा।

# जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।जनक राम मंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग-सह-अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में गुरुवार समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की बैठक सम्पन्न हुयी। जिला पदाधिकारी ने माननीय अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों को ट्री पॉट देकर स्वागत किया। पूर्व की बैठक से संबंधित कार्यवाही के अनुपालन प्रतिवेदन से बैठक की शुरूआत की गयी। इस बैठक में गरीबी हटाओं, जनशक्ति, किसान मित्र, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास, शुद्ध पेयजल, जन-जन का स्वास्थ्य, सबके लिए शिक्षा, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण, बाल कल्याण, युवा विकास, बस्ती सुधार, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़क, ग्रामीण ऊर्जा, पिछड़ा क्षेत्र विकास, ई-शासन आदि एजेन्डा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के कार्य प्रगति से माननीय अध्यक्ष सहित सभी 20 सूत्री सदस्यों को अवगत कराया गया। उप विकास आयुक्त सुमित कुमार द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से एजेंडावार विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। 20 सूत्री की बैठक में सांसद संजय जायसवाल ने मझौलिया प्रखंड अंतर्गत बहुअरवा विद्यालय की बाउंड्री वॉल को अतिक्रमणमुक्त कराते हुए अविलंब निर्माण, बेतिया में पशु चिकित्सालय के लिए उपर्युक्त भूमि का चयन, बेतिया नगर निगम क्षेत्र में बीपीसीएल द्वारा पाईप लाइन बिछाने हेतु मैप की उपलब्धता से संबंधित अपनी बात रखी।सांसद सुनील कुमार ने पकड़ी पशु चिकित्सालय में डॉक्टरों की उपस्थिति, लौरिया-नरकटियागंज मुख्य मार्ग में लौरिया अशोक स्तंभ के समीप एप्रोच का निर्माण, बगहा के शास्त्रीनगर विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य, दोन कैनाल के 144 आरडी पर नये पुल का निर्माण कराने की बात कही। इसी तरह मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग रेणु देवी ने अमृत सरोवर, मझौलिया प्रखंड क्षेत्र में विद्युत तार की मजबूती, ट्रांसफॉर्मर का अधिष्ठापन, गुदरा में सुचारू विद्युत आपूर्ति, पासवान चौक से जगीराहा रोड को मानक के अनुरूप निर्माण कराने विधायक वीरेन्द्र गुप्ता ने मनरेगा, चौहट्टा एवं मधुरी क्षेत्र के लोगों के लिए आधार कार्ड एवं राशन कार्ड निर्माण कराने हेतु कैम्प का आयोजन करने, स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी सहित अन्य विषयों के संदर्भ में अपने मंतव्य व्यक्त किए। विधायक राम सिंह ने बगहा क्षेत्र के लिए पर्याप्त यूरिया का आवंटन, पारदर्शी तरीके से आवास योजना का क्रियान्वयन, आवास सर्वे विभागीय दिशा-निर्देश के अनुरूप कराने, सिंचाई व्यवस्था, चंवर सफाई, बगहा के चखनी में नाल निर्माण, अग्निपीड़ितों को ससमय मुआवजा राशि प्रदान करने, कबीर अंत्येष्टि राशि का समय पर वितरण आदि विषयों पर अपनी बातों को रखा। विधायक नारायण प्रसाद ने निर्धारित मात्रा में लाभुकों को खाद्यान्न की उपलब्धता, पखनाहा क्षेत्र में गंडक नदी से कटाव को रोकने, नदी से बालू की निकासी पर रोक लगाने आदि विषयों पर अपनी बातों को रखा। इसके साथ ही विधान पार्षद आफाक अहमद विधान पार्षद भीष्म सहनी विधान पार्षद सौरभ कुमार सहित जिला कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा भी बारी-बारी से अपनी समस्याओं को समिति के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उनके निराकरण की दिशा में समुचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

# एसएसबी द्वारा सीमावर्ती युवाओं के लिए दस दिवसीय निःशुल्क प्लंबिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी। जयनगर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी द्वारा जयनगर में दस दिवसीय निःशुल्क प्लंबिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सशस्त्र सीमा बल द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्र के जरूरतमंद एवं बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन कुल 29 युवाओं ने इसमें भाग लिया । यह प्लंबिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम 03 जुलाई से आगामी 10 कार्य दिवसों तक चलेगा। जिसमें युवाओं को दैनिक आधार पर व्यावसायिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित कर समावेशी विकास सुनिश्चित करना है । इस अवसर पर हरेन्द्र सिंह, द्वितीय-कमान अधिकारी, विवेक ओझा एवं हरि नारायण जाट, उप-कमांडेंट, मिथिला सेवा समिति के प्रबंधक एस.के. चौधरी एवं अन्य प्रशिक्षकगण उपस्थित रहे। गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल का ध्येय वाक्य सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व न केवल सीमा सुरक्षा तक सीमित है बल्कि सीमावर्ती इलाकों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जाता रहेगा ।

# मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का भौतिक निरीक्षण जिला प्राधिकारी ने किया, दिए अवश्यक निर्देश



मुंगेर।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, मुंगेर के द्वारा गुरुवार को सदर प्रखण्ड के मय पंचायत में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया । मुंगेर जिले के मतदाताओं से जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, मुंगेर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में अपेक्षित सहयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी मतदाताओं से कहा कि यह कार्य आपलोगों के हितार्थ ही किया जा रहा है, इस लिए इसमें आपका सहयोग अत्यंत ही अपेक्षित है। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अंचलाधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर को स्पष्ट निर्देश दिया कि घर-घर जाकर योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक योग्य नागरिक के पास जाए और मतदाता सूची उनका नाम दर्ज करने के लिए मार्गदर्शन दें एवं गणना प्रपत्र भरकर जमा करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी मतदाताओं के घरों में जाएं और सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रपत्र वितरण एवं अपलोड करने में लापरवाही पर अनुशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मुंगेर जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग दें। गणना प्रपत्र भर कर संबंधित बीएलओ के पास जमा करावें।

# देवधा थाना पुलिस और एसएसबी के द्वारा संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में गांजा के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी । जयनगर एसएसबी और देवधा थाना पुलिस के द्वारा संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में गांजा के साथ मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में की गई कार्रवाई को लेकर दी गई जानकारी के मुताबिक देवधा थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर सी समवाय के बीओपी देवधा के जवानों द्वारा उप कमांडेंट प्राचलन विवेक ओझा के गुप्त सूचना के आधार पर जवानों और देवधा थाना पुलिस के द्वारा संयुक्त कार्रवाई छापेमारी के दौरान देवधा में भारी मात्रा में गांजा और अन्य सामानों के साथ मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सूचना मिला कि देवधा में दिलीप नायक अपने पान के दुकान तथा घर में गांजा का अवैध कारोबार कर रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन करने के लिए देवधा पुलिस और एसएसबी के जवानों के द्वारा संयुश्च रूप से छापामारी करते हुए दिलीप नायक के पान का दुकान एवं घर से भारी मात्रा गांजा एवं अन्य समान को बरामद करते हुए गांजा और अन्य सामानों के साथ दिलीप नायक एवं उसके भाई नवीन नायक को मामले में गिरफ्तार किया गया। जब्त किए मादक पदार्थ में लगभग 4.390 किलोग्राम गांजा पैकिंग सामग्री सहित और 540 भारतीय रुपये एवं 100 सौ नेपाली रुपये व दो मोबाईल समेत अन्य सामान जब्त किया गया। मामले में गिरफ्तार आरोपियों में देवधा थाना क्षेत्र देवधा उत्तरी वार्ड एक निवासी लगभग 50 वर्षीय दिलीप नायक और 51 वर्षीय नवीन कुमार बताया जाता है। कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी ने कहा कि अभियान के तहत आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा। देवधा थाना अध्यक्ष प्रीति भारती ने कहा मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जमुई संवाददाता। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार करें ' कोई भी योग्य मतदाता छूटना नहीं चाहिए ' यह बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री नवीन ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से प्रचार रथ रवाना करते हुए कहीं ' उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर लोगों में कोई भ्रांति नहीं पैदा होनी चाहिए ' भारत निर्वाचन आयोग के निदेश पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण सतत चलता रहता है ' इस अभियान को उसी कड़ी में देखा जाना चाहिए जितनी अधिक लोगों को इस विषय पर जानकारी या जागरूकता होगी कार्य उतना ही सरल और आसान होगा ' जिला निर्वाचन पदाधिकारी महोदय ने बताया कि इस कार्य के लिए सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है ' बीएलओ सुपरवाइजर का भी गहन प्रशिक्षण किया गया है ' उन्होंने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए अलग से बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ' जिले से प्रखंड तक जागरुकता रथ चलाया जा रहा है ' जो हर गली, मुहल्ले, टोला और गांव को आच्छादित करेगा इसके अलावा फ्लैक्स, पोस्टर्स, बैनर, हैंडबिल और स्टिकर लगाया जा रहा है ' हेल्पलाइन डेस्क एक्टिव है ' 1950 पर कॉल कर कोई भी जानकारी हासिल की जा सकती है. इसके अलावा वोटर हेल्प लाइन ऐप या वेबसाइट से सम्पूर्ण जानकारी हासिल की जा सकती है ' सभी बीएलओ को मतदाताओं के पूर्व से भरे हुए गणना फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं ' जिनका वे घर घर जाकर वितरण कर रहे हैं ' उन्होंने बताया कि दैनिक स्तर पर कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है ' जिला से लेकर प्रखंड स्तर पर अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए कार्य को गंभीरता से लेने की सख्त हिदायत दी गयी है ' मौके पर उप विकास आयुक्त सुभाष चन्द्र मंडल, अपर समाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो० नजरूल हक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी भानु प्रकाश समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रावणी मेला के अवसर पर 17 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुरः श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा कई श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा । साथ ही मेला अवधि के दौरान जसीडीह स्टेशन पर कुछ ट्रेनों को छोड़कर अन्य सभी का न्यूनतम ठहराव बढ़ाकर 05 मिनट किया गया तथा सुलतानगंज स्टेशन पर 04 जोड़ी टेज्न का 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार हैः- श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन - 1.गाड़ी सं. 05597/05598 जयनगर-आसनसोल-जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल (समस्तीपुर-बरौनी-मुंगेर-जमालपुर-किउल-झाझा-जसीडीह के रास्ते ) (सप्ताह में तीन दिन)ः - गाड़ी सं. 05597 जयनगर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 11.07.2025 से 08.08.2025 तक सप्ताह में तीन दिन - मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार को जयनगर से 22.00 बजे खुलकर अगले दिन 09.05 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 11.30 बजे आसनसोल पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 05598 आसनसोल-जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल 12.07.2025 से 09.08.2025 तक सप्ताह में तीन दिन - बुधवार, शनिवार एवं सोमवार को आसनसोल से 13.00 बजे खुलकर 14.30 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 04.20 बजे जयनगर पहुंचेगी । 2.गाड़ी सं. 05545/05546 रक्सौल-देवघर-रक्सौल श्रावणी मेला स्पेशल (सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी-मोकामा-किउल-जमालपुर-भागलपुर के रास्ते ) (सप्ताह में तीन दिन)ः - गाड़ी सं. 05545 रक्सौल-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 13.07.2025 से 08.08.2025 तक सप्ताह में तीन दिन - रविवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को रक्सौल से 05.15 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए उसी दिन 16.50 बजे देवघर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 05546 देवघर-रक्सौल श्रावणी मेला स्पेशल 13.07.2025 से 08.08.2025 तक सप्ताह में तीन दिन - रविवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को देवघर से 17.50 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 06.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी । 3.गाड़ी सं. 03236/03235 दानापुर-साहिबगंज-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल :- मोकामा-किउल-सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते दानापुर और साहिबगंज के बीच एक जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल (साप्ताहिक) 03236/03235 दानापुर-साहिबगंज-दानापुर स्पेशल का 13.07.2025 से 10.08.2025 तक प्रत्येक रविवार को परिचालन किया जायेगा । यह स्पेशल गाडी सं. 13236/13235 दानापुर-साहिबगंज-दानापुर इंटरसिटी के समय एवं ठहराव के अनुसार परिचालित की जाएगी । 4.गाड़ी सं. 03511/03512 आसनसोल-पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल (सप्ताह में पांच दिन):- गाड़ी सं. 03511 आसनसोल-पटना श्रावणी मेला स्पेशल 11.07.2025 से 09.08.2025 तक सप्ताह में पांच दिन - शुक्रवार, शनिवार, सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को आसनसोल से 17.00 बजे खुलकर 18.32 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए देर रात्रि 01.30 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 03512 पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 12.07.2025 से 10.08.2025 तक सप्ताह में पांच दिन - शनिवार, रविवार, मंगलवार, बुधवार एवं गुरूवार को पटना से 02.50 बजे खुलकर 07.23 बजे जसीडीह रूकते हुए 10.30 बजे आसनसोल पहुंचेगी । 5.गाड़ी सं. 05028/05027 बढ़नी-देवघर-बढ़नी श्रावणी मेला स्पेशल (प्रतिदिन):- गाड़ी सं. 05028 बढ़नी-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 09.07.2025 से 10.08.2025 तक प्रतिदिन बढ़नी से 17.30 बजे खुलकर अगले दिन 01.20 बजे हाजीपुर, 02.15 बजे शाहपुर पटोरी, 03.10 बजे बरौनी, 03.40 बजे बेगुसराय, 05.15 बजे मुंगेर, 06.40 बजे सुलतानगंज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 13.00 बजे देवघर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 05027 देवघर-बढ़नी श्रावणी मेला स्पेशल 10.07.2025 से 11.08.2025 तक प्रतिदिन देवघर से 18.45 बजे खुलकर 21.28 बजे सुलतानगंज, 23.15 बजे मुंगेर, अगले दिन 00.08 बजे बेगुसराय, 00.30 बजे बरौनी, 01.30 बजे शाहपुर पटोरी, 02.30 बजे हाजीपुर, 05.00 बजे छपरा एवं 09.30 बजे गोरखपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 12.30 बजे बढ़नी पहुंचेगी ।


# बूथ सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने के लिये केंद्र प्रमुख व बूथ अध्यक्षों की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



अलीनगर( दरभंगा ) ।दरभंगा पूर्वी में भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान जोरों पर, गुरुवार को अलीनगर विधानसभा में दो महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। पहली बैठक घनश्यामपुर पूर्वी मंडल में मंडल अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम बूढ़ेब स्थित मां भगवती स्थान के प्रांगण में आयोजित की गई। वहीं, दूसरी बैठक घनश्यामपुर पश्चिमी मंडल में मंडल अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में ग्राम पुनहद स्थित राम जानकी के प्रांगण में आयोजित की गई।दोनों बैठकों में बूथ सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और शक्ति केंद्र प्रमुख व बूथ अध्यक्ष के साथ चर्चा की। उन्होंने कहां कि बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अपनी उपस्थिति मजबूत करनी होगी और आगामी चुनावों में सफलता प्राप्त करने के लिए काम करना होगा।उन्होंने आगे कहां बिहार सरकार ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी है। यह निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में लिया गया है और इसका उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत राज्य की सभी पंचायतों में गरीब कन्याओं के विवाह के लिए मंडप का निर्माण कराने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत, सरकार ने 4026.50 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है, जिससे लगभग 8000 पंचायतों में विवाह मंडप बनाए जाएंगे।उन्होंने कहां इन मंडपों का संचालन जीविका दीदियों द्वारा किया जाएगा,जिससे जीविका दीदियों को भी फायदा होंगी,क्योंकि इससे उन्हें रोजगार के अवसर मिलेंगे और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। मौके पर संजीव कुमार सिंह,बैधनाथ प्रसाद सिंह,रणधीर सिंह,देवकांत झा,महेंद्र साहू,गिरीश चौपाल,राजकुमार सिंह,सीता देवी,आरती देवी,विक्रम यादव,गौरव सुमन,हीरा प्रसाद सिंह,विजय कुमार सिंह,रविशंकर सिंह,मो बेलाल आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत ने अंडर-19 वनडे में इंग्लैंड को हराया



### सीरीज में 2-1 की बढ़तः वैभव सूर्यवंशी ने 31 गेंदो,9 छक्कों की मदद से जड़े 86 रन

**नॉर्थम्प्टन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के नॉर्थम्प्टन में खेले गए तीसरे यूथ वन-डे इंटरनेशनल में भारत अंडर-19 ने इंग्लैंड अंडर-19 टीम को 4 विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही भारतीय टीम की 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हो गई है। इस मैच में जीत के हीरो 14 साल के वैभव सूर्यवंशी रहे। उन्होंने 31 गेंदों पर 86 रन बनाए।

भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बारिश की वजह से मैच 40-40 ओवर का खेला गया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 268 रन बनाए। वहीं, 269 के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 33 गेंदें शेष रहते जीत हासिल की।

इंग्लैंड के ओपनर्स ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। इंग्लैंड का पहला विकेट 78 रन पर गिरा, लेकिन बीच में 4 विकेट 35 रन पर गंवाए। इंग्लैंड के लिए थॉमस रियू ने शानदार नाबाद 76 रन (44 गेंद, 9 चौके, 3 छक्के) बनाए, जबकि बेन डॉकिन्स ने 62 और इसहाक मोहम्मद ने 41 रनों की पारी खेली।

वहीं, रियू और राल्फी अल्बर्ट (21) ने 60 रनों की साझेदारी कर स्कोर को 268 तक पहुंचाया।भारत की ओर से कनिष्क चौहान ने 30 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं, नमन पुष्पक, विहान मल्होत्रा और दीपेश देवेंद्रन को 1-1 विकेट मिला।

#### भारत की तेज शुरुआत

269 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को वैभव सूर्यवंशी ने तेज शुरुआत दी। उन्होंने मॉर्गन के एक ओवर में लगातार दो छक्के जड़ कर भारत का स्कोर 4.4 ओवर में 50 रन तक पहुंचाया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 20 गेंदों में अर्धशतक जड़ा और 31 गेंदों में 86 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और 9 छक्के जड़े।भारत ने 40 ओवर के इस मैच में इंग्लैंड के 268/6 के जवाब में 33 गेंदें शेष रहते जीत हासिल की। सूर्यवंशी के आउट होने तक भारत ने 8 ओवर में 111/2 रन बना लिए थे। इसके बाद विहान मल्होत्रा ने 34 गेंदों में 46 रन (7 चौके, 1 छक्का) बनाए, लेकिन उनकी और दो अन्य विकेट जल्दी गिरने से स्कोर 6 ओवर में 30 रन पर सिमट गया। फिर कनिष्क चौहान (43) और आरएस अंब्रीश (31) ने नाबाद 75 रनों की साझेदारी कर भारत को जीत दिलाई।



## चहल ने काउंटी चैम्पियनशिप में दिखाया स्पिन का जलवा, आउट होने के बाद बल्लेबाज हुआ हैरान

**नॉर्थम्पटन (एजेंसी)।** युजवेंद्र चहल काउंटी चैंपियनशिप 2025 में अपनी स्पिन का जलाव एक बार फिर बखेर रहे हैं। उन्होंने बल्लेबाज को क्लीन बोल्ड करके केंट को शुरुआती झटका दिया। इस दौरान बल्लेबाज भी आउट से हैरान हो गया कि ऐसा हुआ कैसे। केंट के 29/2 पर लड़खड़ाने के साथ चहल की प्रतिभा पूरी तरह से देखने को मिली क्योंकि उन्होंने एक गेंद को अंदर की ओर घुमाया, उसे खूबसूरती से डिप किया और फिर उसे तेजी से स्पिन करके ऑफ स्टंप पर मारा, एक ऐसी शानदार गेंद जिसने बल्लेबाज को हैरान कर दिया और दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। लगातार दूसरे सीजन में नॉर्थम्पटनशायर के साथ वापसी करते हुए चहल का प्रभाव तुरंत ही दिखने लगा है। उम्मीद है कि वह सीजन के अंत तक रेड और व्हाइट बॉल दोनों प्रारूपों में नॉर्थेंट्स के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पिछले साल चहल ने डर्बीशायर के खिलाफ अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 9/99 की गेंदबाजी करके सुर्खियां बटोरी थीं और ऐसा लगता है कि वे पहले से ही इस रिकॉर्ड को तोड़ने के इरादे से खेल रहे हैं। पिछले साल चहल ने सिर्फ चार प्रथम श्रेणी मैचों में 21 की औसत से 19 विकेट लिए जिससे वे चैंपियनशिप के सबसे बेहतरीन गेंदबाजों में से एक बन गए। उनके मैच जीतने वाले स्पेल ने नॉर्थम्पटनशायर को सीजन के आखिर में महत्वपूर्ण जीत दिलाने में मदद की और ड्रेसिंग रूम के हर कोने से उनकी प्रशंसा भी हुई।

### सुपरयूनाइटेड रैपिड शतरंज

## गुकेश नें प्रज्ञानन्दा को हराया




**जाग्रेब , क्रोसिया (एजेंसी)।** सुपरयूनाइटेड रैपिड के पहले दिन भारत के विश्व चैंपियन गुकेश डी ने लगातार दो जीत दर्ज करते हुए अच्छी शुरुआत की है । गुकेश को पहले राउंड में पोलैंड के यान डूड़ा से हार का सामना करना पड़ा था और ऐसे में एक बार फिर रैपिड में उनके खेल पर सवाल उठ ही रहे थे की उन्होने लगातार दो बाजियों में पहले फ्रांस के अलीरेजा को सफ़ेद मोहरो से और फिर हमवतन प्रज्ञानन्दा को काले मोहरो से पराजित करते हुए शानदार वापसी की । गुकेश नें इन दोनों खेल में समय और आक्रामक शतरंज दोनों का उपयुक्त तालमेल दिखाया और यह जताया की वह इस फॉर्मेट में भी लगातार खुद को बेहतर कर रहे है । इस जीत के साथ गुकेश नॉर्वे के मैगनस कार्लसन ,पोलैंड के यान डुड़ा और यूएसए के वेसली सो के साथ 4 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त पर पहुँच गए है । प्रज्ञानन्दा के साथ गुकेश के मुक़ाबले पर सबकी नजरे थी और उन्होने ओपनिंग से ही केंद्र में मजबूत पकड़ बनाते हुए अपने खेल की मजबूती दिखाई। खासकर केंद्र में उनके प्यादे का खेलना खेल का मोड़ साबित हुआ।दूसरी ओर, प्रज्ञानन्दा की वजीर के हिस्से पर खेल की चालों ने कुछ हद तक संतुलन में लाने का मौका दिया, लेकिन समय की कमी में प्रज्ञानन्दा सही चाल नहीं खोज पाए। अंत में गुकेश ने अपने अनुभव और कुशलता का परिचय देते हुए एंडगेम में निर्णायक चालें चलकर जीत हासिल की।आज भी रैपिड में तीन राउंड खेले जाएंगे जिसमें गुकेश का सामना उज़्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव , यूएसए के फबियानों करूआना और नॉर्वे के मैगनस कार्लसन से होगा जबकि प्रज्ञानदा जो फिलहाल दो ड्रॉ के साथ आठवें स्थान पर है उनका सामना भी फबियानों करूआना और मैगनस कार्लसन और नीदरलैंड के अनीश गिरि से होगा ।

# गिल -जडेजा की शानदार साझेदारी के चलते भारत सम्मानजनक स्कोर की ओर

### 5 विकेट पर भारत 400 के पार , कप्तान शुभमन गिल का शानदार 157 रन





**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेला जा रहा है। गुरुवार को मैच का दूसरा दिन है और पहला सेशन जारी था।

भारत ने पहली पारी में 5 विकेट पर 400 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा नाबाद हैं। दोनों 150+ की साझेदारी कर चुके हैं। जडेजा फिफ्टी और गिल सेंचुरी बना चुके हैं।

भारतीय टीम ने 310/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया। गिल ने 153 और जडेजा ने 72 रन बना लिए थे। बुधवार को यशस्वी जायसवाल ने 87 रन बनाए थे। क्रिस वोक्स को 2 विकेट मिले थे।

भारतीय टीम ने पहली पारी में 380 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। 95वां ओवर डाल रहे शोएब बशीर की 5वीं बॉल पर गिल ने एक रन लिया और स्कोर 380 रन पहुंचा दिया था।

#### जडेजा ने स्टोक्स के ओवर में लगातार दो चौके मारे


रवींद्र जडेजा ने 92वां ओवर डाल रहे बेन स्टोक्स के ओवर में लगातार दो चौके मारे। उन्होंने इंग्लिश कप्तान की पहली बॉल पर कवर में चौका लगाया। फिर दूसरी पर कट करके बैकवर्ड पॉइंट से बाउंड्री निकाली। इस ओवर से 8 रन आए।

कप्तान गिल ने दिन की पहली बॉल पर एक रन लेकर रवींद्र जडेजा के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। टीम इंडिया ने 211 के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाया था। तब क्रिस वोक्स ने नीतीश कुमार रेड्डी को बोल्ड कर दिया था।

### रवींद्र जडेजा ने एजबेस्टन टेस्ट में लगाया अर्धशतक, कोहली और धोनी के खास क्लब में हुए शामिल

दिग्गज भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कड़ी मेहनत से अर्धशतक बनाकर विराट कोहली और एमएस धोनी के क्लब में शामिल हो गए । बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने प्रतिष्ठित इंग्लिश स्थल पर संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक पचास से अधिक स्कोर बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड बनाया ।भारत द्वारा ऋषभ पंत और नितीश कुमार रेड्डी के महत्वपूर्ण विकेट जल्दी-जल्दी गंवाने के बाद रवींद्र जडेजा ने कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर पारी को संभाला । दोनों ने 6 विकेट के लिए शानदार शतकीय साझेदारी की जिससे भारत ने शानदार वापसी की । जब गिल ने एक और टेस्ट शतक बनाया, तो जडेजा ने दूसरे दिन पहले सत्र में शानदार अर्धशतक पूरा किया । इस तरह वह बर्मिंघम में सबसे अधिक पचास से अधिक स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में पूर्व कप्तान एमएस धोनी और विराट कोहली के साथ शामिल हो गए । लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर इस सूची में पहले स्थान पर हैं जिन्होंने एजबेस्टन में टेस्ट मैचों में तीन अर्धशतक लगाए हैं । धोनी, जडेजा, कोहली, पंत और विश्वनाथ ने बर्मिंघम में दो बार पचास या उससे ज़्यादा रन बनाए हैं । दिलचस्प बात यह है कि जडेजा उन कुछ भारतीय बल्लेबाजों में से एक हैं जिन्होंने एजबेस्टन में टेस्ट शतक बनाया है । अगर वह अपने अर्धशतक को शतक में बदल देते हैं, तो यह ऑलराउंडर ऐतिहासिक स्थल पर दो टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे ।





## विंबलडन 2025 में अल्काराज का विजयी अभियान जारी

**स्पेन (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने विंबलडन के दूसरे राउंड में ग्रेट ब्रिटेन के ओलिवर टार्वेट को 6-1, 6-4, 6-4 से हराया।

विंबलडन 2025 के तीसरे दिन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटिश एमेच्योर खिलाड़ी ऑलिवर टारवेट को सीधे सेटों में 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बना ली है।

डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज ने वर्ल्ड रैंकिंग 733वें नंबर के टारवेट को सिर्फ दो घंटे 17 मिनट में हरा दिया। अल्काराज ने लगातार 20 मैच जीते हैं, जिसमें रोम मास्टर्स, फ्रेंच ओपन और क्वींस क्लब के खिताब शामिल हैं।

अल्काराज का टारगेट लगातार तीसरा विंबलडन खिताब जीतना है। ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच ओपन एरा में लगातार तीन विंबलडन खिताब जीत चुके हैं।

रोजर फेडरर ने सबसे ज्यादा 8 बार विंबलडन खिताब अपने नाम किया है। उसके बाद 7-7 विंबलडन खिताब जीतने का कारनामा पीट सम्प्रास और नोवाक जोकोविच कर चुके हैं।वहीं, विमेंस सिंगल्स में आर्यना सबालेंका ने 48वीं रैंक की मैरी बौजकोवा को 7-6 (7/4), 6-4 को हराकर अगले दौर में जगह बनाई। 95 मिनट तक चले मुकाबले में सबालेंका ने 41 विनर लगाए।

# डीपीएल की नीलामी से पहले पुरानी दिल्ली 6 ने उठाया बड़ा कदम, ऋषभ पंत को किया रिटेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के 2024 संस्करण के सेमीफाइनलिस्ट पुरानी दिल्ली 6 ने आधिकारिक तौर पर स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को आगामी सीजन के लिए रिटेन करने की घोषणा की है। पंत को मार्की खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया है। पुरानी दिल्ली 6 ने डीपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन किया, पूरे लीग चरण में ठोस प्रदर्शन किया। हालांकि दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों में उनका सफर छोटा हो गया क्योंकि सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द कर दिया गया।

पंत के टीम में बने रहने से उम्मीद है कि टीम 2025 सीजन में और अधिक प्रतिस्पर्धी इकाई बनाएगी। पंत के बारे में बात करते हुए पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, 'ऋषभ पंत न केवल विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं, बल्कि पुरानी दिल्ली 6 की धड़कन भी हैं। उनका नेतृत्व, अनुभव और प्रतिभा हमें बढ़त दिलाती है। हम उनके ईद-गिर्द एक मजबूत टीम बना रहे हैं और हमें इस साल जीत का पूरा भरोसा है।



अपनी खुशी जाहिर करते हुए पंत ने कहा, 'डीपीएल युवा प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है और इस लीग को सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय रोहन जेटली और डीडीसीए को जाता है। छक्क द्वारा प्रदान किए गए अवसरों के माध्यम से देश भर के कई खिलाड़ी उभरे और विकसित हुए हैं, जैसे कि दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्य और अन्य।

उन्होंने कहा, 'पुरानी दिल्ली 6 वास्तव में घर जैसा लगता है, दिल्ली के प्रशंसकों की जीवंत ऊर्जा और जीतने की बेजोड़ भूख से भरपूर। पिछले साल एक आशाजनक सीजन के बाद, सफल होने का हमारा दृढ़ संकल्प और भी बढ़ गया है और हम इस साल और भी मजबूती से वापसी करने के लिए आशावादी हैं। इस बीच दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने आधिकारिक तौर पर दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइज को शामिल करने की घोषणा की है। बाहरी दिल्ली और नई दिल्ली फ्रेंचाइजी 2025 सीजन में पदार्पण करेंगी, जिससे लीग में छह से बढ़कर 8 टीमें होंगी। आगामी सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 जुलाई (पुरुष) और 7 जुलाई (महिला) को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली है क्योंकि डीपीएल लैंगिक-समावेशी क्रिकेट के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता जारी रखे हुए है।

# 'बढ़िया खेला लड़कों ने', सचिन तेंदुलकर ने भारतीय खिलाड़ियों की तारीफ की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल की एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन की शानदार इनिंग्स से बेहद प्रभावित हैं, जिससे टीम ने स्टंप्स तक 310/5 का स्कोर बनाया। टॉस के समय आसमान में बादल छाए होने के कारण इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। इसके विपरीत भारत ने लीड्स टेस्ट से अपने लाइनअप में तीन बदलाव किए और अधिक बल्लेबाजी गहराई की तलाश में प्रमुख पदों पर बदलाव किए, एक ऐसी रणनीति जिसका पहले दिन से ही परीक्षण किया गया।

शाम को कुछ देर के लिए खेल रूकने के बावजूद गिल ने नाबाद 114 रन बनाकर पारी को संभाला और रवींद्र जडेजा (41*) के साथ 99 रनों की महत्वपूर्ण अटूट साझेदारी करके भारत को 5 विकेट के नुकसान पर 310 तक तक पहुंचाया। हालांकि, यह जायसवाल की धाराप्रवाह पारी थी जिसने भारत के केएल राहुल के



जल्दी आउट होने के बाद विपरीत चरणों के सुबह के सत्र में लय स्थापित की। इंग्लैंड के नए गेंदबाजों, विशेष रूप से क्रिस वोक्स ने शुरुआत में ही मूवमेंट और अतिरिक्त उछाल हासिल किया, लेकिन अपने प्रयासों के बावजूद वे केवल एक विकेट ही ले पाए। जायसवाल ने 87 रनों की पारी खेली और करुण नायर और गिल के साथ दो महत्वपूर्ण 50 से अधिक की साझेदारी में शामिल रहे।

जासवाल और गिल की पारी की तारीफ करते हुए एक्स पर तेंदुलकर ने लिखा, यशस्वी जायसवाल ने पहली गेंद से ही लय स्थापित कर दी। वह सकारात्मक, निडर और चतुराई से आक्रामक था। शुभमन गिल हमेशा की तरह शांत, दबाव में शांत, डिफेंस में ठोस और पूरी तरह से नियंत्रण में था। दोनों ने शानदार पारियां खेलीं। बढ़िया खेला लड़कों!

खेल खत्म होने के बाद जायसवाल ने अपने कप्तान की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें बल्लेबाजी करते देखना अविश्वसनीय था। सलामी बल्लेबाज ने कहा, %मुझे लगता है कि जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह अद्भुत है। उन्हें बल्लेबाजी करते देखना अविश्वसनीय है और एक कप्तान के रूप में भी वह अद्भुत रहे हैं और मुझे लगता है कि वह अपने दिमाग में बहुत स्पष्ट हैं कि उन्हें टीम के साथ क्या करना है और हम जो करने जा रहे हैं, उसमें हम बहुत आश्वस्त हैं।

उन्होंने कहा, हम सभी बल्लेबाजी का आनंद ले रहे हैं, और यह विचार उस खिलाड़ी के लिए है जो खेल को गहराई तक ले जाने के लिए तैयार है। हम सभी एक ही मानसिकता में हैं। इंग्लैंड के गेंदबाज क्रिस वोक्स ने भी गिल के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की। वोक्स ने कहा, ऐसा लगा कि हम उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट करने के करीब थे, जहां उनकी गेंद थोड़ा अंदरूनी किनारा ले गई। इसके अलावा ऐसा लगा कि वह लगभग हर चीज पर नियंत्रण कर रहे थे। इसका श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने बहुत अच्छा खेला। यह उनकी टीम के लिए बहुत अच्छा और बड़ा शतक है।

### पाकिस्तान को भारत में एशिया कप खेलने की अनुमति मिलेगी या नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान की टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दी जाएगी । खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा कि भारत कई देशों की भागीदारी वाले टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलेगा । सूत्र ने कहा, ' हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं । लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है । हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी । ' ऑपरेशन सिंदूर ' के कारण अगले महीने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर संदेह था । एशिया कप के अलावा नवंबर-दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम को खेलने की अनुमति दी जाएगी ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### लाउडस्पीकर बैन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मस्जिदों की कमेटी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मस्जिदों में अजान के लिए लगाए गए लाउडस्पीकर हटाए जाने के खिलाफ मुस्लिम पक्षों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले पर अब बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, मुंबई पुलिस और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जवाब मांगा है। जस्टिस रवींद्र वी घुगे और जस्टिस एमएम सत्ये की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया कर कोर्ट को 9 जुलाई तक अपना जवाब देने को कहा है। इससे पहले मुंबई में कई मस्जिदों, दरगाहों और धार्मिक स्थलों का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इत्तेहाद ओ तरक्की मदीना जामा मस्जिद और अन्य द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिस की कार्रवाई मनमानी थी और मुस्लिम संस्थानों को टारगेट किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस साल अप्रैल से ही पुलिस ने मनमाने तरीके से एक्शन लिया है। याचिका के मुताबिक ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के कथित उल्लंघन का हवाला देते हुए कई मस्जिदों और दरगाहों को नोटिस जारी किए गए थे। हालांकि नोटिस में उल्लंघन को लेकर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई थी। याचिका में दावा किया गया है कि पुलिस मस्जिदों और दरगाहों को चुनिंदा तरीके से निशाना बना रही है और इससे इबादत करने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है, पुलिस की पूरी कार्रवाई मुस्लिम समुदाय के खिलाफ है और भेदभाव का नतीजा है। यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में आरोप लगाया गया कि पुलिस निहित राजनीतिक हितों के इशारे पर काम कर रही है। याचिका में यह भी कहा गया है कि अजान इस्लाम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और मुंबई जैसे शहर में लोगों को नमाज के लिए बुलाने के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल जरूरी है।

### केंद्र का केरल के प्रति नकारात्मक रुख बरकरार-मुख्यमंत्री

**तिरूअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का केरल के प्रति नकारात्मक रुख जारी है और उसने ओणम त्योहार के लिए अतिरिक्त चावल आवंटन की राज्य की मांग को खारिज कर दिया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक 'पोस्ट' साझा कर सभी राजनीतिक दलों से एकजुट होकर केंद्र सरकार के कथित केरल विरोधी रुख का विरोध करने का आह्वान किया है।उन्होंने कहा कि केरल की मांग है कि गैर-प्राथमिकता वाले परिवारों को प्रति कार्ड पांच किलोग्राम चावल 8.30 रुपये की दर से उपलब्ध कराया जाए, जो वर्तमान में राज्य को अतिरिक्त आवंटन के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने यह भी मांग की है कि गेहूं का आवंटन बहाल किया जाए, जो दो साल पहले तक अतिरिक्त आवंटन के रूप में दिया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओणम जैसे विशेष अवसरों के दौरान बाजार में चावल की कीमत को बढ़ने से रोकने के लिए गैर-प्राथमिकता वाले वर्गों को यथासंभव खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। विजयन ने कहा, इसी संदर्भ में राज्य ने गैर-प्राथमिकता वाले वर्गों को अतिरिक्त चावल आवंटन की मांग की है। उन्होंने कहा, गैर प्राथमिकता वाले वर्गों को गेहूं का आवंटन बहाल करने की मांग उठाई गई लेकिन केंद्र सरकार इन मांगों को खारिज कर रही है। ये मांग आम लोगों की मदद के लिए हैं। इस संबंध में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट विरोध किया जाना चाहिए।

### त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा कर सकते हैं मंत्रिमंडल विस्तार

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा बृहस्पतिवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 2023 के विधानसभा चुनाव में सत्ता पर लौटने के बाद साहा मुख्यमंत्री बने। पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के उनकी सरकार में शामिल होने के बाद उन्होंने पार्टी के दो विधायकों को अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया। सरकार के एक निमंत्रण पत्र में बुधवार को कहा गया है, ''त्रिपुरा के राज्यपाल द्वारा मंत्री-मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर त्रिपुरा सरकार के मुख्य सचिव तीन जुलाई को अपराह्न डेढ़ बजे दरबार हॉल, राजभवन में आपकी उपस्थिति की अपील करते हैं।

# नूंह जिले के 115 गांवों को मॉडल गांव बनाने की योजना

**नूंह, एजेंसी।**
हरियाणा के नूंह जिले के निवासियों के लिए गुड न्यूज है। जल्द ही यहां के गांवों का कायाकल्प होने वाला है। नूंह जिला प्रशासन ने जिले के 115 गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। इस कदम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने बताया कि इन गांवों में घर-घर से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग एकत्र करने की व्यवस्था होगी। प्रत्येक घर को दो रंगों की डस्टबिन (हरी और नीली) दी जाएगी। पंचायत स्तर पर निगरानी समिति बनाई जाएगी और कचरा संग्रहण के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था होगी। इसके अलावा, कंपोस्ट खाद बनाने के लिए माइक्रो लेवल पर प्रबंधन केंद्र बनाए जाएंगे।

ग्रामीणों को गांवों और घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने



के लिए नियमित कैंप और रैलियों का आयोजन किया जाएगा। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाएगी। हर घर में अलग-अलग डस्टबिन भी दिए जाएंगे।

**नूंह जिले में सड़कों के सुधारीकरण का काम चल रहा ¬ रणबीर गंगवाल** वार्ता के अनुसार, हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार 30 जून को कहा कि नूंह जिले में इस समय करीब 106 किलोमीटर लंबाई में विभिन्न सड़कों के सुधारीकरण का काम चल रहा है। साथ ही करीब 525 किलोमीटर लंबाई में विभिन्न सड़कों के कामों की अप्रूवल मिल गई है, जिनका कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस साल के अंत तक जिला नूंह की सभी सड़कों को सुधारने का काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग (बी एंड आर) के अधिकारियों से जिला में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और सभी कामों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कों से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होती है, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक विकास का भी एक अहम आधार बनती हैं। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी सड़कों का निर्माण तय समय सीमा में पूर्ण हो और निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। गुणवत्तापूर्ण सड़कों से आमजन का सफर सुगम और बेहतर होगा, साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

## अब तो माफी मांग लें देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे: सांसद संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनके डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से माफी की मांग की है। उन्होंने यह माफी ठाकरे परिवार से मांगने के लिए कहा है। दिशा सालियन मौत मामले में मुंबई पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) के द्वारा हत्या या किसी साजिश की संभावना को सिरे से खारिज करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करने के बाद आया है। एसआईटी की इस रिपोर्ट के बाद शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने बीजेपी नेताओं पर जोरदार हमला बोला है और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से आदित्य ठाकरे से माफी मांगने की मांग की है। संजय राउत ने कहा, अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को आदित्य ठाकरे से माफी मांगनी चाहिए। नारायण राणे के बेटे नितेश राणे, फडणवीस, बीजेपी के अन्य नेता, एकनाथ शिंदे सभी को आदित्य ठाकरे और शिवसेना से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। संजय राउत का आरोप है कि इन नेताओं ने दिशा सालियन की मौत वाले मामले में जानबूझकर आदित्य ठाकरे का नाम उछालकर चरित्र हनन किया। एसआईटी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में दाखिल अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दिशा सालियन की मौत एक दुर्घटना थी। गिरने से उनकी मौत हुई थी। जांच में किसी प्रकार की साजिश या आपराधिक गतिविधि के संकेत नहीं मिले हैं। जांच के दौरान सभी गवाहों के बयान, फॉरेंसिक रिपोर्ट और मोबाइल डेटा की जांच की गई है। दिशा सालियन दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर थीं। 8 जून 2020 को मलाड स्थित इमारत से गिरकर उनकी मौत हो गई थी। उस समय बीजेपी नेताओं ने दावा किया था कि इस मामले में बड़े नेताओं की संलिप्तता हो सकती है और नाम लेकर आदित्य ठाकरे को निशाना बनाया गया था। अब एसआईटी रिपोर्ट सामने आने के बाद शिवसेना (यूबीटी) बीजेपी को राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित अभियान चलाने का दोषी ठहरा रही है।

## 2 किमी का बचेगा चक्कर, कई सेक्टरों तक फायदा; नोएडा में दो दशक से अधूरी पड़ी सड़क जल्द बनेगी

**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा में रहने वालों के लिए राहतभरी खबर है। नोएडा सेक्टर-49 कोतवाली से सीधे सेक्टर-100 वोडा महादेव मंदिर के पास से सेक्टर-99 को जोड़ने वाली सड़क जल्द बनेगी। यह सड़क दो दशक से अधूरी पड़ी है। इसको बनने में अतिक्रमण बाधा है। नोएडा विकास प्राधिकरण इसी सप्ताह अतिक्रमण को हटाकर सड़क बनाने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

यह सड़क करीब 20 साल से अधूरी है। यहां 45 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी। जमीन न मिलने के चलते यहां पर करीब 65 मीटर की सड़क अधूरी है। इस जमीन पर अभी तक सुप्रीम कोर्ट में किसान और नोएडा प्राधिकरण के बीच विवाद चल रहा था। अब यह केस प्राधिकरण जीत चुका है। ऐसे में अब नोएडा विकास प्राधिकरण ने जमीन पर कब्जा लेने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके बाद यहां सड़क बना दी जाएगी। अभी यहां पर कुछ मकान और झुग्गियां बनी हैं। इसके चलते सड़क नहीं बन पाई थी।

सेक्टर-49 के चौराहे से जाने वाला और सेक्टर-48 और 46 का ट्रैफिक वोडा महादेव मंदिर के पास से बाएं मुड़कर प्रतीक एडिफिस सोसाइटी के सामने सेक्टर-100 ट्रैफिक सिग्नल और आगे फिर स्टर्लिंग मॉल ट्रैफिक सिग्नल होकर निकल रहा है।



अब यह सड़क सीधे सेक्टर-46-100 के बीच से सेक्टर-99 के लिए निकलेगी। वहां पर पहले से 45 मीटर चौड़ी सड़क बनी हुई है। पहले से बनी सड़क में मिलकर बाएं मुड़कर वाहन सीधे सेक्टर-104 ट्रैफिक सिग्नल पर निकलेंगे और वहां से दाहिने मुड़कर सेक्टर-98 हाजीपुर अंडरपास चौराहे पर पहुंच जाएंगे। मौके पर प्राधिकरण को करीब 2925 वर्ग मीटर जमीन सड़क निर्माण के लिए जरूरी होगी। दो किलोमीटर का चक्कर बचेगा : यह सड़क बनने से सेक्टर-49 चौराहे होकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की तरफ जाने वाले हजारों वाहन चालकों का करीब दो किलोमीटर का चक्कर बचेगा। उनको दो ट्रैफिक सिग्नल से छुटकारा मिला जाएगा। इसके अलावा स्ट्रर्लिंग मॉल और हाजीपुर चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा।

## 3 साल तक रेप किया, हरियाणी गाने की एक्ट्रेस ने एक्टर उत्तर कुमार पर लगाए गंभीर आरोप

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
हरियाणवी और देहाती फिल्मों के एक्टर और प्रड्यूसर उत्तर कुमार के साथ एक गाने से फेमस हुई एक 25 वर्षीय एक्ट्रेस ने उन पर यौन शोषण समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। एक्ट्रेस के मुताबिक, उत्तर कुमार ने कथित तौर पर फिल्मों में रोल दिलाने और शादी का झांसा देकर उनके साथ यौन उत्पीड़न किया। युवती ने एक वीडियो जारी कर अपनी जान को खतरा बताया है।

नोएडा में रहने वाली एक्ट्रेस की ओर से इस संबंध में उत्तर कुमार के खिलाफ गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन में लिखित शिकायत दी गई है। पीड़िता ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है। एक्ट्रेस ने अभिनेता के साथ एक फेमस गाना शूट किया था, जो काफी पॉपुलर हुआ था।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, वह करीब पांच साल पहले अभिनेता से मिली थीं। अभिनेता ने उन्हें एक फिल्म में लीड रोल दिलाने की बात कही थी। अगस्त



2022 में अभिनेता ने उन्हें शालीमार गार्डन स्थित अपने ऑफिस में मिलने बुलाकर दोस्ती करने की बात कही। इसके बाद शादी करने की भी बात कही गई। एक्ट्रेस के मुताबिक, यह सिलसिला करीब तीन सालों तक चला, जिसमें कई बार उन्हें प्राइवेट स्थानों पर बुलाकर अभिनेता ने झांसा देकर उनका यौन उत्पीड़न किया।

एक्ट्रेस का आरोप है कि न तो उन्हें फिल्म दिलाई और न ही आरोपी ने उनसे शादी की। अभिनेत्री ने एक वीडियो जारी किया है। उनका कहना है कि पुलिस में शिकायत करते ही उन्हें समझौते के लिए फोन आ रहे हैं। समझौता नहीं करने पर धमकी दी जा रही है। पीड़िता वीडियो में कह रही हैं कि उनकी जान को खतरा है और अगर उन्हें कुछ होता है तो अभिनेता ही इसका जिम्मेदार होगा। आजतक की रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस का यह भी आरोप है कि जब उन्होंने अभिनेता उत्तर कुमार से शादी और करियर की बात की तो उन्हें जातिसूचक गालियां देकर अपमान किया गया और फिल्मी करियर खत्म करने की धमकी दी गई। अभिनेत्री का कहना है कि उनके पास कई सबूत और चैट मौजूद हैं, जो वह पुलिस को सौंप चुकी हैं।

गाजियाबाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता से लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। प्रारंभिक स्तर पर जांच शुरू कर दी गई है। प्रकरण 2023 से संबंधित है इसलिए तथ्यों के आधार पर इसकी जांच की जा रही है। अभिनेत्री द्वारा प्रस्तुत किए गए डिजिटल सबूतों की भी जांच की जा रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई मामले में की जाएगी। वहीं, फिलहाल उत्तर कुमार की ओर से इस पूरे मामले पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## इंडोनेशिया के बाली द्वीप के पास जहाज डूबा



### 65 लोगों को ले जा रहा था, 4 की मौत, 38 लापता

**बाली, एजेंसी।**
इंडोनेशिया के बाली रिसॉर्ट द्वीप के पास गुरुवार को 65 लोगों को ले जा रही एक जहाज के डूबने से 4 लोगों की मौत हो गई और 29 को बचा लिया गया है। जबकि 32 लोग अब भी लापता हैं। केएमपी टुनु प्रतामा जया नामक ये जहाज पूर्वी जावा के केतापांग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह जा रही थी, यह 50 किलोमीटर का सफर था। रवाना होने के करीब 30 मिनट बाद यह डूब गई। जहाज पर करीब 53 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे, साथ ही 22 वाहन भी थे, जिनमें कई ट्रक भी शामिल थे। स्थानीय पुलिस और जांच एजेंसी जहाज के डूबने के कारणों का पता कर रही है।

**लापता लोगों की तलाश कर रही एजेंसी:** सुरबाया बचाव एजेंसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा- जहाज स्थानीय समयानुसार रात के लगभग 11 बजकर 20 मिनट पर डूबी। बचाव के लिए नौ बोट जिनमें टगबोट और इन्फ़्लेटेबल जहाज शामिल हैं, सक्रिय रूप से लापता लोगों की तलाश कर रही हैं। दो मीटर तक ऊंची लहरों के कारण बचाव दल को लोगों को ढूंढने में परेशानी हो रही है। राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी का कहना है कि जब तक सभी लापता लोगों का पता नहीं चल जाता, तब तक प्रयास जारी रहेंगे।

**3 जनवरी को बोट डूबने से 8 की मौत हुई थी:** इंडोनेशिया के मालुकु में 3 जनवरी 2025 को एक स्पीडबोट 2 नोना डूब गई थी। यह बोट सेराम भागियन बारात से अम्बोन जा रही थी। रास्ते में यह एक तैरते लकड़ी के लट्ठे से टकरा गई, जिससे इसका पतवार टूट गया और यह डूब गई। बोट में 30 यात्री सवार थे, जिनमें से 8 की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## एस्टोनिया में रेस्तरां और सुपरमार्केट में आग लगाने की साजिश का खुलासा

**टालिन, एजेंसी।**
एस्टोनिया की एक अदालत ने बुधवार को कहा कि पिछले साल एक रेस्तरां और सुपरमार्केट में आग लगाने की घटना रूस की खुफिया एजेंसी जीआरयू द्वारा करवाई गई थी। यह हमला यूरोप में हुई कई ऐसी घटनाओं में से एक है, जिनके पीछे रूस का हाथ होने का शक पश्चिमी देशों ने जताया है। इन घटनाओं का मकसद पश्चिमी देशों के भीतर डर और अस्थिरता फैलाना और यूक्रेन के समर्थन को कमजोर करना है। एस्टोनिया के हरजु काउंटी कोर्ट ने बताया कि इस आगजनी की घटना को दो मौल्दोवा के नागरिकों ने अंजाम दिया। दोनों आपस में चचेरे भाई हैं और दोनों का नाम इवान चिहाईल है। एक को 6 साल 6 महीने की सजा दी गई है। दूसरे को 2 साल 6 महीने की सजा मिली है, क्योंकि वह सिर्फ साथ था लेकिन उसे जीआरयू के बारे में जानकारी नहीं थी। 2024 में पहले आरोपी ने जीआरयू के कहने पर ट्रायल के तौर पर दक्षिण-पूर्वी एस्टोनिया के ओसूला गांव में एक सीओ -ओपी सुपरमार्केट में आग लगाई। अगले दिन उसे राजधानी टालिन में स्लावा यूक्राइना नामक रेस्तरां को जलाने का आदेश मिला।

# म्यांमार में 4.1 की तीव्रता से कांपी धरती, भूकंप के झटकों से दहशत में आए लोग

**नाएप्यीडॉ , एजेंसी।**
म्यांमार में सुबह-सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.1 मापी गई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग दहशत में आए गए और अपने घरों से बाहर आ गए। सड़कों पर लोगों के बीच अफरातफरी देखी गई। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार, गुरूवार सुबह 6.10 बजे आए भूकंप का केंद्र 10 किमी की उथली गहराई पर था।

एनसीएस के मुताबिक, उथले भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उथले भूकंपों से भूकंपीय तरंगों को सतह तक आने के लिए कम दूरी होती है, जिसके कारण जमीन में अधिक कंपन होता है और संभावित



रूप से संरचनाओं को अधिक नुकसान होता है।

बता दें कि म्यांमार मध्यम और बड़ी तीव्रता के भूकंपों के खतरों के प्रति संवेदनशील है। यहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। इससे पहले 1 जुलाई को रिक्टर स्केल पर 4.2 तीव्रता का एक और भूकंप 135 किलोमीटर की गहराई पर आया था। इसी साल 28 मार्च को 7.7 तीव्रता के भूकंप ने म्यांमार में भीषण तबाही मचाई थी। इस भूकंप में 3500 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। भूकंप का केंद्र मेंडले और सेगेंग शहरों की सीमा पर जमीन के 10 किलोमीटर भीतर था। भूकंप के चलते बुनियादी ढांचे, सड़कें और रिहायशी इमारतों को भारी नुकसान हुआ। भूकंप के झटके न सिर्फ म्यांमार बल्कि पड़ोसी देशों में भी महसूस किए गए। थाईलैंड का चियांग मेई शहर में भी इस भूकंप के चलते काफी नुकसान हुआ।

धरती मुख्य तौर पर चार परतों से बनी होती हैं। इनर कोर, आउटर कोर, मैनटल और क्रस्ट। क्रस्ट और ऊपरी मैन्टल कोर को लिथोस्फेयर कहते हैं। ये 50 किलोमीटर की मोटी परत कई वर्गों में बंटी हुई है जिसे टेक्टोनिक प्लेट्स कहते हैं। ये टेक्टोनिक प्लेट्स अपनी जगह पर कंपन करती रहती हैं और जब इस प्लेट में बहुत ज्यादा कंपन हो जाती हैं, तो भूकंप महसूस होता है।

भूकंप का केंद्र वह स्थान होता है जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से धरती हिलने लगती है। इस स्थान पर या इसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप का असर ज्यादा होता है। अगर रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है।

**3 लाख मौतें, अरबों की बर्बादी! इस देश पर महाभूकंप का साया, मचेगी तबाही:** दुनियाभर में भूकंपों के लिए संवेदनशील देशों की सूची में सबसे ऊपर रहने वाला जापान एक बार फिर गंभीर प्राकृतिक आपदा के खतरे से जूझ रहा है। नानकाई ट्रफ में एक विनाशकारी भूकंप जिसे 'मेगाक्वेक' कहा जा रहा है—की आशंका ने जापानी प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियों को गंभीर अलर्ट मोड में ला दिया है।

नानकाई ट्रफ जापान के दक्षिणी तट से सटे समुद्री क्षेत्र में स्थित एक लगभग 900 किलोमीटर लंबी सबडक्शन ज़ोन है, जहाँ फिलीपीन सागर प्लेट लगातार यूरोशियन प्लेट के नीचे खिसक रही है। यह टेक्टोनिक गतिविधि किसी भी समय तीव्रता 8 से 9.1 तक के भूकंप का कारण बन सकती है।

इतिहास के अनुसार, नानकाई ट्रफ में हर 100-150 वर्षों में एक भीषण भूकंप आता है। पिछली बार यहाँ 1944 और 1946 में बड़े भूकंप आए थे, लेकिन उसके बाद से यह क्षेत्र दबाव से भरा हुआ है, जिसे विशेषज्ञ सीस्मिक गैप कहते हैं – और यह बहुत बड़े झटके की ओर इशारा कर रहा है।

2,98,000 लोगों की संभावित मौत, जिसमें अधिकांश मौतें सुनामी (2,15,000) और भवन गिरने (73,000) से होंगी। लगभग 23.5 लाख इमारतें पूरी तरह ध्वस्त हो सकती हैं। अनुमानित आर्थिक नुकसान 2 ट्रिलियन डॉलर (अ270 ट्रिलियन येन) से अधिक हो सकता है – यह 2011 के तोहोकु भूकंप से दोगुना है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, प्रभावित क्षेत्रों को तैयार होने के लिए केवल 1 से 2 मिनट का समय मिल सकता है। टोक्यो सहित 13 तटीय प्रांतों में 10 मीटर से ऊंची सुनामी लहरें आने का अनुमान है। यह लहरें 5 से 15 मिनट के भीतर तटों से टकरा सकती हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129